वर्ष-07 - अंक 319
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
बुधवार, 26 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

योगी सरकार के 'निपुण मॉडल' को समझने..... 3
बीमार अस्पताल कर रहे हैं बीमारी का इलाज..... 4
ग्रामीण राइसमिल व फ्लोर मिल की राख और कीड़ों से परेशान..... 11

# नौसेना में शामिल होगा 'निपुण'

## पनडुब्बी बचाव और गहरे समुद्र में गोताखोरी में निभाएगा अहम भूमिका

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय नौसेना की समुद्री क्षमता को और मजबूती मिलने जा रही है। स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट पोत 'निपुण' को 31 अगस्त को भारतीय नौसेना के बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा। निस्तार श्रेणी का यह दूसरा डाइविंग सपोर्ट पोत है, जिसे विशेष रूप से गहरे समुद्र में गोताखोरी, पानी के नीचे जटिल अभियानों और पनडुब्बी बचाव कार्यों में सहायता के लिए तैयार किया गया है। 'निपुण' में अत्याधुनिक गोताखोरी प्रणालियां लगाई गई हैं, जिनकी मदद से कठिन समुद्री परिस्थितियों में गोताखोर लंबे समय तक पानी के भीतर अभियान चला सकेंगे। पानी के नीचे किसी वस्तु की जांच, जटिल हस्तक्षेप अभियान अथवा अन्य समुद्री कार्यों में भी यह पोत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पोत में गोताखोरी के साथ पानी के नीचे हस्तक्षेप और चिकित्सकीय सहायता के लिए विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इसकी आधुनिक प्रणालियां गोताखोरों की सुरक्षा और अभियानों की प्रभावशीलता बढ़ाने में मदद करेंगी। 'निपुण' का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारतीय नौसेना की पनडुब्बी बचाव क्षमता को मजबूत करना होगा। समुद्र की गहराई में किसी पनडुब्बी के संकट में फंसने की स्थिति में ऐसे विशेष पोत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'निपुण' गोताखोरों और

पानी के भीतर संचालित बचाव अभियानों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। नौसेना के अनुसार, 'निपुण' में आधुनिक नौवहन और पोत प्रबंधन प्रणालियां लगाई गई हैं। इसमें सटीक स्थिति बनाए रखने की क्षमता है, जिससे पानी के नीचे जटिल अभियानों के दौरान पोत को निर्धारित स्थान पर स्थिर रखा जा सकेगा। इससे गोताखोरों को लगातार और सुरक्षित सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। 'निपुण' का डिजाइन और निर्माण भारत में ही किया गया है। इसे विशाखापत्तनम स्थित हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने तैयार किया है। स्वदेशी तकनीक से निर्मित इस पोत को भारतीय रक्षा जहाज निर्माण क्षमता की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। व्यापक उपकरण स्थापना और परीक्षणों के बाद 'निपुण' को 30 जुलाई 2026 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। अब 31 अगस्त को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित समारोह के दौरान इसे औपचारिक रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। 'निपुण' के पोत-चिह्न में व्हेल और आधुनिक गोताखोरी हेलमेट को प्रमुखता दी गई है। व्हेल समुद्र की अत्यधिक गहराई में जाने और लंबे समय तक पानी के भीतर रहने की क्षमता का प्रतीक है। वहीं गोताखोरी हेलमेट इस पोत के प्रमुख सहयोगी गोताखोरों और उनकी सुरक्षा को दर्शाता है। दोनों प्रतीक मिलकर 'निपुण' की भूमिका

**'निपुण' में अत्याधुनिक गोताखोरी प्रणालियां लगाई गई हैं, जिनकी मदद से कठिन समुद्री परिस्थितियों में गोताखोर लंबे समय तक पानी के भीतर अभियान चला सकेंगे। पानी के नीचे किसी वस्तु की जांच, जटिल हस्तक्षेप अभियान अथवा अन्य समुद्री कार्यों में भी यह पोत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पोत में गोताखोरी के साथ पानी के नीचे हस्तक्षेप और चिकित्सकीय सहायता के लिए विशेष सुविधाएं भी उपलध हैं। इसकी आधुनिक प्रणालियां गोताखोरों की सुरक्षा और अभियानों की प्रभावशीलता बढ़ाने में मदद करेंगी। 'निपुण' का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारतीय नौसेना की पनडुबी बचाव क्षमता को मजबूत करना होगा। समुद्र की गहराई में किसी पनडुबी के संकट में फंसने की स्थिति में ऐसे**

को स्पष्ट करते हैं–समुद्र की गहराई तक गोताखोरों को पहुंचाना, लंबे अभियानों के दौरान उन्हें आवश्यक सहायता और सुरक्षा देना तथा अभियान पूरा होने के बाद उन्हें सुरक्षित वापस लाना।

# यूपी कैबिनेट के 24 बड़े फैसले

## बुजुर्ग महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

**लखनऊ(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 24 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में बुजुर्ग महिलाओं को रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा, युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए 25 लाख टैबलेट की खरीद सहित कई अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत प्रदेश की 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सभी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को उम्र और पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। सरकार के अनुसार, योजना से प्रदेश की एक करोड़ से अधिक बुजुर्ग महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

सरकार का मानना है कि निशुल्क यात्रा की सुविधा से बुजुर्ग महिलाओं को आवागमन में आर्थिक राहत मिलेगी और वे प्रदेश में आसानी से यात्रा कर सकेंगी। कैबिनेट ने ऐसे बुजुर्ग माता-पिता के हित में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिनकी संतान उनकी देखभाल नहीं करती। प्रस्ताव के तहत बुजुर्गों को अपनी संपत्ति से ऐसी संतान को बेदखल करने का अधिकार देने की व्यवस्था को मंजूरी दी गई है। सरकार का उद्देश्य बुजुर्गों

को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। कैबिनेट ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट खरीदने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। टेंडर प्रक्रिया में चयनित संस्थाओं को क्रय आदेश जारी किए जाएंगे। ये टैबलेट पात्र युवाओं को निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार के मुताबिक, पांच वर्ष के लिए लागू इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को डिजिटल संसाधनों से जोड़ना और उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के लिए 2,374.60 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास और विभिन्न तकनीकी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अध्ययनरत पात्र युवाओं को टैबलेट दिए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से पढ़ाई करने के साथ ऑनलाइन प्रशिक्षण, रोजगार, स्वरोजगार और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इस निर्णय से उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से जुड़े पंजीकृत युवाओं को लाभ मिलेगा। डिजिटल संसाधनों तक आसान पहुंच से प्रशिक्षण की गुणवत्ता बेहतर होने के साथ युवाओं की रोजगारपरक दक्षता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। सरकार का कहना है कि युवाओं को केवल डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ना भी योजना का महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

# पुरानी पेंशन समेत मांगों को लेकर पूर्व अर्धसैनिक कर्मी करेंगे भूख हड़ताल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और सीएपीएफ के नए कानून को वापस लेने समेत विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों ने आंदोलन का ऐलान किया है। इन मांगों के समर्थन में दिल्ली के जंतर-मंतर पर 12 से 18 नवंबर तक सात दिवसीय धरना और सांकेतिक भूख हड़ताल की जाएगी। इस संबंध में अलायन्स ऑफ ऑल एक्स पैरा मिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय को नोटिस दिया गया। एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह ने दोनों कार्यालयों में नोटिस सौंपते हुए प्रस्तावित आंदोलन की जानकारी दी। एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह के मुताबिक, आंदोलन का निर्णय संगठन की कोर कमेटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से लिया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर संगठन पिछले 11 वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहा है, लेकिन सरकार की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय आंदोलन में

देशभर से पूर्व अर्धसैनिक कर्मी और उनके परिवार जंतर-मंतर पहुंचकर धरना देंगे और सांकेतिक भूख हड़ताल में शामिल होंगे। एसोसिएशन का कहना है कि सीएपीएफ कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री कार्यालय को कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक संगठन के प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया है। एसोसिएशन ने कहा कि संसद भवन से लेकर देश की सीमाओं तक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सीएपीएफ जवानों और उनके परिवारों की मांगों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। संगठन के अनुसार, लगातार अनदेखी के कारण पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों और सीएपीएफ परिवारों के सामने आंदोलन का रास्ता अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

# सशक्त बहना उत्सव' में सीएम धामी ने खरीदे स्थानीय उत्पाद

## 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने की अपील

**देहरादून(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित 'सशक्त बहना उत्सव' के तहत स्वयं सहायता समूहों की ओर से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानीय उत्पादों की खरीदारी की और प्रदेशवासियों से आगामी त्योहारों में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों की खरीदारी से उत्तराखंड की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तैयार किए जा रहे उत्पाद प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और स्थानीय हुनर की पहचान हैं। इन उत्पादों को बाजार मिलने से महिलाओं की आजीविका मजबूत होती है और उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों का समय स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रदेशवासियों को त्योहारों पर उपहार और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी में स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक प्राथमिकता देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर तैयार प्रत्येक उत्पाद की खरीद किसी न किसी परिवार की आय बढ़ाने में योगदान देती है। इससे महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिलने के साथ प्रदेश की स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है।

## चमोली में मैक्स वाहन पलटा, तीन छात्राएं घायल; हायर सेंटर रेफर

**चमोली।** स्वतंत्र प्रभात संवाददाता। मंगलवार देर शाम मींग गधेरा-डांगतोली मोटर मार्ग पर एक मैक्स टैक्सी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में वाहन में सवार महाविद्यालय मींग की तीन छात्राएं घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने घायल छात्राओं को निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणबगड़ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, मैक्स टैक्सी मींग गधेरे से निलाड़ी-सनेड़ की ओर जा रही थी। इसी दौरान डांगतोली गांव के पास वाहन चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और मैक्स सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में वाहन में सवार तीनों छात्राओं को चोटें आईं। घायलों की पहचान ममता (18) पुत्री यशपाल सिंह, लक्ष्मी (18) पुत्री कुंवर सिंह और खुशबू (18) पुत्री शिशुपाल सिंह के रूप में हुई है। तीनों छात्राएं मैदुनी गांव की निवासी बताई गई हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### नगर पंचायत को मिली 14 करोड़ की सौगात -सुधा

वार्डो में बनेंगे सीसी रोड व नाले

**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत रुद्रपुर में विकास कार्यों की झड़ी लग रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के सहयोग से 14 करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत हुई है। उक्त बातें चेयरमैन सुधा निगम ने अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि उक्त धनराशि दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत प्राप्त हुई है। जिसमें से 904.59 लाख की लागत से नगर पंचायत के सभी वार्डों में सीसी रोड व नालों का निर्माण कराया जायेगा। शेष धनराशि अन्य विकास कार्यों में खर्च की जायेगी। इस धनराशि से नगर पंचायत की सूरत बदलेगी और जन सुविधाएं बढ़ेंगी। प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम व सभासद भी मौजूद रहे।

### नीम का पत्ता तोड़ने छत पर चढ़े 58 वर्षीय अधेड़ की गिरकर मौत

**दुर्गागंज।** थाना दुर्गागंज क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव में सोमवार की शाम नीम का पत्ता तोड़ने छत पर चढ़े 58 वर्षीय उमाशंकर बिंद की छत से गिरने के बाद मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि उमाशंकर बिंद सोमवार शाम करीब छह बजे नीम का पत्ता तोड़ने के लिए छत पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए भदोही ले गए, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर लेकर जा रहे थे, लेकिन करीब साढ़े आठ बजे रास्ते में चोरी बाजार के पास उनकी मौत हो गई। उमाशंकर के बेटे मदन ने बताया कि उनके पिता नीम का पत्ता तोड़ने के लिए छत पर गए थे, जहां अचानक गिरने से उनकी जान चली गई। उमाशंकर के दो बेटे मदन और पवन हैं। मदन की शादी हो चुकी है, जबकि पवन अभी अविवाहित है और परीक्षा देने के लिए लखनऊ गया था। पिता की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नहीं संभल रहा जिला पुलिस के उच्च अधिकारियों से थानों पर बिना रुपया लिए नहीं होती है कोई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है नहीं हो रही थानों पर कार्रवाई जिले के जिम्मेदार उच्च अधिकारी से नहीं संभाल रहा है जिला हर थाने पर हत्याएं लूट बलात्कार जैसी जघन्य घटनाएं हो रही है ताजा मामला लालगंज थाना क्षेत्र केलालगंज के मनीष पाण्डेय हत्याकांड के बाद परिजनों और ग्रामीणों में उबाल पुलिस कर शैली पर उठ रहे सवाल जनपद के सभी थानों में आम जनता को नहीं मिल रहा है न्याय आईजीआरएस पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही है जनपद में घटनाओं पर घटनाएं हो रही है पुलिस कुंभकरण नींद में सो रही है ताजा मामला लालगंज थाना क्षेत्र के मारपीट के दौरान मनीष पांडे की मौत के बाद आम जनता में उबाल गुस्से के कारणपीएम होने के बाद शव लेकर ग्रामीण पुलिस चौकी के सामने दे रहे धरना। लालगंज साह्ब से नहीं संभल रहा थाना कुर्सी मिलते ही अपराधों की बाढ़ आ गई है अपराध नहीं कंट्रोल हो रहा है जिले के

अधिकारियों से और थाना अध्यक्षों से क्योंकि जब मोटी रकम ले लेते हैं तो गुनाह करने वाले अपराधी सक्रिय नजर आते हैंजब से तैनात हुए साह्ब विनय पाठक तक से 4 दरोगा हो चुके लाइन हाजिर।

**हत्या, चोरी जैसी घटनाएं आम, लगातार वारदातों से क्षेत्र में दहशत।**

**थानेदार के कार्यकाल और कार्यशैली से अब तक तीन हत्याओं पर सवाल।**

**अपराध रोकने में नाकामी के बीच अपनी कुर्सी बचाने की जद्दोजहद जारी।**

**लालगंज के चार दरोगाओं पर कार्वाई के बाद भी अपराधियों के हौसले बुलंद।**

फिर हत्या से दहला लालगंज, पीट पीट मनीष पाण्डेय की बेरहमी से हत्या। कार्यवाही को लेकर लाश रखकर परिजन और ग्रामीण दे रहे हैं धरना लेकिन मौ के पर कोई उच्च अधिकारी नहीं पहुंचा।

**परिजनों का आरोप,** दबंग घंटों मारपीट करते रहे लेकिन नहीं पहुंची पुलिस क्योंकि पुलिस विपक्षी से मोटी रकम लिया था के कारण घटनास्थल पर पहुंचने में कई घंटा लगा दिया जिससे मारपीट में घायलों में एक की मौत हो गई मनीष पांडे नाम युवक की दर्दनाक मौत के घंटे बाद पुलिस पहुंचती है शर्मनाक है बस्ती जिले के पुलिस कार्य प्रणाली से आम जनमानस को न्याय नहीं मिल रहा जगह-जगह पुलिस की रवैया के कारण आईजीआरएस पर फर्जी रिपोर्ट की झड़ी लगाने के कारण हत्याएं हो रही है कुंभ करनीनींद में पुलिस की जिम्मेदार अधिकारी सो रहे हैं।

परिजनों की माने हत्या की सूचना के करीब तीन घंटे बाद पहुंचे हैं थानेदार ऐसे थाना अध्यक्षों को तुरंत बर्खास्त करना चाहिए लेकिन पुलिस अधीक्षक कोवाही में पुलिस

**» नहीं सुधार पा रहे हैं बस्ती पुलिस अधीक्षक सभी थानों के थाना अध्यक्षों और पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक भारत जिले के छावनी थाना क्षेत्र में मौत हुई**

की सक्रियता और अपराध नियंत्रण की रणनीति पर सवाल खड़ा कर रहा लेकिन फिर भी पुलिस अधीक्षक के लापरवाही के कारण लालगंज थाने में घटनाओं पर घटना हो रही है लेकिन समय से अधिक रह रहे दरोगा और पुलिस कर्मियों को हटाने का काम नहीं कर रहे हैं था पुलिस अधीक्षक जिसके चलते क्षेत्र में हत्या लूट बलात्कार राह जनी होती रहती हैकृपा से चलेगा थाना या अपराधियों पर अब वास्तव में कसा जाएगा शिकंजा? महसों पूरब टोला मनीष हत्याकांड ने फिर खोली लालगंज थानेदार की पोलखोल दी फिर भी पुलिस अधीक्षक महोदय थाना अध्यक्ष विनय पाठक को नहीं हटा रहे हैं इसी कारण कानून व्यवस्था जीरो पर चली गई है गाना अध्यक्षों की मनमानी का कारण कि अपने उच्च अधिकारियों को जनता से लिए गए धन का हिस्सा ऊपर तक पहुंचाते हैं जिससे उनकी पैठ बनी रहती है।

## रक्षाबंधन से पहले खाद्य विभाग का अभियान, मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर कसेगा शिकंजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में आगामी रक्षाबन्धन पर्व के दृष्टिगत सहायक आयुक्त खाद्य/अभिहित अधिकारी चितरंजन कुमार के नेतृत्व में मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थ के विक्रय पर नियंत्रण हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने जनपद में खाद्य नमूना संकलन करते हुये प्रवर्तन की कार्यवाही की।प्रवर्तन दल द्वारा मंगलवार को अभिसूचना के आधार पर वाहन संख्या- यू.पी.-78 एलएन-8348 को बड़ेवन के पास निरीक्षण के दौरान लगभग 9 क्विंटल खोया तथा 01 क्विंटल बूंदी दाना जो उन्नाव से बस्ती तथा गोरखपुर जा रहा था, जिसे सन्देह के अधार पर कार्यवाही करते हुये खाद्य पदार्थ खोया के 04 तथा लड्डू दाना के 01 नमूनें संग्रहित कर राजकीय खाद्य विश्लेषक को जांच हेतु प्रेषित किया जा रहा है तथा खोया को जब्त कर विनष्टीकरण की कार्यवाही की जा रही है। यह अभियान पूर्व से चल रहा है अभी तक खाद्य पदार्थ-पनीर, लड्डू, खोया, रंगीन चिप्स के कुल 08 नमूनें संग्रहित करते हुये साफ-सफाई तथा स्वच्छता हेतु कुल 08 खाद्य कारोबारकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया है।

खाद्य टीम द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियमावली 2011 के प्रावधानों के अन्तर्गत विक्रय व विनिर्माण की दशाओं के प्रति जागरूक किया गया तथा शुद्ध व सुरक्षित खाद्य पदार्थों के विक्रय के निर्देश दिये गये। खाद्य टीम में संजय कुमार तिवारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सुभेष कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार वर्मा, नरेश कुमार तिवारी एवं श्रीमती अंकिता खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहें। यह अभियान मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरूद्ध निरन्तर जारी रहेगा।

## लाइफ लाइन हॉस्पिटल में नवजात की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के दक्षिण दरवाजा रोड स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक नवजात की मौत का मामला सामने आया है। नवजात की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझाकर शांत कराया। स्थिति को देखते हुए अस्पताल परिसर में पुलिस बल भी तैनात किया गया। परिजनों का आरोप है कि नवजात के इलाज में अपेक्षित सावधानी नहीं बरती गई, जिसके चलते उसकी मौत हुई। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। नवजात की मौत का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि उक्त अस्पताल पहले भी विवादों और शिकायतों को लेकर सुर्खियों में रहा है। ऐसे में नवजात की मौत के बाद एक बार फिर अस्पताल की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले के तूल पकड़ने के बाद अस्पताल के नाम में बदलाव किए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि पूर्व में भी अस्पताल को लेकर शिकायतें सामने आई थीं, तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अब बड़ा सवाल यह है कि नवजात की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय करेगा या मामला जांच तक सीमित रह जाएगा। फिलहाल पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल परिसर की स्थिति शांत है और पूरे मामले में जांच व कार्रवाई का इंतजार है।

## गोबर फेंकने को लेकर कहासुनी के बाद युवक की मौत, ग्रामीणो ने नकारा मारपीट का मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केछावनी थाना क्षेत्र के ग्राम गोड़सरा तिवारी में सोमवार देर शाम गोबर फेंकने को लेकर हुई कहासुनी के बाद एक व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ने से हुई मौत। सूचना पर पहुंची तत्काल मौका-ए-वारदात थाना प्रभारी छावनी राणा डी.पी.सिंह हमराह पुलिस के साथ पंहुचकर मामले की जांच की। ग्रामीणों एवं स्वतंत्र व्यक्तियों से पूछताछ में मारपीट की घटना की पुष्टि नहीं हुई है पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम करीब छह बजे गोबर फेंकने को लेकर फूलचंद यादव (45) वर्षीय दूसरे पक्ष के बीच कहासुनी हुई थी। मामला शांत होने के बाद दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गए। इसके कुछ समय बाद फूलचंद अपने घर पर जोर-जोर से चिल्लाते हुए गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज कर अपने बेटे को उसके पिता ने भी उसे ऐसा करने से मना किया। पिता के मुताबिक व

ग्रामीणों के अनुसार वह लगातार जोर-जोर चिल्ला रहा था, जिसके बाद वह अचानक जमीन पर गिर गया और उसकी आवाज बंद हो गई। रात करीब 11 बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली। प्रभारी निरीक्षक छावनी राणा डी.पी.सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। फूलचंद यादव घर पर बेहोशी की हालत में मिला। उसे डायल-108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतक के शरीर पर प्रथम दृष्टया कोई जाहिरा चोट नहीं मिली है। जांच के दौरान ग्रामीणों और स्वतंत्र लोगों से पूछताछ में मारपीट की घटना का पुष्टि नहीं हो पा ई पुलिस ने बताया कि मृतक शराब का अत्यधिक सेवन करता था और उसकी एक किडनी भी खराब थी। चिकित्सकों ने उसे शराब का सेवन न करने की सलाह दी थीप्राथमिक जांच में पुलिस को मारपीट के बजाय अचानक स्वास्थ्य संबंधी कारणों से मौत होने की आशंका है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। पुलिस द्वारा पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है तथा फील्ड यूनिट की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। घटना के बाद गांव में शांति व्यवस्था कायम है। एहतियातन एक उपनिरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य जांच के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।

### गन्ना मूल्य भुगतान में तेजी लाने का जिलाधिकारी ने दिया सख्त निर्देश

देवरिया, 25 अगस्त। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यकक्ष में बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल लिमिटेड, प्रतापपुर के गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की गई। बैठक में मिल पर बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर डीएम ने कड़े निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान मिल के अध्याशी नवीन कुमार ने लिखित रूप से बताया कि बजाज समूह की उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कुल 14 चीनी मिलें संचालित हैं। इन मिलों से भुगतान के बाद प्राप्त होने वाली धनराशि से प्रतापपुर इकाई के अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने मिल अध्याशी को आवश्यक धनराशि की तत्काल व्यवस्था कर अवशेष गन्ना मूल्य का यथाशीघ्र भुगतान करने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। चीनी की कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिए गए हैं।

## रक्षासूत्र बांधकर बच्चों ने पुलिस के साथ मनाया रक्षाबंधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**एसपी समेत पुलिस अधिकारियों को राखी बांध बच्चों ने दिया सुरक्षा और विश्वास का संदेश**

**बलरामपुर।** रक्षाबंधन पर्व पर मंगलवार को किडजी प्री स्कूल, बलरामपुर के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आत्मीयता से पर्व मनाया। बच्चों ने पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह समेत पुलिस परिवार के सदस्यों को रक्षासूत्र बांधकर सुरक्षा, सम्मान और विश्वास का संदेश दिया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ पहुंचे बच्चों ने पुलिस अधीक्षक को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक अशोक सिंह, पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय और होमगार्ड कमांडेंट शिवेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी राखी बांधी।

बच्चों ने अपने हाथों से बनाए ग्रीटिंग कार्ड, रक्षा सूत्र और मिठाइयां पुलिस अधिकारियों को भेंट कीं। बच्चों के स्नेह से पुलिस कार्यालय का माहौल खुशनुमा हो गया। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के प्रेम के साथ सुरक्षा, सम्मान और विश्वास का भी प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अनुशासन का पालन करते हुए देश व समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एसपी ने बच्चों को चॉकलेट और उपहार भी दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पुलिस के प्रति मित्रता और विश्वास की भावना विकसित करने के साथ पुलिस एवं आमजन के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिना डीएम की अनुमति भुगतान पर घिरे सचिव, डीपीआरओ की भूमिका पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** परसरामपुर विकासखंड में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद कथित तौर पर बिना जिलाधिकारी की अनुमति के भुगतान किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) घनश्याम सागर की भूमिका को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि डीपीआरओ ने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) परसरामपुर को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब मांगा था। **सूत्रों के अनुसार,** बीडीओ परसरामपुर की ओर से नोटिस का जवाब डीपीआरओ को दिया जा चुका है। इसके बावजूद संबंधित सचिवों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई, इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। इससे विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। **बिना अनुमति भुगतान का आरोप** मामले में सचिव राज मंगल दूबे, अभिषेक सोनी, अर्चना वर्मा, अजीत सिंह, आलोक कुमार दिवाकर, तौफीक खान और गिरजेश

वर्मा समेत अन्य सचिवों पर ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद कथित तौर पर बिना जिलाधिकारी की अनुमति के भुगतान किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो भुगतान प्रक्रिया में शामिल जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय होना जरूरी है।

**नोटिस के जवाब के बाद कार्रवाई पर सवाल** बताया जा रहा है कि जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय की ओर से मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी को नोटिस दिया गया था। बीडीओ द्वारा जवाब दिए जाने के बाद भी संबंधित सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने को लेकर चर्चाएं तेज हैं। सूत्रों का यह भी दावा है कि मामले में दोबारा नोटिस जारी किए जाने की तैयारी है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

**सेवानिवृत्ति को लेकर भी उठ रहे** सवाल डीपीआरओ घनश्याम सागर के अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त होने की बात कही जा रही है। इसी को लेकर कुछ लोग विभागीय मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि उनके विरुद्ध मामलों को लेन-देन के जरिए निपटाने संबंधी लगाए जा रहे आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे गंभीर आरोपों पर संबंधित अधिकारी का पक्ष सामने आना भी आवश्यक है। **जांच और कार्रवाई की मांग** मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि बिना जिलाधिकारी की अनुमति के भुगतान किए जाने की शिकायत सही है तो जिम्मेदार सचिवों और संबंधित अधिकारियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई? साथ ही भुगतान की पूरी प्रक्रिया की जांच कराकर सरकारी धन के संभावित दुरुपयोग की स्थिति में जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग उठ रही है। मीडिया टीम ने मामले में डीपीआरओ का पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। उनका पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

## जनपद अमेठी के लिए चयनित 48 प्राविधिक सहायकों (ग्रुप-सी) को मिला नियुक्ति पत्र

### मुख्यमंत्री ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के तहत लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भव्य नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि विभाग एवं उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से कृषि विभाग में नवचयनित 3,446 प्राविधिक सहायकों (ग्रुप-सी) तथा मंडी परिषद में श्रेणी-3, वर्ग-2 के 126 मंडी सचिवों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार युवाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं भ्रष्टाचारमुक्त भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नवचयनित अभ्यर्थी अपनी कर्मठता, ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवाभाव के साथ कार्य करते हुए प्रदेश की कृषि व्यवस्था एवं मंडी प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। जनपद अमेठी के लिए यह अवसर विशेष महत्व का रहा, जहां जनपद के लिए चयनित कुल 48 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति-पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की सराहना करते हुए अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद अमेठी से उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कृषि विभाग एवं मंडी परिषद में उनकी नियुक्ति किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने तथा कृषि क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध होगी।

## उच्च मूल्य के विलेखों का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** स्टाम्प एवं पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और स्टाम्प शुल्क के संभावित करापवंचन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने मंगलवार को उच्च मूल्य के कई विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों में दर्ज संपत्तियों की प्रकृति और मौके पर उनके वास्तविक उपयोग की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सदर उपनिबंधक कार्यालय के अर्द्धनगरीय क्षेत्र के ग्राम महादेव मिश्र में पंजीकृत दो उच्च मूल्य के विलेखों की मौके पर जांच की। इनमें लेखपत्र संख्या 6395/2026 की मालियत 3 करोड़ 21 लाख 57 हजार रुपये दर्ज है और संपत्ति आवासीय दर्शाई गई है। वहीं लेखपत्र संख्या 6396/2026 की मालियत 10 करोड़ 27 लाख 2 हजार रुपये है। मौके पर स्थापित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने अभिलेखों में दर्ज विवरण और संपत्ति के वास्तविक उपयोग की स्थिति को परखा। इसके साथ ही व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स से लगे नगरीय क्षेत्र के रिहायशी

मकान का भी जायजा लिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्र के मोहल्ला अचलापुर, सिविल लाइन स्थित लेखपत्र संख्या 5995/2026 का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उक्त विलेख की मालियत 4 करोड़ 73 लाख 83 हजार रुपये दर्ज है। संपत्ति में दो मंजिला रिहायशी मकान के साथ खाली भूमि शामिल है। जिलाधिकारी ने मौके की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अभिलेखों और वास्तविक स्वरूप का मिलान किया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

**बड़े विलेखों की नियमित हो जांच**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उच्च मूल्य के विलेखों की नियमित स्थलीय जांच कराई जाए, ताकि संपत्ति की वास्तविक प्रकृति एवं उपयोग के अनुरूप स्टाम्प शुल्क का निर्धारण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना और शासन के राजस्व हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान यदि स्टाम्प शुल्क में कमी, अभिलेखों में दर्ज विवरण और संपत्ति के वास्तविक स्वरूप में अंतर अथवा किसी अन्य अनियमितता के कारण राजस्व क्षति का मामला सामने आता है तो संबंधित प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई की जाए। डीएम ने स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग के अधिकारियों को उच्च मूल्य की संपत्तियों और विलेखों की सतत निगरानी करने तथा नियमित जांच के माध्यम से करापवंचन पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एआईजी स्टाम्प सुनील कुमार समेत संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### औराई पुलिस ने वांछित अभियुक्त अंकित बरनवाल को किया गिरफ्तार

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत औराई पुलिस ने गंभीर अपराधों में वांछित अभियुक्त अंकित बरनवाल को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ थाना औराई में स्वेच्छा से चोट पहुंचाने, आपराधिक धमकी, उकसाने तथा अवैध रूप से बंधक बनाने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस के अनुसार थाना औराई में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 356/2026 में धारा 115(2), 352, 351(3), 109(1), 117(2) एवं 127(1) बीएनएस के तहत अंकित बरनवाल नामजद था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से वह पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार छिप रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में औराई पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घेराबंदी की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 अगस्त 2026 को घोसिया अंडरपास के पास सर्विस लेन से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर बलरामपुर पुलिस की ओर से मंगलवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति जनजागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं मिशन शक्ति अभियान के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीमों ने गांवों, कस्बों और विद्यालयों में पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने ग्राम चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान दहेज प्रथा, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट तथा गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। पुलिस ने बाल विवाह और दहेज प्रथा को सामाजिक

कुरीति के साथ-साथ दंडनीय अपराध बताते हुए लोगों से इनके खिलाफ जागरूक रहने की अपील की। महिलाओं और बालिकाओं को आपात स्थिति में मदद के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इनमें वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

पुलिस टीमों ने थाना स्तर पर संचालित मिशन शक्ति केंद्र एवं परिवार परामर्श केंद्र की सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे इन केंद्रों के माध्यम से कानूनी सहायता और परामर्श प्राप्त कर सकती हैं। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। अभियान के दौरान नशा मुक्ति को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस ने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए भी नागरिकों को जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर मिशन शक्ति अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे।

# योगी सरकार के 'निपुण मॉडल' को समझने गाजियाबाद पहुंचे पांच देशों के प्रतिनिधि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुनियादी शिक्षा और बच्चों की सीखने की क्षमता को मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयास अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) में किए जा रहे सुधारों को समझने के लिए पांच देशों के करीब 70 वरिष्ठ अधिकारियों एवं नागरिक समाज के प्रतिनिधियों का दल गाजियाबाद पहुंचा। केन्या, ब्राजील, अर्जेंटीना, दक्षिण अफ्रीका और सेनेगल से आए प्रतिनिधियों ने 23 से 27 अगस्त तक चल रहे पीयर-लर्निंग इमर्शन कार्यक्रम के तहत गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित 11 परिषदीय विद्यालयों का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल को छोटे-छोटे समूहों में विभाजित कर नगर, राजापुर, लोनी और मुरादनगर ब्लॉक के विद्यालयों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विदेशी प्रतिनिधियों ने कक्षा-कक्ष में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, अकादमिक रिसोर्स पर्सन्स (एआरपी) और राज्य संसाधन समूह के अधिकारियों से संवाद कर बच्चों की सीखने की प्रक्रिया और विद्यालयों में उपलब्ध शैक्षिक सहयोग की जानकारी ली। विद्यालय भ्रमण के दौरान प्रतिनिधियों ने यह समझने का प्रयास किया कि निपुण भारत मिशन के तहत तैयार नीतियों और एफएलएन सुधारों को कक्षा स्तर पर किस तरह लागू किया जा रहा है। शिक्षकों और विद्यार्थियों से सीधे संवाद के माध्यम से शिक्षण पद्धति, बच्चों की सीखने की प्रगति और अकादमिक सहयोग से जुड़े अनुभवों को समझा गया। विद्यालयों के दौरे के बाद उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत तकनीकी चर्चा आयोजित की गई। इसमें गाजियाबाद के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और राज्य संसाधन समूह के सदस्य शामिल हुए। बैठक में पाठ्यक्रम एवं अध्ययन उद्देश्यों, संरचित शिक्षण-अधिगम सामग्री, शिक्षक मार्गदर्शन एवं मेंटरिंग, आकलन और आंकड़ों के उपयोग जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा शिक्षा सुधारों को बड़े स्तर पर लागू करने में मध्य स्तर के अधिकारियों की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न देशों के शिक्षा अधिकारियों और विशेषज्ञों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान करना है। उत्तर प्रदेश में बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों को प्रतिनिधियों के लिए व्यावहारिक अध्ययन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। 'लाइटहाउस इंडिया इमर्शन कार्यक्रम' की मेजबानी सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन कर रहा है। कार्यक्रम में सेंट्रो लेमन और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त है। वहीं, ग्लोबल स्कूल फोरम, ऑप्टिमा और गेट्स फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहयोग दिया जा रहा है।

# एस.एम.एस. लखनऊ का 19वाँ स्थापना दिवस समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज. लखनऊ का 19वाँ स्थापना दिवस समारोह इंस्टिट्यूट , लखनऊ परिसर में उल्लासपूर्वक वातावरण में भव्यता के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक पूजा-अर्चना के पश्चात पावन सुंदरकांड पाठ से हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान एस.एम.एस. लखनऊ के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसने पूरे समारोह को आध्यात्मिक एवं मंगलमय वातावरण प्रदान किया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की उर्मिला सिंह, एस.एम.एस. लखनऊ की सलाहकार श्वेता सिंह, ह्लह्ल स्ह्लद्बस्त्रह्वष्ठ्ठद्ग के अध्यक्ष यश सेंगर, तथा एस.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य डॉ. चंद्र मौली द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूजा-अर्चना के उपरांत बहुउद्देशीय सभागार में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत ग्रुप के संस्थापक तथा पूर्व संयुक्त आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, स्वर्गीय सतीश कुमार सिंह के भावपूर्ण स्मरण के साथ हुई। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और संकल्प ने संस्थान की उत्कृष्टता की यात्रा की मजबूत नींव रखी। समारोह के दौरान एस.एम.एस. लखनऊ के 17 समर्पित कर्मचारियों को संस्थान में 10 वर्ष से अधिक की विशिष्ट एवं निरंतर सेवा पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके प्रति संस्थान की कृतज्ञता तथा उनकी निष्ठा, प्रतिबद्धता और एस.एम.एस. लखनऊ के विकास में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना का प्रतीक रहा। प्राइड ऑफ स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज. लखनऊ अवॉर्ड से डॉ. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), तथा डॉ. जगदीश सिंह, निदेशक (प्रशासन एवं एडमीशन्स) एस.एम.एस. लखनऊ को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण, संस्थान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान तथा निरंतर प्रगति में उल्लेखनीय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में एस.के. सिंह मेमोरियल एस.एम.एस. सर्वश्रेष्ठ ग्रेजुएट तथा पोस्ट ग्रेजुएट (प्रबन्धन एवं इंजीनियरिंग) अवॉर्ड-2026 के अन्तर्गत बी.बी.ए. के छात्र सारांश पाण्डेय, स्नातक (इंजीनियरिंग) श्रेणी में बी.टेक. सी.एस.ई. की छात्रा अंशिका चतुर्वेदी तथा परास्नातक श्रेणी में एम.बी.ए. की छात्रा श्रेया सिन्हा को पुरस्कार राशि प्रदान की गयी।

# आउटसोर्सिंग व्यवस्था में किसी कर्मचारी को नहीं हटाया जाएगा : वन विभाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में न्यूनतम/दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ, वन एवं वन्यजीव विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से मंगलवार को विभागीय मुख्यालय में गेट मीटिंग एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष भोरिक यादव ने की, जबकि संचालन रामदेव यादव एवं रफीक उल्ला खां ने किया। बैठक में आउटसोर्सिंग व्यवस्था, दैनिक वेतन कर्मचारियों की समस्याओं तथा सात सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि आउटसोर्सिंग व्यवस्था के अंतर्गत किसी भी कार्मिक को हटाया नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी पिछले कई वर्षों से विभाग में दैनिक वेतन के आधार पर निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उनके हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस दौरान संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री ने विभागाध्यक्ष को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित सात सूत्रीय मांगपत्र सौंपा और मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। बैठक में चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री रामनरेश यादव ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हरसंभव सहयोग करेगा। कार्यक्रम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष दयाराम यादव, वनरक्षक संघ के महामंत्री शैलेंद्र सिंह, संयोजक रमाशंकर सिंह, विधि सलाहकार विजय श्रीवास्तव, कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल सिंह, उपाध्यक्ष राजेश राठौर, महामंत्री राजा राम, कोषाध्यक्ष जिला जीत, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ममता पुरोहित, मंत्री गुड़िया देवी, सीमा, उषा देवी, रोहित, कृपाशंकर, अक्षय लाल एवं रोशन सिंह सहित विभिन्न जनपदों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता जताते हुए विभागीय अधिकारियों से समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपेक्षा की।

# धनगर समाज के जाति प्रमाण पत्र को लेकर किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने भरी हुंकार, आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

(मिश्रिख़) सीतापुर के 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि मिश्रिख़ नैमिषारण्य के जरिगवां में भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) के कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने धनगर समाज के जाति प्रमाण पत्र सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आंदोलन का ऐलान का जिला अध्यक्ष डॉ. अजय पाल की अध्यक्षता में 'हक की हुंकार' प्रेस वार्ता आयोजित की गई।प्रेस वार्ता में धनगर समाज के जाति प्रमाण पत्र का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। डॉ. अजय पाल ने कहा कि पूर्व में शासन की ओर से कई बार स्पष्ट आदेश दिए जाने के बावजूद धनगर समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई कर समाज को उसका अधिकार दिलाने की मांग की।प्रेस वार्ता में किसानों की खाद, बिजली, जनसमस्याओं, रसोई गैस और महंगाई सहित विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। संगठन ने कहा कि धनगर समाज के अधिकार और किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष सीतापुर से शुरू होकर पूरे प्रदेश तक ले जाया जाएगा। 15 दिन में कार्रवाई नहीं तो आंदोलन भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने आंदोलन की दो चरणों वाली रणनीति घोषित की है। प्रथम चरण में अगले 15 दिनों के भीतर धनगर समाज के जाति प्रमाण पत्र के मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होने पर सीतापुर जनपद के सभी 19 ब्लॉकों में संगठन के ब्लॉक अध्यक्षों के माध्यम से प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम संबोधित करते हुए संबंधित सहायक विकास अधिकारी पंचायत/खंड विकास अधिकारी को सौंपा जाएगा। दूसरे चरण में ज्ञापन देने के बाद भी 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा अन्य संगठनों के साथ जिला मुख्यालय का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेगा। संगठन ने इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होने की बात कही है। इस आंदोलन में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के साथ भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्र शक्ति), भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी, अखिल भारतीय किसान यूनियन राधे, धनगर समाज एवं सर्व समाज तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग की बात कही गई है। जिला अध्यक्ष डॉ. अजय पाल ने कहा कि अब आंदोलन को निर्णायक रूप दिया जाएगा। किसानों का हक नहीं मारा जाएगा और धनगर समाज के लोगों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आंदोलन को सीतापुर से पूरे प्रदेश तक ले जाया जाएगा।

# सरस्वती-सिंधु सभ्यता और प्रारंभिक भारतीय ज्ञान परंपरा पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मुय वता केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर तथा संग्रहालय एवं पुरातत्व विभाग, चंडीगढ़ के उपनिदेशक डॉ. नरेंद्र परमार ने 'सरस्वती-सिंधु सयताः भारतीय ज्ञान परंपरा के नए आयाम' और 'प्रारंभिक भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। डॉ. परमार ने अपने व्यायान में पुराताि्विक साक्ष्यों के आधार पर भारत में ज्ञान परंपरा के प्राचीन विकासक्रम को समझाया। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय समाज में विकसित ज्ञान केवल सैद्धांतिक नहीं था, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण, तकनीक, उत्पादन, कृषि और सामाजिक जीवन के व्यावहारिक अनुभवों से भी गहराई से जुड़ा था। व्यायान में सरस्वती-सिंधु सयता के पुराताि्विक साक्ष्यों के आधार पर नगरीय नियोजन, वास्तुकला, जल एवं पर्यावरण प्रबंधन, मापन एवं गणितीय ज्ञान, कृषि, शिल्प, प्रौद्योगिकी, धातुकर्म तथा सामुद्रिक एवं दूरवर्ती व्यापार पर विस्तार से चर्चा की गई।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय, लखनऊ की ओर से आयोजित 'पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम-2026' के छठवें दिन सरस्वती-सिंधु सभ्यता और प्रारंभिक भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर तथा संग्रहालय एवं पुरातत्व विभाग, चंडीगढ़ के उपनिदेशक डॉ. नरेंद्र परमार ने 'सरस्वती-सिंधु सभ्यता: भारतीय ज्ञान परंपरा के नए आयाम' और 'प्रारंभिक भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। डॉ. परमार ने अपने व्याख्यान में पुराताि्विक साक्ष्यों के आधार पर भारत में ज्ञान परंपरा के प्राचीन विकासक्रम को समझाया। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय समाज में विकसित ज्ञान केवल सैद्धांतिक नहीं था, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण, तकनीक, उत्पादन, कृषि और सामाजिक जीवन के व्यावहारिक अनुभवों से भी गहराई से जुड़ा था। व्याख्यान में सरस्वती-सिंधु सभ्यता के पुराताि्विक साक्ष्यों के आधार पर नगरीय नियोजन, वास्तुकला, जल एवं पर्यावरण प्रबंधन, मापन एवं गणितीय ज्ञान, कृषि, शिल्प, प्रौद्योगिकी, धातुकर्म तथा सामुद्रिक एवं दूरवर्ती व्यापार पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से धोलावीरा की जल संग्रहण एवं प्रबंधन प्रणाली, सुव्यवस्थित नगरीय योजना, जल निकासी व्यवस्था और मानकीकृत बाट-माप का उल्लेख करते हुए इन्हें उस काल की वैज्ञानिक समझ, तकनीकी दक्षता और पर्यावरण के अनुकूल जीवन पद्धति का प्रमाण बताया गया। डॉ. नरेंद्र परमार ने व्याख्यान के दौरान प्रारंभिक भारतीय ज्ञान प्रणालियों से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं और पुराताि्विक साक्ष्यों का प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया। इससे प्रतिभागियों को प्राचीन ज्ञान, तकनीकी कौशल और पुराताि्विक साक्ष्यों के बीच संबंधों को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। प्रदर्शन को प्रतिभागियों ने रोचक और ज्ञानवर्धक बताया। पुरातत्व विभाग की निदेशक रेनू द्विवेदी ने मुख्य वक्ता का पौधा एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती-सिंधु सभ्यता और प्रारंभिक भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन भारत की वैज्ञानिक, तकनीकी और पर्यावरणीय दृष्टि के ऐतिहासिक विकास को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑफलाइन और 50 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। प्रतिभागियों ने व्याख्यान एवं प्रायोगिक प्रदर्शन का लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में राम विनय ने मुख्य वक्ता, निदेशक, अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया।

# पीसीटीएस परिसर में महापौर ने किया पौधारोपण, शहर को हरा-भरा बनाने का दिया संदेश

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पार्षदों और अधिकारियों ने भी रोपे पौधे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महापौर सुषमा खर्कवाल ने पौधा रोपकर शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान महापौर के साथ पार्षद श्रीमती ममता चौधरी, अपर नगर आयुत अरुण कुमार गुप्त, जोनल अधिकारी जोन-2 मनोज यादव, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, जोनल सेनेटरी अधिकारी राम सकल यादव और लायन एनवायरो के प्रबंध निदेशक रणधीर सिंह समेत नगर निगम एवं लायन एनवायरो के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी पौधे लगाए।**

**लखनऊ।** पर्यावरण संरक्षण और शहर में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मंगलवार को जोन-2 स्थित मालवीय नगर वार्ड के बुलाकी अड्डा स्थित पीसीटीएस परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने पौधा रोपकर शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान महापौर के साथ पार्षद श्रीमती ममता चौधरी, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, जोनल अधिकारी जोन-2 मनोज यादव, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, जोनल सेनेटरी अधिकारी राम सकल यादव और लायन एनवायरो के प्रबंध निदेशक रणधीर सिंह समेत नगर निगम एवं लायन एनवायरो के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी पौधे लगाए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने के लिए नगर निगम की ओर से स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की हरियाली बढ़ाने में जनभागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# खंभेश्वर नाथ मंदिर में श्री रामकथा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण से मंदिर परिसर भतिमय नजर आया। कथावाचक सुबोध शास्त्री ने श्रीराम कथा के महत्व, भगवान की भति और सनातन जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म एवं सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। जजमान पंकज शुला ने बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी पूरे भति भाव के साथ मंदिर परिसर में राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों पर भाव-विभोर नजर आए। आयोजन में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

**बिसवां/सीतापुर।** खंभेश्वर नाथ मंदिर परिसर में श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान की कथा का श्रवण कर रहे हैं। भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण से मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया। कथावाचक सुबोध शास्त्री ने श्रीराम कथा के महत्व, भगवान की भक्ति और सनातन जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म एवं सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। जजमान पंकज शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी पूरे भक्ति भाव के साथ मंदिर परिसर में राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों पर भाव-विभोर नजर आए। आयोजन में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर दीप्ति शुक्ला पंकज मिश्रा रवि अवस्थी कुलदीप अवस्थी आशीष मिश्रा आशुतोष तिवारी लालू पाल राकेश शुक्ला लकी शुक्ला समेत तमाम चालू उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जोन-2 जल्कल विभाग नगर निगम ऐशबाग,लखनऊ**

पत्रांक -754/EE -2 LJS दिनांक-25-08-2026

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 01/09/26 को अपरान्ह 3.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। संदर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक01/09/26 समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्ट मनी, एफ.डी.आर.सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-2 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्ट मनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्रं0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-2 के अन्तर्गत गऊघाट रॉ वाटर पम्पिंग स्टेशन के बालागंज इन्टैक्ट पम्प रूम स्थित पम्प सेट नं0-5. 300 एच0पी0 वर्टिकल पम्प की पूर्ण मरम्मत एवं ओवर हालिंग का कार्य जिसमें पम्प सेट को खोलना, बाउल एसेम्बली की मशीनिंग, पम्प शाफ्ट, हेड शाफ्ट इत्यादि की आपूर्ति एवं फिक्सिग का कार्य। | 8500/- | 300/- 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | 30 दिन |
| 2 | जोन-2 के अन्तर्गत गऊघाट रॉ वाटर पम्पिंग स्टेशन के बालागंज इन्टैक्ट पम्प रूम स्थित पम्प सेट नं0-5, 300 एच0पी0 वर्टिकल पम्प की पूर्ण मरम्मत एवं ओवर हालिंग का कार्य जिसमें लाईन शाफ्ट की मरम्मत, स्पाइडर बुश, शाफ्ट स्लीव, कॉलम पाइप, नट बोल्ट एवं शाफ्ट कपलिंग इत्यादि की आपूर्ति एवं फिक्सिग एवं पम्प सेंट की लोरिंग इत्यादि का कार्य। | 8500/- | 300/- + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | 30 दिन |

**निविदा प्राप्त करने की शर्ते :-** निविदादाता का व्यापार कर एवं आयकर में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।

**अधि0 अभि0 (जोन-2) जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ**

# संपादकीय

## सावन में हरा रंग और चारों ओर छायी हरियाली

सावन का महीना आते ही प्रकृति जैसे अपने माथे पर हरी चुनरी सजा लेती है। सूखी धरती पर जब पहली बारिश की बूंदें गिरती हैं, तो मिट्टी की सौंधी खुशबू के साथ जीवन की एक नई अनुभूति जन्म लेती है। पेड़-पौधों की शाखाएँ हरी हो उठती हैं, खेतों में फसलें लहलहाने लगती हैं, तालाब और पोखर पानी से भरने लगते हैं और चारों ओर हरियाली का ऐसा विस्तार दिखाई देता है, मानो प्रकृति ने अपनी सारी सुंदरता इसी मौसम के लिए बचाकर रखी हो। सावन केवल वर्षा का महीना नहीं है, बल्कि यह उमंग, उल्लास, प्रेम, लोकजीवन और प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक है। सावन में हरे रंग का विशेष महत्व है। हरा रंग जीवन, विकास, शांति, समृद्धि और आशा का प्रतीक माना जाता है। शायद यही कारण है कि सावन के आते ही हरे रंग का आकर्षण लोगों के मन पर छा जाता है। महिलाओं की हरी चूड़ियाँ, हरी साड़ियाँ, हरे परिधान और हाथों में रची मेहंदी सावन के उत्सव को और अधिक रंगीन बना देती हैं। झूलों पर बैठी युवतियों और सखियों के गीतों में भी हरे मौसम की खुशी झलकती है। प्रकृति और मनुष्य का संबंध सदियों पुराना है। मनुष्य ने जब से प्रकृति को समझना शुरू किया, तब से उसने उसके रंगों में अपने जीवन की भावनाएँ खोजी हैं। गर्मी की तपती धूप और सूखेपन के बाद सावन की हरियाली मन को राहत देती है। पेड़ों की पत्तियों पर ठहरी बारिश की बूंदें जब सूर्य की हल्की किरणों में चमकती हैं, तो ऐसा लगता है जैसे धरती ने अनगिनत मोती पहन लिए हों। हवा के झोंकों के साथ पत्तियों की सरसराहट एक मधुर संगीत का रूप ले लेती है। सावन में गाँवों का दृश्य विशेष रूप से मनोहारी होता है। दूर-दूर तक फैले खेतों में हरियाली की चादर दिखाई देती है। किसान अपने खेतों में व्यस्त हो जाते हैं। धान की रोपाई के समय खेतों में महिलाओं और किसानों की चहल-पहल दिखाई देती है। कीचड़ से सने पैर, माथे पर पसीने की बूंदें और चेहरे पर संतोष की मुस्कान—ये सब सावन के ग्रामीण जीवन की अपनी अलग तस्वीर बनाते हैं। बारिश किसान के लिए केवल मौसम नहीं, बल्कि उम्मीद लेकर आती है। अच्छी वर्षा अच्छी फसल का संकेत होती है और अच्छी फसल परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने की आशा जगाती है। सावन की हरियाली का संबंध केवल खेतों से नहीं है। जंगल, पहाड़, बाग-बगीचे और घरों के आँगन तक हरियाली फैल जाती है। आम, नीम, पीपल, बरगद और जामुन जैसे पेड़ नए उत्साह से भर उठते हैं। बेलों और लताओं में नई जान आ जाती है। घास की कोमल हरी चादर धरती को ढक लेती है। कहीं फूल खिलते हैं तो कहीं पेड़ों पर झूले पड़ जाते हैं। प्रकृति का यह परिवर्तन मनुष्य को यह संदेश देता है कि जीवन में कितनी भी तपिश क्यों न हो, एक दिन सावन अवश्य आता है। सावन का हरा रंग भारतीय संस्कृति में भी गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत में रंगों का केवल सौंदर्यात्मक महत्व नहीं है, बल्कि प्रत्येक रंग के पीछे एक सांस्कृतिक और भावनात्मक अर्थ छिपा है। हरा रंग प्रकृति और उर्वरता से जुड़ा है। सावन में जब धरती हरी होती है, तो लोगों के मन में भी नई आशाएँ जन्म लेती हैं। विवाहित महिलाओं के लिए सावन मायके की यादों से जुड़ा होता है। कई क्षेत्रों में इस महीने बेटियों को मायके बुलाने की परंपरा रही है। सखियों के साथ झूला झूलना, लोकगीत गाना, मेहंदी लगाना और हरी चूड़ियाँ पहनना सावन की पारंपरिक संस्कृति का हिस्सा रहा है। सावन के गीतों में भी हरियाली का सुंदर चित्रण मिलता है। लोकगीतों में बादलों, बारिश, झूलों, पीहर, सखियों और प्रियतम की स्मृतियों का संसार बसता है। 'सावन आया' केवल एक मौसम का आगमन नहीं, बल्कि मन में दबी भावनाओं के जागने का संकेत भी है। बारिश की बूंदें जैसे धरती की प्यास बुझाती हैं, वैसे ही सावन की यादें मन की भावनाओं को तृप्त करती हैं। सावन और भगवान शिव की आराधना का भी गहरा संबंध है। इस महीने में शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। भक्त भगवान शिव को जल अर्पित करते हैं और अपनी मनोकामनाओं के लिए प्रार्थना करते हैं। धार्मिक आस्था और प्रकृति का यह मेल भारतीय संस्कृति की सुंदर विशेषता है। शिव को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़कर देखने की परंपरा भी भारतीय चिंतन में दिखाई देती है। बेलपत्र, धतूरा और अन्य वनस्पतियों का पूजन में प्रयोग मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंध की याद दिलाता है। हरे रंग की चूड़ियाँ सावन की पहचान बन चुकी हैं। चूड़ियों की खनक और बारिश की रिमझिम जब एक साथ सुनाई देती है, तो वातावरण में एक अनोखी मिठास घुल जाती है। महिलाएँ हरी साड़ी या हरे परिधान पहनकर सावन की खुशियों को मनाती हैं। हाथों में मेहंदी की गहरी होती रंगत और कलाई पर खनकती हरी चूड़ियाँ इस मौसम की पारंपरिक सुंदरता को जीवंत करती हैं। यह हरा रंग केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति मनुष्य के प्रेम का भी प्रतीक है। आज के आधुनिक जीवन में सावन का स्वरूप कुछ बदल गया है। शहरों में कंक्रीट की इमारतों के बीच पेड़ कम होते जा रहे हैं। बारिश आती है, लेकिन हर ओर वह प्राकृतिक हरियाली दिखाई नहीं देती जो कभी गाँवों और कस्बों की पहचान हुआ करती थी। कई जगह बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है, क्योंकि जल निकासी और प्राकृतिक जलस्रोतों की व्यवस्था कमजोर हो गई है। पेड़ों की कटाई और बढ़ता प्रदूषण भी प्रकृति के संतुलन को प्रभावित कर रहा है। ऐसे समय में सावन हमें केवल बारिश का आनंद लेने का संदेश नहीं देता, बल्कि हरियाली बचाने का संकल्प भी देता है। यदि हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियाँ भी सावन की हरियाली का आनंद ले सकें, तो हमें पेड़ लगाने होंगे और लगाए गए पेड़ों की देखभाल भी करनी होगी। केवल पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित करना पर्याप्त नहीं है। पौधे को वृक्ष बनने तक पानी, सुरक्षा और देखभाल की आवश्यकता होती है। हरियाली हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं, तापमान को नियंत्रित करते हैं, मिट्टी को बचाते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़-पौधे पक्षियों और अनेक जीव-जंतुओं को आश्रय देते हैं। शहरों में हरित क्षेत्र तापमान कम करने और वातावरण को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

**सुनीता कुमारी**

**मेष:** आज का दिन आपके लिए उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। परिवार में किसी सदस्य से सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें।

**वृषभ:** आज रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरी और व्यवसाय में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। अनावश्यक खर्च से बचें।

**मिथुन:** आज आपको अपनी योजनाओं में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में नई संभावनाएं सामने आएंगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कर्क:** आज मन प्रसन्न रहेगा और महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

**सिंह:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। व्यवसाय में लाभ की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या:** आज मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना हो सकती है। धन संबंधी मामलों में लाभ होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला:** आज नए लोगों से संपर्क लाभदायक साबित होगा। व्यापार में विस्तार की योजना बन सकती है। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। निवेश करने से पहले अच्छी तरह विचार करें।

**वृश्चिक:** आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**धनु:** आज भाग्य का साथ मिलेगा। शिक्षा और प्रतियोगिता से जुड़े लोगों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बनी रहेगी। आपकी मेहनत का उचित परिणाम मिलने की संभावना है। आर्थिक मामलों में लाभ हो सकता है। परिवार के किसी सदस्य की चिंता दूर होगी।

**कुंभ:** आज नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। नौकरी और व्यवसाय में प्रगति के अवसर मिलेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**मीन:** आज दिन सामान्य से बेहतर रहेगा। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। धन प्राप्ति के नए स्रोत बनेंगे। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लें।

# बीमार अस्पताल कर रहे हैं बीमारी का इलाज

राजीव शुक्ला -(संपादक)

अस्पताल को आम आदमी की नजर में उम्मीद का अंतिम दरवाजा माना जाता है। जब बीमारी शरीर को तोड़ देती है, जब घर की दवाइयां काम नहीं करतीं और जब परिवार अपने किसी सदस्य को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करता है, तब उसकी नजर अस्पताल की ओर उठती है। लेकिन सवाल तब खड़ा होता है, जब इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचा मरीज ऐसी व्यवस्था से सामना करता है, जो खुद कई बीमारियों से जूझ रही हो। स्वास्थ्य और शिक्षा दो ऐसी चीजें हैं जिनपर केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें एक बहुत बड़ा बजट खर्च करतीं हैं लेकिन इतने बड़े बजट के खर्च करने के बावजूद आम इंसान को उसका लाभ नहीं मिल पाता अत: व्यक्ति को प्राइवेट अस्पतालों की तरफ रुख करना होता है। प्राइवेट अस्पतालों ने वो रवैया बना रखा है कि आम आदमी की कमर टूट जाती है। क्योंकि हर व्यक्ति इतना खर्च नहीं कर सकता जितनी फीस प्राइवेट अस्पतालों की होती है। आज स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल मरीजों की बढ़ती संख्या नहीं है। चुनौती अस्पतालों की व्यवस्था, संसाधनों, स्वच्छता, मानव संसाधन, जवाबदेही और मरीज के साथ संवेदनशील व्यवहार की भी है। सरकारी अस्पतालों में भीड़, सीमित सुविधाएं और लंबी कतारें आम चर्चा का विषय हैं तो निजी अस्पतालों में इलाज का बढ़ता खर्च गरीब और मध्यम वर्ग के सामने अलग संकट खड़ा करता है। किसी अस्पताल की बीमारी केवल टूटी कुर्सियों, गंदे शौचालयों या खराब उपकरणों से नहीं पहचानी जाती। असली बीमारी तब दिखाई देती है, जब मरीज को समय पर डॉक्टर न मिले, जांच के लिए कई घंटे इंतजार करना पड़े, आवश्यक दवा उपलब्ध न हो या परिजन को एक काउंटर से दूसरे काउंटर तक भटकना पड़े। बीमारी से परेशान व्यक्ति जब व्यवस्था से लड़ने को मजबूर हो जाए तो समझना चाहिए कि समस्या केवल चिकित्सा की नहीं, पूरी व्यवस्था की है। अस्पतालों में डॉक्टर और दूसरे स्वास्थ्यकर्मी भी अक्सर अत्यधिक दबाव में काम करते हैं। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती है, लेकिन उसके अनुपात में संसाधन और कर्मचारियों की उपलब्धता कई जगह पर्याप्त नहीं होती। इसका असर डॉक्टर और मरीज दोनों पर पड़ता है। इसलिए केवल चिकित्सकों को दोषी ठहराने के बजाय स्वास्थ्य व्यवस्था की बुनियादी संरचना पर भी सवाल उठाना जरूरी है। दूसरी ओर निजी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है, लेकिन महंगा इलाज आम परिवार की आर्थिक क्षमता को चुनौती देता है। बीमारी पहले शरीर को कमजोर करती है और फिर इलाज का खर्च परिवार की आर्थिक स्थिति को। कई परिवार इलाज के लिए कर्ज लेने तक को मजबूर हो जाते हैं। स्वास्थ्य सुविधा यदि आर्थिक रूप से इतनी दूर हो जाए कि जरूरतमंद व्यक्ति अस्पताल जाने से पहले अपनी जेब देखे, तो यह व्यवस्था के सामने गंभीर प्रश्न है। स्वास्थ्य व्यवस्था की गुणवत्ता का आकलन केवल बड़े भवनों, नई मशीनों और चमकते हुए अस्पतालों से नहीं होना चाहिए। असली परीक्षा यह है कि वहां पहुंचने वाले मरीज को समय पर, सम्मानजनक और सुरक्षित इलाज कितना मिलता है।

अस्पताल की दीवारें नई हो सकती हैं, लेकिन यदि व्यवस्था पुरानी समस्याओं से घिरी है तो केवल भवन बदलने से स्वास्थ्य सेवा नहीं बदलती। सरकारों को अस्पतालों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनकी कार्यक्षमता पर भी ध्यान देना होगा। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की पर्याप्त नियुक्ति, आवश्यक दवाओं की नियमित उपलब्धता, जांच सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता की निगरानी और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई जैसी व्यवस्थाएं स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं। इसके साथ ही अस्पताल प्रशासन की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। मरीज अस्पताल में केवल इलाज लेने नहीं आता, वह अपने साथ भरोसा लेकर आता है। डॉक्टर की एक बात उसके परिवार को उम्मीद दे सकती है और व्यवस्था की एक लापरवाही उस उम्मीद को तोड़ सकती है। इसलिए स्वास्थ्य सेवा में तकनीक जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी संवेदनशीलता भी है। विडंबना यही है कि जिस संस्था का काम बीमारी से लड़ना है, अगर वही अव्यवस्था, लापरवाही और संसाधनों की कमी से बीमार दिखाई देने लगे तो सबसे पहले सुधार उसी संस्था का होना चाहिए। अस्पतालों को केवल बीमारी का इलाज करने वाली इमारत नहीं, बल्कि भरोसे की व्यवस्था बनना होगा।

क्योंकि स्वस्थ समाज की पहचान केवल इस बात से नहीं होती कि उसके पास कितने अस्पताल हैं, बल्कि इस बात से होती है कि संकट की घड़ी में उन अस्पतालों पर आम आदमी कितना भरोसा कर सकता है। सवाल बीमारी का ही नहीं है, सवाल उस व्यवस्था का भी है जो बीमारी से लड़ने के लिए खड़ी की गई है। जब अस्पताल खुद व्यवस्था की बीमारी से जूझने लगें, तब इलाज मरीज का ही नहीं, पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था का भी जरूरी हो जाता है।

# कैंसर के खिलाफ नई उम्मीद: जब मरीज का अपना ट्यूमर बनेगा इलाज का रास्ता

चिकित्सा विज्ञान के इतिहास में कुछ उपलब्धियां ऐसी होती हैं, जो केवल किसी बीमारी के इलाज की दिशा नहीं बदलतीं, बल्कि पूरी दुनिया को यह विश्वास दिलाती हैं कि असंभव दिखाई देने वाली चुनौतियों का समाधान भी विज्ञान खोज सकता है। कैंसर के खिलाफ विकसित की जा रही व्यक्तिगत वैक्सीन इसी श्रेणी की उपलब्धि है। हाई रिस्क मेलानोमा जैसे गंभीर त्वचा कैंसर के मरीजों के लिए सामने आई यह नई उम्मीद चिकित्सा जगत में किसी साधारण प्रगति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। अमेरिकी वैज्ञानिकों और दवा कंपनियों द्वारा विकसित की जा रही यह एमआरएनए आधारित व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन इसलिए खास है क्योंकि इसका लक्ष्य किसी एक बीमारी के लिए एक जैसी दवा बनाना नहीं, बल्कि मरीज के अपने ट्यूमर की आनुवंशिक विशेषताओं को समझकर उसके अनुरूप प्रतिरोधक क्षमता को तैयार करना है। यानी भविष्य में कैंसर का उपचार हर मरीज के लिए एक ही तरीके से नहीं, बल्कि मरीज के कैंसर की अपनी पहचान के आधार पर तय हो सकता है। यही वह सोच है जो कैंसर उपचार की पारंपरिक व्यवस्था से आगे निकलती दिखाई देती है। लंबे समय से चिकित्सा विज्ञान कैंसर के इलाज के लिए सर्जरी, रेडिएशन, कीमोथेरेपी और इम्यूनोथैरेपी जैसी विधियों का इस्तेमाल करता आया है। इनसे करोड़ों मरीजों को लाभ मिला है, लेकिन कैंसर की सबसे बड़ी चुनौती यह रही है कि बीमारी दोबारा लौट सकती है या शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल सकती है। नई व्यक्तिगत वैक्सीन इसी चुनौती को निशाना बनाने की कोशिश है। मेलानोमा त्वचा कैंसर का एक गंभीर प्रकार है। यह त्वचा में रंग पैदा करने वाली कोशिकाओं से विकसित होता है और कई मामलों में शरीर के दूसरे हिस्सों तक फैलने की क्षमता रखता है। इसलिए इसका समय पर पता लगना और उपचार के बाद बीमारी की वापसी को रोकना अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई वैक्सीन की अवधारणा यहीं से शुरू होती है।वैज्ञानिक मरीज के ट्यूमर का आनुवंशिक विश्लेषण करते हैं और उन असामान्य प्रोटीन संकेतों की पहचान करने की कोशिश करते हैं, जो कैंसर कोशिकाओं को स्वस्थ कोशिकाओं से अलग करते हैं। इन्हें नियोएंटीजन कहा जाता है। इसके बाद इन्हीं विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए वैक्सीन तैयार की जाती है। एमआरएनए तकनीक शरीर के प्रतिरोधक तंत्र को यह समझने में सहायता करती है कि उसे किन संकेतों पर ध्यान देना है। उद्देश्य यह है कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली कैंसर कोशिकाओं को पहचान सके और उन्हें खत्म करने के लिए सक्रिय हो सके। इस अर्थ में यह वैक्सीन केवल बाहरी दवा के रूप में काम करने की कोशिश नहीं करती, बल्कि शरीर की अपनी सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सटीक बनाने का प्रयास करती है।

**कोविड वैक्सीन की तकनीक से कैंसर के खिलाफ नई लड़ाई**

एमआरएनए तकनीक का नाम दुनिया ने कोविड महामारी के दौरान व्यापक रूप से सुना। कोविड के खिलाफ एमआरएनए आधारित टीकों ने इस तकनीक की संभावनाओं को दुनिया के सामने रखा। अब उसी वैज्ञानिक अवधारणा का इस्तेमाल कैंसर जैसी जटिल बीमारी के खिलाफ करने की कोशिश चिकित्सा विज्ञान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हालांकि कैंसर और संक्रामक रोगों के बीच बड़ा अंतर है। कैंसर शरीर की अपनी कोशिकाओं से उत्पन्न होता है, इसलिए प्रतिरोधक तंत्र के लिए उसे पहचानना अधिक कठिन हो सकता है। कैंसर कोशिकाएं स्वयं को स्वस्थ कोशिकाओं जैसा दिखाने और शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से बचने के रास्ते भी खोज सकती हैं। ऐसे में मरीज के ट्यूमर की विशिष्ट पहचान के आधार पर वैक्सीन तैयार करने की अवधारणा बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। यह विज्ञान अभी विकास और नियामकीय समीक्षा की प्रक्रिया में है, इसलिए इसे कैंसर का अंतिम इलाज घोषित करना जल्दबाजी होगी। लेकिन इसके परीक्षणों से सामने आ रही सकारात्मक दिशा निश्चित रूप से आशाजनक है। चिकित्सा विज्ञान में किसी नई तकनीक का वास्तविक महत्व तभी साबित होता है जब बड़े और नियंत्रित परीक्षणों के परिणाम इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को लगातार समर्थन दें।

**इलाज से आगे बढ़कर रोकथाम की दिशा में कदम**

कैंसर के मामले में सबसे बड़ी चिंता केवल बीमारी का उपचार नहीं, बल्कि उपचार के बाद उसकी वापसी भी है। मरीज सर्जरी और अन्य उपचारों के बाद स्वस्थ जीवन की ओर लौटता है, लेकिन कैंसर के दोबारा आने का डर उसके साथ बना रहता है। व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन की सबसे बड़ी संभावनाओं में से एक इसी चिंता को कम करने की कोशिश है। यदि शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली कैंसर कोशिकाओं की विशिष्ट पहचान को याद रख सके और भविष्य में उसी प्रकार की कोशिकाओं को पहचानकर प्रतिक्रिया दे सके, तो कैंसर की वापसी के जोखिम को कम करने में सहायता मिल सकती है। यह विचार कैंसर उपचार को एक नए दर्शन की ओर ले जाता है। अब सवाल केवल यह नहीं रह जाता कि मौजूद कैंसर को कैसे हटाया जाए, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि शरीर को भविष्य में उस बीमारी के खिलाफ अधिक सक्षम कैसे बनाया जाए। व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन जितनी रोमांचक है, उसके सामने चुनौतियां भी उतनी ही बड़ी हैं। हर मरीज का ट्यूमर अलग हो सकता है। उसके आनुवंशिक परिवर्तन अलग हो सकते हैं और कैंसर की जैविक प्रकृति भी अलग हो सकती है। ऐसे में प्रत्येक मरीज के लिए वैक्सीन तैयार करने की प्रक्रिया सामान्य टीकों की तुलना में कहीं अधिक जटिल हो सकती है। इसके साथ लागत, उत्पादन की गति, गुणवत्ता नियंत्रण, चिकित्सकीय ढांचे और नियामकीय मंजूरी जैसे सवाल भी जुड़े हैं। यदि यह तकनीक व्यापक रूप से उपलब्ध होती है तो दुनिया के अलग-अलग देशों में इसकी पहुंच सुनिश्चित करना भी बड़ी चुनौती होगी। भारत जैसे विशाल देश के लिए यह विषय विशेष महत्व रखता है। भारत दवा और वैक्सीन निर्माण के क्षेत्र में अपनी मजबूत क्षमता के लिए जाना जाता है। यदि व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन सफल होती है और नियामकीय मंजूरी प्राप्त करती है, तो आने वाले वर्षों में भारतीय वैज्ञानिकों, अस्पतालों और दवा उद्योग के लिए भी इस क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं पैदा हो सकती हैं। अमेरिका की उपलब्धि, लेकिन लाभ पूरी मानवता का होना चाहिए। विज्ञान की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि उसकी सफलता की कोई सीमा नहीं होती। किसी देश की प्रयोगशाला में हुई खोज यदि मानव जीवन बचाने में सक्षम होती है तो उसका महत्व उस देश की सीमाओं से बहुत आगे चला जाता है। अमेरिका ने चिकित्सा अनुसंधान, जैव प्रौद्योगिकी और दवा विकास के क्षेत्र में लंबे समय से दुनिया को नेतृत्व दिया है। नई व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन का विकास भी उसी वैज्ञानिक क्षमता का उदाहरण है। इसीलिए यह कहना अनुचित नहीं होगा कि अमेरिका को केवल अपनी शक्ति और संसाधनों के कारण नहीं, बल्कि विज्ञान में जोखिम उठाने और नई संभावनाओं पर निवेश करने की क्षमता के कारण भी विशेष स्थान मिला है। 'अमेरिका फर्स्ट' की राजनीतिक धारणा अपनी जगह हो सकती है, लेकिन विज्ञान की दुनिया में असली सफलता तब है जब किसी देश की उपलब्धि पूरी दुनिया के काम आए। कैंसर वैक्सीन की यह संभावित उपलब्धि इसी भावना की मिसाल बन सकती है। कैंसर से जूझ रहे मरीजों और उनके परिवारों के लिए किसी नई वैज्ञानिक खोज की खबर केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं होती। उनके लिए यह उम्मीद का संदेश होती है। लेकिन उम्मीद के साथ वैज्ञानिक सावधानी भी आवश्यक है।

किसी भी नई वैक्सीन के व्यापक इस्तेमाल से पहले उसकी सुरक्षा, प्रभावशीलता, दीर्घकालीन परिणाम और लागत का गहन मूल्यांकन जरूरी है। यदि व्यक्तिगत एमआरएनए कैंसर वैक्सीन बड़े पैमाने पर सफल होती है तो यह केवल मेलानोमा के उपचार में बदलाव नहीं लाएगी, बल्कि भविष्य में दूसरे प्रकार के कैंसर के लिए भी व्यक्तिगत उपचार की राह खोल सकती है। तब संभव है कि किसी मरीज के कैंसर का इलाज उसके शरीर और ट्यूमर की विशिष्ट पहचान के आधार पर तैयार किया जाए। यह उपलब्धि कम ताकतवर नहीं है। यह उस भविष्य की दस्तक है जिसमें कैंसर के खिलाफ लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, बल्कि शरीर की अपनी प्रतिरोधक शक्ति को अधिक समझदार और अधिक सटीक बनाकर लड़ी जाएगी। आज यह तकनीक प्रयोगशालाओं, क्लीनिकल ट्रायल और नियामकीय प्रक्रियाओं के बीच खड़ी है। कल यही तकनीक अस्पतालों में मरीजों के लिए नई उम्मीद बन सकती है। विज्ञान ने रास्ता दिखा दिया है। अब चुनौती इस रास्ते को सुरक्षित, सस्ता और दुनिया के हर जरूरतमंद मरीज तक पहुंचाने की है। कैंसर के खिलाफ यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, लेकिन व्यक्तिगत वैक्सीन ने निश्चित रूप से यह संदेश दिया है कि मानवता के पास इस कठिन बीमारी को चुनौती देने के लिए विज्ञान की शक्ति मौजूद है। अमेरिका में जन्मी यह वैज्ञानिक उपलब्धि यदि पूरी दुनिया के मरीजों तक पहुंचती है, तो यही उसकी सबसे बड़ी सफलता होगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# श्रमिक कल्याण योजनाओं से फिरोजाबाद में संवरता निर्माण कामगार परिवारों का भविष्य

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के निर्माण श्रमिकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान एवं व्यापक सुरक्षा कवच के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर अत्यंत प्रभावी और परिवर्तनकारी सिद्ध हो रही हैं। राज्य में निर्माण गतिविधियों से जुड़े करोड़ों कर्मकारों के श्रम का सम्मान करते हुए प्रदेश सरकार ने उनके जीवन चक्र के प्रत्येक संवेदनशील पड़ाव पर वित्तीय संबल प्रदान करने की एक सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित की है। 'सुरक्षित श्रम, सशक्त श्रमिक' के संकल्प के साथ संचालित इन योजनाओं का उद्देश्य केवल तात्कालिक राहत देना नहीं, बल्कि विपत्ति के समय श्रमिक परिवारों को आत्मनिर्भरता की मुख्यधारा में बनाए रखना है। कांच उद्योग एवं निर्माण क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जनपद फिरोजाबाद में इन नीतियों के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन से अनेक संकटग्रस्त परिवारों के जीवन में स्थायित्व, सम्मान और नई आशा का संचार हुआ है। जनपद फिरोजाबाद की सामाजिक एवं आर्थिक संरचना में निर्माण कामगारों का विशेष योगदान रहा है। दिन-रात पसीना बहाकर विकास की आधारशिला रखने वाले इन श्रमिकों के सामने आकस्मिक दुर्घटना अथवा मुखिया के असामयिक निधन की स्थिति में गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। ऐसी ही एक संवेदनशील परिस्थिति में फिरोजाबाद की निवासी अनीता के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब उनके पति, जो एक पंजीकृत निर्माण मजदूर थे, का अचानक निधन हो गया। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य के चले जाने से घर के दैनिक भरण-पोषण, बच्चों के लालन-पालन और विशेषकर विवाह योग्य पुत्री के भविष्य को लेकर अनीता के सामने विकट चुनौती उत्पन्न हो गई थी। चारों ओर घोर निराशा और अनिश्चितता के उस अंधकारमय दौर में प्रदेश सरकार की सामाजिक सुरक्षा नीतियों ने इस पीड़ित परिवार के लिए जीवनरक्षक संबल की भूमिका निभाई। जिला प्रशासन के माध्यम से संचालित कल्याणकारी व्यवस्था के संपर्क में आने के उपरांत अनीता को निर्माण कामगार मृत्यु सहायता योजना के अंतर्गत त्वरित सहायता उपलब्ध कराई गई। पात्रता के संपूर्ण मानकों पर त्वरित परीक्षण के पश्चात अनीता को मृत्यु सहायता के रूप में सवा दो लाख रुपये की आर्थिक धनराशि प्रदान की गई, जबकि अंत्येष्टि के तात्कालिक संस्कारों के निर्वहन हेतु पच्चीस हजार रुपये की अतिरिक्त राशि भी तत्काल अवमुक्त की गई। कुल ढाई लाख रुपये की इस संयुक्त आर्थिक सहायता ने परिवार को न केवल आर्थिक रूप से टूटने से बचाया, बल्कि उनके सामाजिक मान-सम्मान की भी पूर्ण रक्षा की। वित्तीय सहायता प्राप्त होने के उपरांत अनीता ने सर्वप्रथम अपनी पुत्री के आगामी वैवाहिक अनुष्ठान की सभी आवश्यक तैयारियां सम्मानपूर्वक पूर्ण कीं। इसके साथ ही, दूरदर्शिता का परिचय देते हुए शेष धनराशि का सदुपयोग स्थानीय स्तर पर पारंपरिक कांच व चूड़ी निर्माण से जुड़े स्वावलंबन कार्य को आरंभ करने में किया। आज वह स्वयं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण-पोषण पूर्ण स्वाभिमान के साथ कर रही हैं। किसी भी बिचौलिए अथवा अवांछित हस्तक्षेप के बिना सीधे बैंक खाते में शत-प्रतिशत धनराशि के अंतरण ने शासन की नीति, नीयत और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति आमजन के विश्वास को दृढ़ किया है। जनपद फिरोजाबाद का यह उदाहरण राज्यव्यापी उस वृहद सुरक्षा तंत्र की एक जीवंत बानगी है, जिसे प्रदेश सरकार ने निर्माण श्रमिकों के लिए संस्थागत रूप दिया है। राज्य में अठारह से साठ वर्ष के आयु वर्ग के वे सभी श्रमिक, जिन्होंने पूर्ववर्ती बारह महीनों की अवधि में न्यूनतम नब्बे दिन निर्माण कार्य किया हो, इस व्यापक कल्याणकारी तंत्र के अंतर्गत विधिवत आच्छादित किए जाते हैं। पंजीयन से लेकर नवीनीकरण तक की संपूर्ण व्यवस्था को सरलीकृत किया गया है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े कामगार को अपने वैध अधिकारों की प्राप्ति के लिए किसी जटिल प्रक्रिया से न गुजरना पड़े। निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का कार्य अत्यंत श्रमसाध्य और जोखिमपूर्ण होता है, जिसमें कार्यस्थल पर दुर्घटना अथवा सामान्य बीमारी से आकस्मिक मृत्यु की आशंका निरंतर बनी रहती है। इस मानवीय पक्ष को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा मृत्यु, विकलांगता सहायता एवं अक्षमता पेंशन का अत्यंत मानवीय एवं संवेदनशील ढांचा तैयार किया गया है। यदि किसी पंजीकृत कामगार की कार्यस्थल पर अथवा कार्य के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है, तो उसके वैध आश्रितों को पांच लाख रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं, कार्यस्थल से इतर स्वाभाविक अथवा सामान्य मृत्यु की दशा में दो लाख रुपये का वित्तीय अनुदान देय होता है। अंत्येष्टि के तात्कालिक प्रबंधों के लिए पच्चीस हजार रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था प्रत्येक स्थिति में सुनिश्चित की गई है। दुर्घटना के फलस्वरूप यदि कोई श्रमिक स्थायी रूप से पूर्ण अक्षमता का शिकार हो जाता है, तो उसे जीवनयापन के संकट से उबारने के लिए तीन लाख रुपये की एकमुश्त सहायता के साथ-साथ आजीवन मासिक अक्षमता पेंशन का प्राविधान है। आंशिक विकलांगता की स्थिति में शारीरिक क्षति के अनुपात में डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता सीधे प्रदान की जाती है। यह त्रिस्तरीय सुरक्षा संरचना इस बात की गारंटी देती है कि किसी भी विपत्ति के समय श्रमिक परिवार को दर-दर भटकना न पड़े और उनका भविष्य अंधकारमय होने से बच सके। इस सुरक्षा कवच का विस्तार केवल संकटकालीन सहायता तक ही सीमित नहीं है, बल्कि श्रमिकों के जी

# संक्षिप्त खबरें

## विश्वकर्मा योजनाः दर्जी ट्रेड के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 27 अगस्त को

**देवरिया।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत दर्जी ट्रेड में ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के चयन के लिए 27 अगस्त को साक्षात्कार होगा। उपायुक्त उद्योग एस. सिद्दीकी ने बताया कि योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय दस्तकारों एवं पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए चयन प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर गठित साक्षात्कार समिति अभ्यर्थियों का चयन करेगी। दर्जी ट्रेड के सभी आवेदकों को अपने मूल प्रमाण पत्र एवं अभिलेखों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करना होगा। सिद्दीकी ने बताया कि 27 अगस्त 2026, प्रातः 10:30 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, देवरिया में अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले पहुंचकर मूल अभिलेखों के साथ चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करें।

## दो साइकिल के साथ 10 बोरी यूरिया खाद बरामद

### पुलिस को देख साइकिल और खाद छोड़कर नेपाली सीमा में भागे तस्कर

**रतनपुर/महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों की मुस्तैदी के बावजूद खाद की तस्करी के प्रयास थम नहीं रहे हैं। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी स्थित बॉर्डर डेवलपमेंट रोड के पास पगडंडी रास्ते से सेवतरी चौकी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए तस्करी के एक और प्रयास को विफल कर दिया है। पुलिस टीम को गश्त के दौरान दो साइकिलों पर भारी मात्रा में यूरिया खाद लादकर नेपाल ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची कि पुलिस को आता देख तस्कर साइकिलों पर लदी खाद की बोरियों को वहीं रास्ते में फेंककर संवेदनशील सीमाई इलाके का फायदा उठाते हुए नेपाल भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से दोनों साइकिलें और उन पर लदी कुल दस बोरी अवैध यूरिया खाद को अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी पवन कुमार राय ने बताया की बरामद खाद व साइकिल को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले में कस्टम एक्ट के तहत त्वरित कार्रवाई की है और आगे की वैधानिक प्रक्रिया के लिए बरामद किए गए खाद व साइकिल को नौतनवा कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया गया है।

## शादी का झांसा देकर किशोरी को भगाया, केस दर्ज

**सहजनवा/गोरखपुरः** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि सिकरीगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अपने साथ भगा ले गया। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। परिजनों की तहरीर के आधार पर हरपुर बुदहट पुलिस ने आरोपी युवक ओम प्रकाश के खिलाफ अपहरण सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस किशोरी की तलाश के साथ ही आरोपी युवक का पता लगाने में जुटी है। पुलिस ने किशोरी की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि किशोरी 23 अगस्त को घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से जानकारी लेने के साथ उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में परिजनों को जानकारी हुई कि सिकरीगंज थाना क्षेत्र का युवक ओम प्रकाश उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। परिजनों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस किशोरी और आरोपी युवक की लोकेशन तथा अन्य संभावित सुरागों के आधार पर तलाश कर रही है। थाना पुलिस का कहना है कि किशोरी की बरामदगी के बाद उसके बयान और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रामगढ़ताल में मुठभेड़ के बाद शातिर नकबजन गिरफ्तार, जेवर-नकदी बरामद

## 25 मुकदमों वाला आरोपी गिरफ्तार, चोरी के आभूषण, 10 हजार रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
रिपोर्टर/शत्रुघ्न मणि त्रिपाठी

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना पुलिस और एंटीथेफ्ट सेल की संयुक्त टीम ने चोरी और नकबजनी की वारदातों में वांछित एक शातिर आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान तुर्कमानपुर नई मस्जिद निवासी मो. शहजादे पुत्र स्व. अजीजुल हक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसके कब्जे से चोरी के आभूषण, 10 हजार रुपये नकद, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और देशी तमंचा-कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए एक अन्य अभियोग भी दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक रामगढ़ताल क्षेत्र में 20 अगस्त को एक घर में चोरी की वारदात हुई थी। पीड़ित के गांव जाने के दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे आभूषण और नकदी पार कर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मो. शहजादे को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत सामान्य बताई गई। तलाशी में पुलिस ने चार कंगन, एक अंगूठी, एक मंगलसूत्र और गले का हार, 10 हजार रुपये, एक मोटरसाइकिल, देशी तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी नियाज अहमद निवासी जमुनहिया बाग और एक अन्य अज्ञात साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अब सामने आए अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार शहजादे का आपराधिक इतिहास लंबा है। उसके खिलाफ गोरखपुर और संतकबीरनगर के विभिन्न थानों में चोरी, लूट, नकबजनी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट समेत गंभीर धाराओं में कुल 25 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की कार्रवाई को इलाके में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

## सुबह-सुबह सड़कों पर सुरक्षा के हितार्थ उतरी पुलिस

### मॉर्निंग वॉकर्स से संवाद, संदिग्धों की चेकिंग और छात्राओं को सुरक्षा का पाठ

**देवरिया।** जिले में अब सुबह की सैर भी पुलिस की निगरानी में होगी। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देश पर मंगलवार को 'द्यगुड मॉर्निंग देवरिया'द्य अभियान के तहत पुलिस टीमें तड़के ही पार्कों, स्टेडियमों, प्रमुख मार्गों, स्कूलों और मंदिर-शिवालयों के आसपास उतर गईं। पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने की कोशिश की गई। पुलिसकर्मियों ने मॉर्निंग वॉक करने वाले महिला-पुरुषों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव जाने और बुजुर्गों से आत्मीय बातचीत कर उन्हें हरसंभव मदद और सुरक्षा का भरोसा दिया। अभियान का दूसरा मोर्चा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग रहा। प्रमुख मार्गों व संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। नियम तोड़ने वालों को चेतावनी देने के साथ आवश्यक कार्रवाई की गई। वहीं एंटी रोमियो टीमों ने स्कूल और कोचिंग जाने वाली बालिकाओं से संवाद कर उन्हें 1090 और 112 जैसी हेल्पलाइन की जानकारी दी। पुलिस का संदेश साफ है सुरक्षित सुबह, सशक्त नारी और भयमुक्त देवरिया। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# महिला आयोग की जनसुनवाई में 13 शिकायतें, 10 का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** निरीक्षण भवन में मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई हुई। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचीं महिलाओं ने अपनी समस्याओं से जुड़े 13 प्रकरण प्रस्तुत किए। सदस्य ने एक-एक शिकायत सुनने के साथ संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 10 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं तीन मामलों में जमीनी विवाद सामने आया। इन्हें स्थलीय जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच की कार्रवाई और परिणाम की जानकारी संबंधित पक्षकारों को उपलब्ध कराने को भी कहा।

ऋतु शाही ने अधिकारियों से कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से लिया जाए। महिला सुरक्षा, उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा और भरण-पोषण से जुड़े मामलों में पीड़िताओं को आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्हें संबंधित कल्याणकारी योजनाओं और विधिक सहायता की जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उनकी सुरक्षा और सम्मान करना संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जो मामले मौके पर निस्तारित नहीं हो सके, उनका गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# देखें, सीखें और करें मखाना समेत नई उद्यान फसलों की खेती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** मखाना विकास योजना के तहत किसानों को नई और अधिक आय देने वाली जलीय व उद्यान फसलों की आधुनिक खेती से जोड़ने के लिए मंगलवार को फील्ड भ्रमण कराया गया। किसानों ने कुशीनगर के खड्डा विकासखंड के रामपुर जंगल गांव में प्रगतिशील मखाना एवं कमल उत्पादक धर्मेंद्र जायसवाल के तालाब का भ्रमण कर मखाना उत्पादन की व्यावहारिक जानकारी ली। जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता ने बताया कि सोमवार को कृषि ज्ञान केंद्र में जिले के 60 से अधिक किसानों को मखाना उत्पादन की तकनीक और खेती से जुड़ी जानकारी दी गई थी। प्रशिक्षण के बाद किसानों को मौके पर ले जाकर खेती की तकनीक को देखने और समझने के उद्देश्य से भ्रमण कराया गया। इस दौरान किसानों ने खड्डा विकासखंड के दरगौली गांव में उमेश के यहां केले की बागवानी और रामनगर गांव में पप्पू साहनी के यहां हल्दी की व्यावसायिक खेती भी देखी। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि मखाना की बढ़ती मांग को देखते हुए पूर्वांचल में इसे जलीय फसल के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले में चालू वर्ष से पांच हेक्टेयर क्षेत्रफल में किसानों के तालाबों में मखाना की खेती के लिए अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से योजना का लाभ उठाकर मखाना उत्पादन से जुड़ने की अपील की।

उद्यान निरीक्षक रणजीत यादव ने किसानों को परंपरागत खेती के साथ उद्यान एवं जलीय फसलों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि फसल का चयन स्थानीय जलवायु, खेत की आवश्यकता और जल संरक्षण को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। योजना प्रभारी ने ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई की स्थापना पर 90 प्रतिशत तक अनुदान की जानकारी देते हुए जल संरक्षण के साथ खेती की लागत कम करने के उपाय बताए। भ्रमण में विभागीय फील्ड स्टाफ गिरिजा शंकर यादव, प्रगतिशील किसान सुरेंद्र चौहान सहित प्रशिक्षण में शामिल किसान मौजूद रहे।

## निष्क्रिय पदाधिकारियों को नोटिस, एक सप्ताह में जवाब नहीं तो होगा निष्कासन

**देवरिया।** उद्योग व्यापार मंडल की बैठक मंगलवार को वीरेंद्र गुप्ता के प्रतिष्ठान पर सुधाकर गुप्ता की अध्यक्षता और वीरेंद्र गुप्ता के संचालन में हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों में निष्क्रिय पदाधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि एक सप्ताह के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधित पदाधिकारियों के निष्कासन की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापारियों के हितों और उनकी समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारी वर्ग के साथ किसी भी तरह का अनुचित व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों के हितों के लिए जरूरत पड़ने पर व्यापार मंडल सड़क पर उतरकर संघर्ष करेगा। बैठक में सुधाकर गुप्ता, संजय पांडेय, रवि रौनियार, हरीशचंद्र जायसवाल, पप्पू उर्फ संजीव रौनियार, भरत जी रौनियार, गोपीचंद यादव, बृजमोहन रौनियार, गोपाल जी, संतोष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में पूर्व विधायक सुरेश यादव के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बाल सुरक्षा को लेकर गोरखपुर पुलिस सख्त, बाल अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर गोरखपुर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में क्षेत्राधिकारी अपराध मनीष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) एवं मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटी) की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें बाल अपराधों की रोकथाम, पीड़ित बच्चों के बचाव, पुनर्वास और कानूनी कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में किशोर न्याय अधिनियम-2015, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी, भिक्षावृत्ति, बेघर बच्चों के बचाव एवं पुनर्वास तथा मानव तस्करी की रोकथाम पर चर्चा हुई। पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों में कार्रवाई की स्थिति की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम, बंधुआ मजदूरी और बेघर बच्चों के बचाव एवं पुनर्वास के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के दौरान अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बैठक में पॉक्सो मामलों में बाल कल्याण समिति के समक्ष शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग, विवेचना एवं अभियोजन में आ रही समस्याओं के तत्काल समाधान तथा बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बाल कल्याण समिति, श्रम, स्वास्थ्य, शिक्षा, जेल, रेलवे सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, जिला अपराध अभिलेख ब्यूरो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी तथा एएचटी प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार और स्टाफ ने भी सहभागिता की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल शोषण, बाल श्रम, मानव तस्करी और यौन अपराधों के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ित बच्चों को त्वरित सहायता, संरक्षण और न्याय दिलाने के लिए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

# दो बाइक के टक्कर में तीन घायल, एक गंभीर

## गंभीर चोट लगने से निपनिया निवासी एक युवक की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के बॉर्डर डेवलपमेंट रोड पर स्थित श्यामकाट पुल से करीब सौ मीटर पश्चिम दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई जिसमें तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत निपनिया निवासी प्रमोद विश्वकर्मा पुत्र दयाशंकर विश्वकर्मा और उक्त गांव निवासी मनोज चौधरी पुत्र खुशिहाह चौधरी अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूपी 56 एडब्ल्यू 4025 पर सवार होकर भगवानपुर से सोनौली की तरफ जा रहे थे। जैसे ही श्यामकाट पुल के समीप पहुंचे तभी पीछे से भगवानपुर की तरफ से सोनौली की तरफ जा रहे नेपाल के भैरहवा निवासी शाहिल पुत्र मोहम्मद यूनुस की मोटरसाइकिल लु. 38 प. 5548 बाइक से पीछे से टक्कर हो गई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक निपनिया निवासी अपनी बाइक को अचानक यू-टर्न लेने लगा जिसके कारण नेपाल निवासी युवक अनियंत्रित होकर बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नेपाली बाइक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और दोनों वाहनों पर सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि इस हादसे में नेपाल निवासी शाहिल और निपनिया निवासी प्रमोद को मामूली आंशिक चोटें आई थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं दूसरी ओर निपनिया निवासी मनोज चौधरी के सिर पर काफी गंभीर चोट आई है, जिसके कारण वे दुर्घटना के बाद से ही लगातार बेहोश है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में सोनौली थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी किसी पक्ष से तहरीर प्राप्त नहीं हुआ है, तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# गोला-रावतपार प्रधानमंत्री सड़क जर्जर, ग्रामीणों ने विधायक से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार, गोरखपुर।** गोला तहसील मुख्यालय से रावतपार चौराहे तक जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क इन दिनों बदहाली की मार झेल रही है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं और बारिश का पानी भरने से राहगीरों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। परसिया निस्फी राजा टोले के पास सड़क की हालत सबसे खराब है। घरों के नाबदान का पानी सीधे सड़क पर बहने से सीसी रोड का करीब आधा हिस्सा कटकर क्षतिग्रस्त हो चुका है। ग्रामीणों ने जल्द मरम्मत नहीं होने पर सड़क के पूरी तरह कटने और आवागमन बाधित होने की आशंका जताई है। गोला से रावतपार जाने वाला यह मार्ग परसिया निस्फी, खदरा, पकड़ी, पोखरी गांव, रामपुर बघौरा, गाजेगहड़ा और सिहाइजपार होते हुए रावतपार चौराहे पर एनएच-29 से जुड़ता है। इस मार्ग से करीब 100 गांवों के लोग तहसील मुख्यालय और गोला बाजार आते-जाते हैं। निजी वाहन, ट्रक, मैजिक और स्कूली बसों का दिनभर आवागमन रहता है। ग्रामीणों के अनुसार परसिया निस्फी में पहले सड़क नीची थी। बाद में सीसी रोड बनाकर उसे ऊंचा तो कर दिया गया, लेकिन घरों के नाबदान के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। सड़क किनारे बने छोटे गड्ढे के भर जाने के बाद पानी अब सीधे सड़क पर बह रहा है। लगातार जलभराव से सड़क कटती जा रही है। पकड़ी चौराहे और खदरा प्राथमिक विद्यालय के पास भी सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से वे दिखाई नहीं देते, जिससे बाइक सवार, साइकिल सवार और स्कूली बच्चे दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। क्षेत्र के हरिवंश शाही, डॉ. विद्या निवास, बबलू शाही, शिवप्रताप शाही, हरिओम दुबे समेत अन्य ग्रामीणों ने विधायक से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और नाबदान के पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है।

## सहजनवा में दो-अलग स्थानों से बाइक चोरी, अज्ञात चोरों पर केस

**सहजनवा गोरखपुर।** सहजनवा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी होने के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला खलीलाबाद थाना क्षेत्र के बघौली, संतकबीरनगर निवासी अमित कुमार पुत्र शंभू जायसवाल से जुड़ा है। अमित कुमार गैलेंट इस्पात फैक्ट्री में काम करते हैं और सहज जन सेवा केंद्र के पास किराए के मकान में रहते हैं। उन्होंने बताया कि दो अगस्त की रात उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की और अंदर सोने चले गए। अगले दिन भोर करीब पांच बजे जब वह घर से बाहर निकले तो बाइक गायब मिली। आसपास और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चल सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरा मामला गीडा थाना क्षेत्र का है। सेक्टर-5 निवासी आदित्य चौरसिया किसी काम से गीडा सेक्टर-7 स्थित बुद्धा इंजीनियरिंग कॉलेज गए थे। उन्होंने अपनी बाइक कॉलेज परिसर में खड़ी की थी। कुछ देर बाद वापस लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली।

# छेड़खानी का विरोध करने पर परिवार पर हमला, पिता के सिर में गंभीर चोट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी/गोरखपुर** जिले के खजनी थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव में किशोरी से छेड़खानी का विरोध करना उसके परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध से नाराज गांव के कुछ युवकों ने सोमवार देर रात घर पर हमला कर किशोरी के पिता समेत परिवार के कई सदस्यों को मारपीट कर घायल कर दिया। हमले में पिता के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने डायल 112 पर सूचना दी। मंगलवार को खजनी थाने में लिखित तहरीर दी गई, जिसके बाद पुलिस ने घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल संतोष चौहान पुत्र रामकृपाल चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के धर्मबीर चौहान, महाबीर चौहान पुत्रगण दिनेश चौहान तथा उनके भांजे मनीष कुमार समेत अन्य लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। संतोष के मुताबिक सोमवार रात करीब चार-पांच लोग उनकी किशोरी बेटी के साथ अभद्रता और छेड़खानी कर रहे थे। जानकारी होने पर उन्होंने इसका विरोध किया और युवकों को वहां से चले जाने को कहा। आरोप है कि छेड़खानी का विरोध करने के कुछ देर बाद आरोपी चार-पांच की संख्या में एकजुट होकर पहुंचे और परिवार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने संतोष चौहान के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर घायल हो गए। इसके अलावा उनकी बेटी करीना और परिवार के प्रिंस के साथ भी मारपीट की गई। दोनों के कमर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आने की बात कही गई है। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि छेड़खानी का विरोध करने के कारण ही उन्हें निशाना बनाया गया। मंगलवार को पुलिस ने घायलों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा। तहरीर के आधार पर पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। खजनी पुलिस का कहना है कि तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने घटना से जुड़े सभी तथ्यों की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

## विद्यालय परिसर से जर्जर भवन का हटाया मलबा, बच्चों को राहत

**देवरिया।** जनपद के बेलवालिया प्राथमिक विद्यालय परिसर में लंबे समय से पड़े जर्जर भवन के मलबे को आखिरकार हटा दिया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद विद्यालय परिसर को मलबे से मुक्त कराया गया। इससे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को राहत मिली है। विद्यालय परिसर में गन्ना विभाग का जर्जर भवन स्थित था। वर्ष 2022 में नियमानुसार भवन की नीलामी हो चुकी थी, लेकिन विवाद के चलते नीलामी के बाद भी उसका मलबा मौके से नहीं हट सका था। जर्जर भवन का मलबा विद्यालय परिसर में ही पड़ा होने से सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे थे। प्रकरण जिलाधिकारी के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर मलबा हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के समन्वय से मंगलवार को भवन का मलबा पूरी तरह हटवा दिया गया। मलबा हटने के बाद विद्यालय परिसर साफ-सुथरा और सुरक्षित नजर आने लगा है। साथ ही खाली हुए स्थान का विद्यालय की जरूरत के अनुसार बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने सार्वजनिक परिसरों में जर्जर और निष्प्रयोज्य भवनों को लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# महेन के बाबा महेंद्रनाथः जहाँ शिव जड़ हो गए- डॉ. विवेकानंद उपाध्याय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरहज,देवरिया।** क्या आपने कभी सोचा है कि भगवान शिव, जो स्वयं काल के भी काल हैं, जो सृष्टि के संहारक हैं, वे एक दिन खुद जड़ कैसे हो गए? क्या ऐसा संभव है कि कोई मानवीय भूल स्वयं महादेव को पत्थर में बदल दे? देवरिया जिले के एक सुनसान जंगल में आज भी एक ऐसा शिवलिंग है जो इस असंभव से लगने वाले रहस्य का जीवंत गवाह है। कहा जाता है कि आधी रात के बाद आज भी इसके बंद गर्भगृह से शंख और डमरू की दिव्य ध्वनि सुनाई देती है, और इसके केवल दर्शन मात्र से अकाल मृत्यु का योग भी टल जाता है। यह कोई कल्पना नहीं, यह कहानी है देवरिया-बरहज प्रमुख जिला मार्ग पर भदिला दोयम, महेन गांव, थाना मदनपुर में स्थित बाबा महेंद्रनाथ धाम की, जिसे लोग सिर्फ एक मंदिर नहीं, एक जीवंत चमत्कार कहते हैं। यह धाम पूर्वांचल के उन विरले शिवस्थलों में है जहाँ आज भी भक्तों को यह एहसास होता है कि भगवान यहाँ पत्थर में नहीं, साक्षात विराजमान हैं।

इस मंदिर का सबसे बड़ा रहस्य इसके गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग में छिपा है। यह कोई सामान्य शिवलिंग नहीं है। यह भूमि के अंदर से स्वयं प्रकट हुआ स्वयंभू और अद्भुत शिवलिंग है। पुजारियों के अनुसार यह शिवलिंग अर्धनारीश्वर स्वरूप में है। यदि आप इसे ध्यान से देखें तो इसके एक भाग में शिव की जटाओं जैसी प्राकृतिक रेखाएं और दूसरे भाग में माता पार्वती के श्रृंगार जैसी कोमलता दिखाई देती है। भारत में ऐसा शिवलिंग गिने-चुने स्थानों पर ही है। सबसे बड़ा रहस्य यह है कि इस शिवलिंग की ऊंचाई आज भी धीरे-धीरे बढ़ रही है। बुजुर्ग पुजारी बताते हैं कि बीस साल पहले जो जलहरी शिवलिंग को आधी ढकती थी, आज वह और भी नीचे लगती है। दूसरा चमत्कार इस शिवलिंग से जुड़ा है अकाल मृत्यु से मुक्ति का। दैनिक जागरण में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार मान्यता है कि इसके दर्शन मात्र से लोगों को अकाल मृत्यु से मुक्ति मिल जाती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में कालसर्प या अकाल मृत्यु का योग हो, तो यहाँ सच्चे मन से जलाभिषेक करने पर वह दोष कट जाता है। महेन गांव के ही एक परिवार की कथा सुनाई जाती है कि उनका पुत्र गंभीर बीमारी से मृत्यु शय्या पर था, डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। परिवार ने बाबा महेंद्रनाथ का संकल्प लेकर राप्ती तट से जल लाकर लगातार 41 दिन अभिषेक किया और बालक स्वस्थ हो गया। इस धाम की स्थापना की कथा भी किसी रहस्य से कम नहीं है। सैकड़ों वर्ष पूर्व जब यह पूरा क्षेत्र घना जंगल था, जहाँ दिन में भी सियार और जंगली जानवरों की आवाजें गूंजती थीं, उसी जंगल में महेन गांव में ब्राह्मण कुल में लक्ष्मी नारायण दास जी का जन्म हुआ। वे रोज ब्रह्म मुहूर्त में गांव के दक्षिण में बहने वाली राप्ती नदी में स्नान कर उसी पीपल के पेड़ के नीचे तपस्या में लीन हो जाते थे जहाँ आज मंदिर है। पुजारी कुबेर नाथ भारती जी बताते हैं कि महाकाल भोले शंकर स्वयं अर्धनारीश्वर स्वरूप में प्रकट होकर उन्हें वेदों का गूढ़ ज्ञान देते थे। यह क्रम वर्षों तक चलता रहा। पर एक दिन इस रह

# 48 घंटे से ठप है बिजली आपूर्ति, 78 गांवों में मचा हाहाकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विश्व देव राठौर



**बरेली/**नवाबगंज विधानसभा के विकासखंड भदपुरा के क्यों लड़िया में बना विद्युत उपकेंद्र के उपभोक्ताओं को 48 घंटे बीत जाने के बाद भी विभाग विद्युत आपूर्ति करने में असफल रहा है इतना ही नहीं इस उपकेंद्र से इस विकासखंड के 78 गांव प्रभावित हुए हैं जिनके लिए यहां से बिजली सप्लाई आपूर्ति की जाती है जो 48 घंटे से बंद पड़ी है। जिसके कारण लोगों में तिराह-तिराह मची है बिजली विभाग के अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक किसी उपभोक्ता का फोन उठाना नहीं चाहते हैं इसके कारण भदपुरा विकासखंड कार्यालय में भी सभी कार्य बंद पड़ा है बिजली आपूर्ति न होने के कारण कंप्यूटर सफेद हाथी की तरह रखे हैं उनका संचालन करने वाले लोग बैठे-बैठे तारे गिन रहे हैं यदि बिजली आ जाती है तो वह सरकारी कार्य करना प्रारंभ करेंगे परंतु बिजली विभाग की तरफ से कोई भी राहत मिलती जनता को दिखाई नहीं दे रही है। इस मामले में एसडीम नवाबगंज सचिन यादव से संपर्क किया गया तो उन्होंने आश्वासन दिया विभाग से बात करके समाधान निकलवाते हैं एसडीओ विद्युत राजेंद्र सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्वीकार किया विद्युत आपूर्ति होने में समस्या उत्पन्न हो रही है परंतु यह बताना सुनिश्चित नहीं किया बिजली कब तक प्राप्त होगी या नहीं होगी इसी बाबत बरेली मंडल के आयुक्त शंभू कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने विभाग से वार्ता करके निस्तारण का आश्वासन दिया। है परंतु आयुक्त बरेली मंडल से उपभोक्ताओं को बात करना आसान है। परंतु यहां के अभियंता विद्युत संजय कुमार ने तो किसी का फोन भी नहीं उठाया जिससे यहां की जनता में भारी रोज व्याप्त है।

## डीएम की कलाई पर छात्राओं ने बांधी राखी, उपहार के साथ मिला सफलता का मंत्र

**कानपुर नगर।** रक्षाबंधन के अवसर पर मंगलवार को ऑक्सफोर्ड मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं और शिक्षिकाएं कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचीं और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को राखी बांधी। छात्राओं ने जिलाधिकारी की आरती उतारकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। जिलाधिकारी ने छात्राओं को उपहार भेंट किए और उनसे संवाद कर पढ़ाई, संस्कार एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इल्तिजा, अपूर्वा, सानिया, अवनी, अन्वी सहित अन्य छात्राओं ने जिलाधिकारी को एक-एक कर राखी बांधी। विद्यालय की शिक्षिकाओं अनुराधा, रीना और सुनीता सहित अन्य शिक्षिकाओं ने भी जिलाधिकारी को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में बातचीत की।

# पारिवारिक विवाद में दंपत्ति चढ़े पानी की टंकी पर, बमुश्किल दो घंटे बाद उतारा गया नीचे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** पैतृक संपत्ति बंटबारे के विवाद का हल न निकल पाने से परेशान एक दंपत्ति बच्चे को साथ लेकर मंगलवार की सुबह सरोजनी नायडू पार्क के बगल में बनी सरकारी पानी की टंकी पर चढ़ गये। दंपत्ति करीब दो घंटे तक टंकी पर चढ़े रहे और अपनी समस्या शिकायत को लेकर चिल्लाते रहे और टंकी से नीचे कूदने की धमकी देते रहे। इस दौरान नीचे तमाशबीनों की खासी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सहित मोहल्ले के कुछ संभ्रांत लोग मौके पर पहुंचे और दंपत्ति को काफी समझाया जिसके बाद ही ही दंपत्ति टंकी से नीचे उतरे। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 7 बजे गोखले नगर निवासी सोनू कुशवाहा (32) अपनी पत्नी शालिनी देवी (28) और दो वर्षीय बेटे हार्दिक को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गया और नीचे कूदकर आत्महत्या की धमकी देने लगा। नीचे उसके बच्चे वैष्णवी (4) और साध्वी (6) रोते हुए माता-पिता से नीचे उतरने की गुहार लगाते रहे। कोतवाल निगवेन्द्र प्रताप सिंह और विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री साकेत शांडिल ने सोनू को समझा-बुझाकर टंकी से नीचे उतरवाया और फिर परिवार के सभी सदस्यों को समझाकर रास्ते और बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद हल कराया। बताया गया कि वर्ष 2011-12 में चार भाइयों के बीच बंटवारा हुआ था, जिसमें सोनू को घर का पिछला हिस्सा मिला था। वर्तमान समय में रास्ते को लेकर पिछले कई दिनों से आपसी पारिवारिक विवाद चल रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### बछड़ा बरामद की चोरों की तलाश में लगी पुलिस

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के छोटी दोहर गांव में मंगलवार तड़के अज्ञात चोर पशुबाड़ा में खूंटे से बंधी भैंस और उसके बछड़े को चोरी करने पहुंच गए। चोर बछड़े को वाहन में लादकर ले जाने में सफल रहे, जबकि शोरगुल होने पर भैंस को छोड़कर भाग निकले। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। वहीं घटना के कुछ समय बाद ही पुलिस ने बछड़े को बरामद कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। छोटी दोहर निवासी मिथुन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर के बाहर छप्पर युक्त कमरा बना हुआ है जिसमें वह भैंस, बछड़ा और गाय बांधता है। मंगलवार रात अज्ञात चोर उक्त कमरे में घुस आए और भैंस व बछड़े को चोरी कर ले जाने लगे। चोरों ने बछड़े को अपने साथ लाई गई गाड़ी में डाल लिया। इसी दौरान शोरगुल होने पर चोर अपने साथ भैंस को नहीं ले जा सके और उसे वहीं छोड़कर बछड़ा लेकर फरार हो गए। शोरगुल सुनकर मिथुन बाहर आया तो भैंस खूंटे से बाहर खुली खड़ी थी, जबकि करीब तीन साल का बछड़ा गायब था। वहीं सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने बछड़े को बरामद कर लिया है। पुलिस अब चोरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि चोरों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### झांसी की युवती प्रेमी से मिलने पहुंची कोंच, मोहल्ले में मचा हड़कंप

**कोंच(जालौन)-** झांसी की रहने वाली एक युवती मंगलवार सुबह अपने प्रेमी युवक की तलाश में कस्बे के आजाद नगर स्थित उसके घर पहुंच गई। अचानक युवती के पहुंचने से मोहल्ले में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रेमी और प्रेमिका अलग-अलग धर्मों के होने के कारण हिंदूवादी संगठन भी मामले में सक्रिय दिखाई दिए। कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवती व युवक के परिजनों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटाई। युवती ने मोहल्ले के लोगों को बताया कि वह झांसी की रहने वाली है। युवती के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से युवक ने उससे संपर्क तोड़ दिया था। इसके बाद वह युवक की तलाश करते-करते कोंच स्थित उसके घर पहुंच गई। उसे जानकारी नहीं थी कि युवक शादीशुदा और तीन बच्चे वाला है। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। फिलहाल, पुलिस ने युवती को उसके घर भिजवा दिया है। कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि युवती, युवक से मिलने आई थी, वह उसे मिला नहीं है और युवती ने अभी कोई तहरीर भी नहीं दी है। वह वापस अपने घर चली गई है। अगर वह तहरीर देती है तो आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अवैध गांजा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)-** अवैध गांजा लेकर जा रहे व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी भरत सिंह उर्फ बाबू पुत्र पुनू मंगलवार को पंचानन चौराहे से लौना रोड पर जा रहा था। मंडी चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ने संदिग्ध अवस्था में देख उसे पकड़ लिया और उसकी जामातलाशी ली तो उसके पास से 615 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# द्वारकेश शुगर मिल द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/भदपुरा।** आज विकास खंड भदपुरा के ग्राम लामखेड़ा में द्वारिकेश शुगर मिल, फरीदपुर (बरेली) द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए चीनी मिल के मुख्य प्रबंधक (गन्ना) एवं उप प्रबंधक (गन्ना) ने किसानों को शरदकालीन गन्ना बुवाई के महत्व तथा उन्नत गन्ना उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को गन्ने की उन्नत प्रजातियों, उचित बुवाई समय, बुवाई की वैज्ञानिक विधि, खाद एवं उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई तथा फसल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। मिल के गन्ना अधिकारियों ने किसानों से शरदकालीन गन्ने की बुवाई वैज्ञानिक विधि से करने तथा उन्नत तकनीकों को अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करने का आह्वान किया।

साथ ही किसानों की गन्ना फसल से संबंधित समस्याओं एवं प्रश्नों का समाधान करते हुए आवश्यक सुझाव दिए गए। गोष्ठी के दौरान किसानों को चीनी मिल द्वारा गन्ना विकास एवं किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी गई। किसानों ने मिल अधिकारियों द्वारा दी गई तकनीकी जानकारी की सराहना की।

# मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद कानपुर नगर निगम के ठेकेदारों पर चला हंटर

## पांच एफआईआर दो गिरफ्तार, नगर निगम के ठेकों में होगी अब ई- टेंडरिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कानपुर नगर निगम पर सख्ती के बाद नगर निगम में अवैध वसूली, डराने-धमकाने एवं ठेकों में अनियमितता के संबंध में अब तक कुल छः अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। दो अभियुक्त गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि अभियुक्त गोविंद शर्मा फरार है, जिसकी लोकेशन राजस्थान में मिली है। शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने बताया कि जांच में ठेकों को प्रभावित करने, ठेकेदारों पर दबाव बनाने एवं अवैध वसूली के तथ्य सामने आए हैं। नगर निगम की पुरानी ठेका प्रक्रिया समाप्त कर अब लंबित एवं आगामी कार्यों में ऑनलाइन ई-टेंडरिंग अपनाई जाएगी। लगभग 100 करोड़ के टेंडर निरस्त कर शीघ्र रिटेंडरिंग की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि प्रकरण में संबंधित फर्मों, बैंक खातों एवं वित्तीय लेन-देन की जांच की जा रही है तथा लगभग सात फर्मों को ब्लैकलिस्ट किया गया है। अधिकारियों की संभावित संलिप्तता की भी जांच होगी और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। माननीय मुख्यमंत्री जी की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप प्रकरण में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह पूछे जाने के बाद कि क्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद यह एक्शन लिया गया है तो पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने कहा कि नगर आयुक्त द्वारा यह जांच पहले से चलाई जा रही थीं लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद इसमें तेजी आई है। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस की नीति है इसलिए किसी भी दबंग, माफिया और भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

## बारावफात व रक्षाबंधन के मद्देनजर अपराध समीक्षा पर चर्चा

**कानपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपराध/कानून-व्यवस्था, आगामी पर्व बारावफात एवं रक्षाबंधन, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समीक्षा गोष्ठी में अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा कानपुर जोन के समस्त जनपदों में अपराध एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत की गयी तैयारियों, आगामी पर्वों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु की गयी व्यवस्थाओं, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही तथा सोशल मीडिया के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

# आरक्षण कोई भीख या खैरात नहीं: सांसद अरुण भारती

**लखनऊ/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जमुई सांसद और उत्तर प्रदेश प्रभारी अरुण भारती ने आरक्षण विरोधी आंदोलनकारियों से मुलाकात करने पर यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि आरक्षण बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान द्वारा दिया गया अधिकार है, कोई भीख या खैरात नहीं है, जिसे कोई चिट्ठी लिखकर खत्म कर सके।ब्रजेश पाठक से पूछे सीधे सवालसांसद अरुण भारती ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि संवैधानिक पद की मर्यादाः 'आप एक जिम्मेदार और संवैधानिक पद पर बैठे हैं। जब आप किसी समाज को मिले संवैधानिक अधिकार को छीनने की वकालत करते हैं, तो यह कहां से न्यायोचित है? 'ब्रजेश पाठक जी को स्पष्ट करना चाहिए कि वह किन लोगों से मिले, किसका संदेश लिया और किसकी चिट्ठी लेकर दिल्ली (केंद्रीय नेतृत्व के पास) गए हैं? आंदोलनअरुण भारती ने देश में चल रहे 'आरक्षण हटाओ आंदोलन' पर गहरी आपत्ति जताते हुए इसे इतिहास का पहला नकारात्मक आंदोलन करार दिया। देश में अब तक गरीबी हटाओ, भेदभाव हटाओ या दहेज हटाओ जैसे सकारात्मक आंदोलन हुए हैं, लेकिन यह पहली बार है जब दूसरों का अधिकार छीनने के लिए कोई आंदोलन किया जा रहा है। देश के युवाओं के सामने बेरोजगारी और अवसरों की कमी एक वास्तविक समस्या है। लड़ाई रोजगार और अवसरों को बढ़ाने के लिए होनी चाहिए, न कि वंचितों के आरक्षण को खत्म करने के लिए। क्या है पूरा विवाद? यह विवाद तब गरमाया जब दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के बाद 'आरक्षण हटाओ आंदोलन' से जुड़े छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की थी।

# परीक्षाओं में सफलता के लिए जरूरी शेड्यूल और रिवीजन, 98% अंक के लिए आस्तिक दीक्षित सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** इस महानगर में होनहार विरवान के होत चीकने पात जैसे लोग कहावत को चर्चा करने वाले मेधावी छात्रों की भी कोई कमी नहीं है। दि चिन्टल्स स्कूल के आई.सी.एस.सी. बोर्ड के एक ऐसे ही होनहार मेधावी छात्र आस्तिक कुमार दीक्षित को कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने राघवेन्द्र स्वरूप आडिटोरियम हाल में हुये कार्यक्रम में मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि छात्रों को सफलता के लिये आई. क्यू. संग डी.क्यू. भी जरूरी है। डीएम ने कहा कि वर्तमान समय में अगर डिजिटल हाईजीन नहीं होगी तो सफलता मिलना मुश्किल है। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह. ने यह भी कहा कि कुछ सुविधाएं कम होना भी अच्छा है। इससे युवा खुद लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढता है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के सिर्फ 5 व्यक्ति करीबी लोग हो सकते हैं।15 अच्छे दोस्त हो सकते हैं। सार्थक सम्बन्ध वाले 150 लोग हो सकते हैं और 500 से 1500 लोग पहचान वाले हो सकते हैं। सोशल मीडिया के जमाने में करीबी व अच्छे दोस्तों को वरीयता दें, न की आनलाइन दोस्तो को। वहीं पढ़ाई को अपना शौक और जुनून बताते हुए हर किसी के सुख-दुख में सदैव खड़े होने वाले और कानपुर कचहरी में वकालत जैसे पवित्र पेशे के माध्यम से पीड़ितों को न्याय दिलाने में अग्रणी होने के साथ ही कई सरकारी और अर्ध सरकारी समितियों में सदस्य बेहद मानवीय दृष्टिकोण के तेज तर्रार और व्यवहार कुशल सरल व शालीन स्वभाव के कानून विद अधिवक्ता अनुज कुमार दीक्षित के इस होनहार बेटे टॉपर छात्र आस्तिक दीक्षित ने कहा कि अब उसका लक्ष्य आई.एस.सी. कक्षा 12 में टॉप करने के साथ साथ मेडिकल नीट के लिये आल इण्डिया में अच्छी रैंक लाकर एम्स दिल्ली में प्रवेश लेकर मेडिकल की पढ़ाई करना है ,जिससे जरुरतमंद लोंगो का ईलाज हो सके। इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए छात्र आस्तिक कुमार दीक्षित ने कहा कि उसने नियमित पढ़ाई का शेड्यूल और लगातार रिवीजन की जो रणनीति बनाई वही अच्छे अंक प्राप्त करने में व टॉपर बनने में सफलता का आधार बनी। आस्तिक कुमार दीक्षित ने कहा कि शिक्षा का मतलब सिर्फ क्लासरूम या परीक्षा व बेहतर अंकों तक सीमित रहना नहीं है। छात्र आस्तिक ने कहा कि यह अवसर सम्मान और बेहतर भविष्य के लिये वर्षों तक कड़ी मेहनत कराता है ,जिसके लिए छात्रों के माता पिता भी उसकी सफलता के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखते। इसीलिए छात्रों को मार्केटिंग का हिस्सा नहीं बनना चाहिए। इस मौके पर द चिन्टल्स के छात्रो द्वारा शास्त्रीय नृत्य के साथ प्रस्तुत गणेश वंदना भी तालियों की गड़गड़ाहट का पात्र बनी। इस दौरान पूरा आडिटोरियम भारत माता की जयकार के साथ गूंज उठा। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि मेरे कार्यकाल के दो वर्षों का यह सराहनीय प्रस्तुति है। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य व्यक्ति व छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।

# बाबू विन्देश्वरी प्रसाद मंडल की 108वीं जयंती पर सपा महानगर का पीडीए सम्मेलन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के बूथ मतदान केन्द्र के प्रभारियों, कैंट, किदवई नगर, सीसामऊ, गोविन्द नगर, आर्यनगर विधान सभा के जोनल प्रभारियों और फ्रंटल संगठनों का वृहद सम्मेलन आयोजित हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व सांसद व मंडल आयोग (पिछड़ा वर्ग आयोग) के अध्यक्ष बाबू विन्देश्वरी प्रसाद मंडल की 108वीं जयंती पर आज सपा हाल में सपा महानगर अध्यक्ष फजल महमूद की अध्यक्षता में पीडीए सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिन्टू ने किया। सर्वप्रथम माननीय बी.पी. मंडल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरम्भ हुआ और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। उक्त अवसर पर सपा महानगर अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बी.पी. मंडल ने सामाजिक न्याय का सन्देश देकर 27 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के आरक्षण की जो सिफारिश की थी, उससे समाज में एक न्यायिक परिवर्तन आया। उन्होंने उपेक्षित वर्ग को अधिकार देकर परिवर्तन का जो सन्देश दिया, उसे आज भी जनमानस में सराहा जा रहा है। अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि बाबू विन्देश्वरी प्रसाद मंडल का जन्म 25 अगस्त 1918 को उत्तर प्रदेश के बनारस (वाराणसी) में हुआ था। वे राजघराने में पैदा हुए थे लेकिन उन्होंने पूरे देश में मंथन के बाद पिछड़े वर्ग की जो रिपोर्ट तैयार की थी, उसे पूरे देश में ही नहीं बल्कि विश्व में सराहा गया था। अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई पर नियंत्रण पाने में फेल हो गई है। जनता के ऊपर हो रहे अन्याय तथा महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान बाँटने के लिए और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बढ़ते हुए प्रभाव को देखकर, भाजपा अनर्गल आरोप लगाकर गुमराह करने का षड्यंत्र कर रही है। लेकिन जनता की थाली से व्यंजन गायब हो गए हैं। जनता 2027 में सबक सिखा कर पीडीए की सरकार बनाएगी।

## हाईवे किनारे खड़े 217 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

**कानपुर।** सुगम यातायात योजना के तहत पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में कानपुर नगर के प्रमुख हाईवे पर यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 217 वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों और सीसी टीम प्रभारियों ने वाहन चालकों को हाईवे एवं मुख्य मार्गों के किनारे वाहन खड़ा न करने की हिदायत दी। साथ ही निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और वाहन खराब होने की स्थिति में रिफ्लेक्टर, चेतावनी त्रिकोण तथा पार्किंग लाइट जैसे आवश्यक सुरक्षा संकेतकों का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इसी क्रम में टीएसआई सत्येंद्र पाल ने जाजमऊ स्थित द गंगा वर्ल्ड स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में सुरक्षित यातायात के साथ सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता के लिए संचालित राहवीर योजना की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यातायात नियमों से संबंधित जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई।

# किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाला युवक पॉक्सो एक्ट में गया जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस ने उक्त युवक को जेल भेज दिया है। इस सनसनीखेज मामले में किशोरी द्वारा युवक की चप्पलों से पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। यह मामला उस प्रकरण से भी जुड़ा है जिसमें किशोरी ने अपने ही पिता पर गंभीर आरोप लगाकर उसके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई थी। हालांकि मोहल्ले वालों ने भी उक्त युवक की कुटाई पिटाई करके पुलिस को सौंप दिया था और किशोरी ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन मंगलवार को किशोरी के दादा ने तहरीर देकर बताया कि 23 अगस्त 2026 की रात 11 बजे आजाद नगर का रहने वाला युवक नजरुद्दीन उर्फ नजर खान पुत्र इजराईल घर पर आया और गेट पर दस्तक दी। जब उसकी 16 वर्षीय नातिन ने दरवाजा खोला तो वह घर में घुस आया और नातिन के साथ गलत हरकत करने लगा तो वह चिल्लाई जिस पर मोहल्ले के लोग आ गए और युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं तथा 7/8 पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। मामला इसलिए भी गंभीर है कि युवक गैर धर्म का है। गौरतलब यह भी है कि उक्त किशोरी ने एक दिन पहले ही अपने पिता पर शराब के नशे में जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने और विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगा कर एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया था जब किशोरी ने उक्त युवक पर तीन माह से परेशान करने और रविवार रात घर में घुसकर गलत हरकत करने का आरोप लगाया था। कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# अपात्र राशन कार्ड की जांच पर उठे सवाल, आईजीआरएस रिपोर्ट भी घेरे में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** विकास खण्ड लालगंज ग्राम पंचायत अतरैला के अंतर्गत धसड़ा राजा में अपात्र राशन कार्ड को लेकर की गई शिकायतों पर कार्रवाई न होने का मामला अब अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अपात्र राशन कार्ड को निरस्त कराने के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया। इसके साथ ही आईजीआरएस (IGRS) के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन शिकायत के बावजूद आज तक मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थलीय जांच करने के बजाय मामले को कागजी कार्रवाई तक सीमित रखकर शिकायत को निस्तारित करने में जुटे हुए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार संबंधित व्यक्ति के पास कई बीघा जमीन होने के साथ अलग-अलग स्थानों पर पक्के मकान होने की बात कही जा रही है। आरोप है कि उसके पास ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन भी हैं तथा वह करीब दस वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान भी रह चुका है। ऐसे में शिकायतकर्ता ने सवाल उठाया है कि यदि जांच में संबंधित व्यक्ति राशन योजना की पात्रता के मानकों को पूरा नहीं करता है तो उसे सरकारी राशन योजना का लाभ किस आधार पर दिया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि मामले की वास्तविक स्थिति केवल कागजों से नहीं बल्कि मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन करने के बाद ही स्पष्ट हो सकती है। **आईजीआरएस की रिपोर्ट पर भी उठे सवाल** शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सप्लाई इंस्पेक्टर के पोर्टल पर आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के निस्तारण के बाद आईजीआरएस पर ऐसी रिपोर्ट लगाए जाने का आरोप है कि शिकायतकर्ता कार्रवाई से संतुष्ट है। जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि उसे न तो समस्या का समाधान मिला और न ही वह किसी कार्रवाई से संतुष्ट हुआ। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसे बताया गया कि उसकी शिकायत की रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी को भेज दी गई है। शिकायतकर्ता जब मामले की जानकारी लेने खंड विकास अधिकारी के कार्यालय पहुंचा तो वहां कथित तौर पर बताया गया कि इस संबंध में कोई शिकायत उनके पास आई ही नहीं है। इसके बाद शिकायतकर्ता के सामने यह सवाल खड़ा हो गया कि आखिर आईजीआरएस शिकायत की रिपोर्ट किस आधार पर तैयार की गई और यदि शिकायत खंड विकास अधिकारी को भेजी गई थी तो वहां उसका रिकॉर्ड क्यों नहीं पहुंचा। इस स्थिति ने शिकायत के निस्तारण की प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। **सप्लाई इंस्पेक्टर पर जांच में हीलाहवाली का आरोप** शिकायतकर्ता का आरोप है कि राशन कार्ड से संबंधित मामले की जांच और सत्यापन की जिम्मेदारी सप्लाई इंस्पेक्टर स्तर पर है, लेकिन इसके बावजूद मामले में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कई बार आवेदन देने के बाद भी मौके पर जाकर जमीन, मकान, वाहन और अन्य संपत्तियों का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया। आरोप है कि अधिकारी जांच को टालने के लिए एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय की ओर मामला भेज रहे हैं, जबकि शिकायतकर्ता लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर है।

# मिठास के नाम पर मिलावट का खेल! रतेह चौराहा और ड्रमंडगंज की मिठाई दुकानों पर उठे गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के रतेह चौराहा और आसपास संचालित मिठाई की दुकानों को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र की कुछ दुकानों पर बाहर से लाकर मिठाइयां बिक्री के लिए रखी जाती हैं, जिनकी गुणवत्ता और निर्माण में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों को लेकर संदेह बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार मिठाइयों की गुणवत्ता को लेकर चर्चा सामने आती रही है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से दुकानों पर नियमित जांच और नमूना लेने की कार्रवाई होती दिखाई नहीं देती, जिससे दुकानदारों के हौसले बढ़ते नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि मिठाइयों में मिलावट या घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है तो यह सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम में मिठाइयों की बिक्री बढ़ जाती है, ऐसे में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाना और दुकानों की जांच करना बेहद जरूरी है।

ग्रामीणों ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि रतेह चौराहा और ड्रमंडगंज क्षेत्र की मिठाई दुकानों का स्थलीय निरीक्षण कर मिठाइयों के नमूने लिए जाएं तथा उन्हें प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाए। जांच में यदि किसी दुकान पर मिलावट या मानकों के विपरीत खाद्य सामग्री पाए जाने की पुष्टि होती है तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि मिठाई के नाम पर लोगों को यदि खराब या मिलावटी खाद्य पदार्थ परोसे जा रहे हैं तो प्रशासन को मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच अभियान चलाना चाहिए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न हो सके। ग्रामीणों ने अधिकारियों से अपील की है कि शिकायत को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रखते हुए मौके पर पहुंचकर दुकानों की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए।

### ग्रामीणों ने अधिकारियों से जांच की लगाई गुहार

# कपिलवस्तु में 6 ग्रामीण सड़कों को मंजूरी: 11.10 करोड़ रुपए होंगे खर्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। लोक निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना के तहत छह प्रमुख संपर्क मार्गों के निर्माण को स्वीकृति दी है।इन परियोजनाओं पर कुल 11 करोड़ 10 लाख 55 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। स्वीकृत परियोजनाओं में सिकरी बखरिया से लोधडीह संपर्क मार्ग, उसका-सोहास मार्ग के किमी 3 से भलुहा संपर्क मार्ग, मोहाना-लोटन मार्ग के किमी 2 से रोहूडिला होते हुए रघुनाथपुर तक संपर्क मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा बर्डपुर-पिपरहवा मार्ग के किमी 5 से रामभारी होते हुए नोनहवा संपर्क मार्ग, मोहनिया पूरब व पश्चिम संपर्क मार्ग और गोरखपुरिया डीह से अलीगढ़वा होते हुए सेमेनार संपर्क मार्ग के निर्माण को भी मंजूरी मिली है।

इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के कई गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों की मुख्य मार्गों तक पहुंच आसान होगी। लंबे समय से आवागमन से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में ये संपर्क मार्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उक्त मार्गों के निर्माण कार्य से ग्रामीणों को बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य जरूरी सुविधाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। नई सड़कों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है। कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़कें विकास की पहली आवश्यकता हैं। संपर्क मार्ग बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और गांवों की मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, बिजली, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# भाजपा के प्रमोद पाण्डेय को मातृ शोक

**सीखड़-** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला कार्य समिति सदस्य प्रमोद कुमार पाण्डेय की माता सावित्री देवी (83) का सोमवार को इलाज के दौरान बीएचयू वाराणसी में निधन हो गया। वह पिछले करीब दो माह से बीमार चल रही थीं। उपचार के दौरान हालत बिगड़ने पर उन्होंने सोमवार को अंतिम सांस ली। सावित्री देवी का अंतिम संस्कार सोमवार देर रात धंनूपुर घाट पर किया गया। उनके निधन की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार में विधायक अनुराग सिंह सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के नागरिक पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## संक्षिप्त खबरें

### महेशपुर ओवरब्रिज पर पशु से टकराई बाइक, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के पूर्वा गांव से ड्रमंडगंज स्थित स्वराज एजेंसी पर काम करने जा रहे लल्लू यादव 62 वर्ष, पवन गोस्वामी 20 वर्ष और सुनील 28 वर्ष मंगलवार को एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर महेशपुर ओवरब्रिज के पास अचानक सड़क पर आए पशु से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायलों की मदद में जुट गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना एंबुलेंस को दी, जिसके पहुंचने पर तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आने की बात बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी को लेकर चिंता जताते हुए संबंधित विभाग से सड़क पर घूम रहे पशुओं को हटाने और दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों में लोगों की जान जोखिम में न पड़े। मौके पर पहुचे टैक्टर एजेन्सी के मालिक ने तुरत घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर पवन व सुनील को सुरक्षित रूप से इलाज किया गया और घायल ललू यादव को लेकर ड्रामा सेंटर वाराणसी बेहतर इलाज के लिए ले गए।

# एसबीआई मगरहा शाखा के प्रयास से दिवंगत खाताधारक की पत्नी को मिला- 2 लाख का बीमा लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़** भारतीय स्टेट बैंक, मगरहा शाखा द्वारा सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत एक सराहनीय पहल सामने आई है। शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार एवं शाखा के सभी कर्मचारियों के निरंतर प्रयास, फॉलोअप और आवश्यक प्रक्रिया में सहयोग के फलस्वरूप दिवंगत अब्दुल रहमान की नामिनी एवं पत्नी श्रीमती अंजुमुन निशा को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) के अंतर्गत 2 लाख की बीमा राशि का लाभ प्राप्त हुआ। अब्दुल रहमान ग्राम पसियाही, पोस्ट बिदापुर के निवासी थे तथा मगरहा क्षेत्र में कार वॉशिंग का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके निधन के बाद परिवार के सामने आर्थिक कठिनाइयां उत्पन्न हो गई थीं। ऐसे समय में भारतीय स्टेट बैंक, मगरहा शाखा के शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार एवं कर्मचारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक दस्तावेजों और प्रक्रिया में परिवार का सहयोग किया तथा लगातार फॉलोअप किया। इसके परिणामस्वरूप उनकी पत्नी श्रीमती अंजुमुन निशा को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख की बीमा राशि प्राप्त हुई।

शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने कहा कि बैंकिंग का उद्देश्य केवल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना ही नहीं, बल्कि सरकार एवं बैंक द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पात्र और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि शाखा के सभी कर्मचारी अपने स्तर से प्रयास करते हैं कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार के दो अन्य बीमा दावा प्रकरणों में भी शाखा प्रबंधक एवं शाखा के कर्मचारियों द्वारा आवश्यक प्रयास और फॉलोअप किया जा रहा है, ताकि पात्र परिवारों को समय से बीमा योजना का लाभ मिल सके। एसबीआई मगरहा शाखा की ओर से आमजन से अपील की गई कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्र होने पर इन योजनाओं से जुड़कर स्वयं तथा अपने परिवार के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करें। पीएमएसबीवाई दुर्घटना से मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में 2 लाख तक का कवर प्रदान करती है।

# पुलिस ने लगा दी पदकों की झड़ी, 12 गोल्ड समेत जीते 14 पदक; एसएसपी ने सम्मानित किए खिलाड़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अलीगढ़।** 18वीं अंतरजनपदीय आगरा जोन पुलिस क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 जून 2026 तक फिरोजाबाद में कराया गया था। इसमें अलीगढ़ के खिलाड़ियों ने पेंचक सिलाट, जूडो, वुशू और ताइक्वांडो खेलों में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते। महिला खिलाड़ियों ने विशेष उपलब्धि हासिल करते हुए ताइक्वांडो और पेंचक सिलाट में चल बैजन्ती पर भी कब्जा किया। प्रतियोगिता में महिला कांस्टेबल रमा नागर ने पेंचक सिलाट में स्वर्ण, अर्चना राजपूत ने वुशू में स्वर्ण और जूडो में रजत, कविता रानी ने जूडो में स्वर्ण व ज्योत्सना ने पेंचक सिलाट और ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीते। पुरुष व महिला वर्ग में पुलिस टीम के खिलाड़ियों ने 12 स्वर्ण समेत कुल 14 पदक जीते। अलीगढ़ पुलिस के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने विजेताओं को पदक पहनाकर व नगद पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया। भविष्य की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में कांस्टेबल सोनू बालियान ने ताइक्वांडो और कप्तान सिंह ने जूडो में स्वर्ण पदक हासिल किया। कांस्टेबल सुरेश राजपूत ने जूडो में रजत पदक जीता। वहीं, वाराणसी में आयोजित 18वीं उत्तरप्रदेश पुलिस प्रतियोगिता में भी अलीगढ़ के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। महिला कांस्टेबल रमा नागर ने पेंचक सिलाट में दो स्वर्ण, ज्योत्सना और कविता रानी ने पेंचक सिलाट में एक-एक स्वर्ण हासिल किया। कांस्टेबल सोनू बालियान ने ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा करनाल, हरियाणा में आयोजित तीसरी आलइंडिया पुलिस भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता में 57 किलोग्राम भारवर्ग की पावरलिफ्टिंग में थाना जवां की महिला आरक्षी सरला जादौन ने रजत पदक हासिल किया। एसएसपी ने उनको पदक के साथ 15 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश पुलिस की 43वीं बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। महिला उपनिरीक्षक सुनीता यादव को 25 हजार रुपये, मुख्य आरक्षी एवं टीम कोच मोनिका शर्मा को 20 हजार रुपये तथा महिला आरक्षी आंचल को 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। सुनीता यादव ने टेबल टेनिस में तीन रजत तथा बैडमिंटन/वेटरन में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए। मोनिका शर्मा ने बैडमिंटन और टेबल टेनिस में कांस्य पदक जीते, जबकि आंचल ने बैडमिंटन में कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की सफलता में मुख्य आरक्षी मोनिका शर्मा के प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और निरंतर प्रयासों को देखते हुए एसएसपी ने उन्हें 10 हजार रुपये का अतिरिक्त नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# भाकियू चढ़ूनी ने किसानों की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने मंगलवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डागर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में किसानों की नौ प्रमुख समस्याएं उठाई गईं। ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों में आवंटित धान क्रय केंद्रों की जांच कर पर्याप्त जगह और रास्ते की व्यवस्था कराने, समितियों पर किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराने तथा गन्ने का समर्थन मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित कर त्वरित भुगतान की मांग की गई। किसानों ने क्रय केंद्रों पर शुरू से अंत तक प्रतिदिन 600 क्विंटल खरीद क्षमता निर्धारित रखने की भी मांग उठाई। इसके अलावा मंडी परिसर में धान सुखाने के लिए अलग व्यवस्था, गोपालपुर, सिकरहना, गुलड़िया भूपसिंह, बलरामपुर, घुंघचिहाई, पिपरिया मझरा व मंडनपुर में आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने की मांग की गई। परसादपुर में महादिया स्कूल तक चकमार्ग का पक्का निर्माण, बिजली कटौती रोककर सुचारू आपूर्ति और शारदा नदी के कटान से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग भी शामिल रही। यूनियन ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।

# चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रयास से मानसिक विक्षिप्त किशोर को 24 घंटे में माता पिता से मिलाया

**पूरनपुर (पीलीभीत)** एक मानसिक रूप से विक्षिप्त बालक अपनी दवा लेने जिला अस्पताल आया, रिक्शा चालक ने जंगरौली आशा के स्थान पर जंगरौली पुल पर उतारने के कारण बालक रास्ता भटक गया। उसके बाद थाना सुनगड़ी की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन पीलीभीत 1098 टीम प्रतुल सिंह व शिवम शर्मा केस वर्कर द्वारा तत्काल रेस्क्यू कर उसके घर का पता निकाला। ज्ञात हुआ कि वह जंगरौली आशा का रहने बाला बालक था, बालक के माता पिता को बुलाकर दिनांक बुधवार को सुरक्षित रूप से बाल कल्याण समिति के आदेश से उनको सुपुर्द किया गया। माता पिता ने महिला कल्याण विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन का आभार जताते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## सार्वजानिक सूचना

**वांछित अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा उद्घोषणा आदेश जारी**

**चुनार, मीरजापुर।** मु0अ0 सं0 416/2025 धारा 8/21(C)/29 एनडीपीएस एक्ट व 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/61(2) B.N.S. थाना चुनार जनपद मीरजापुर से सम्बन्धित अभियुक्त साहिल पुत्र शरीफ निवासी एम0पी0ई0वी0 कालोनी के सामने चूना भट्ठा वार्ड नं0 19 थाना मण्डला जिला मण्डला म0प्र0 फरार चल रहा है। अभियुक्त साहिल उपरोक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश (NDPS ACT) मीरजापुर द्वारा दिनांक 08.06.2026 को धारा 84 BNSS के अन्तर्गत उद्घोषणा आदेश जारी किया गया है।

# भदोही के 31 नवचयनित प्राविधिक सहायकों को मिले नियुक्ति पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और कृषि व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ से कृषि विभाग के नवचयनित 3,446 प्राविधिक सहायकों तथा मंडी परिषद के 126 मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भदोही कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जनपद में 31 नवचयनित प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान सांसद डॉ. विनोद बिंद, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा और जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने नवचयनित युवाओं को बधाई देते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की अपील की। सांसद ने कहा कि कृषि प्रधान जनपद में प्राविधिक सहायकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। वे किसानों तक सरकारी योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीक और वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगे। विधायक विपुल दुबे ने कहा कि सरकारी सेवा युवाओं को जनसेवा का अवसर देती है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि सरकारी सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। उन्होंने नवचयनित कार्मिकों से किसानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराने और कृषि योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने की अपील की। उप कृषि निदेशक डॉ. रामप्रवेश ने बताया कि 31 प्राविधिक सहायकों के विभाग में शामिल होने से कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्यों को गति मिलेगी। नियुक्ति पत्र मिलने पर नवचयनित युवाओं में उत्साह रहा और उन्होंने पूरी निष्ठा से दायित्व निभाने का संकल्प लिया।

## सार्वजानिक सूचना

**वांछित अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा उद्घोषणा आदेश जारी**

**चुनार,मिर्जापुर।** रविवार को प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने बताया कि मु0अ0सं0 04/2026 धारा धारा 3/5A/8 गोवध निवा0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 व 61(2) बीएनएस थाना चुनार, जनपद मीरजापुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कल्लू कुरैशी पुत्र कलाम कुरैशी निवासी चैनपुर बाजार पठान टोला थाना चैनपुर जनपद भभुआ बिहार फरार चल रहा है। अभियुक्त कल्लू कुरैशी उपरोक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मीरजापुर द्वारा दिनांक 27.05.2026 को धारा 84 BNSS के अन्तर्गत उद्घोषणा आदेश जारी किया गया है।

# चकवा महावीर मेला शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न

### डीएम व एसपी ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था पर रखी नजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

=**भदोही:-** जनपद का प्रसिद्ध एवं आस्था का प्रमुख केंद्र चकवा महावीर मेला मंगलवार को श्रद्धा, उत्साह और उमंग के वातावरण में शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से संपन्न हुआ। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने स्वयं मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित की। भोर से ही चकवा महावीर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान महावीर को भोग अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बावजूद प्रशासन एवं पुलिस की प्रभावी व्यवस्थाओं के चलते मेला शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मेला क्षेत्र में भ्रमण करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए। मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी अधिकारी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारियों का तत्परता के साथ निर्वहन करते रहे। पुलिस बल द्वारा भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा के दृष्टिगत लगातार निगरानी रखी गई।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। दुकानदारों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता के संबंध में जागरूक करते हुए खाद्य सामग्री को ढककर एवं सुरक्षित तरीके से बिक्री करने के निर्देश दिए गए। मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग ज्ञानपुर, जल निगम, जिला पंचायत राज विभाग एवं जिला पंचायत की टीमें भी पूरी मुस्तैदी के साथ सक्रिय रहीं। पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, साफ-सफाई एवं मार्ग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं पर संबंधित विभागों द्वारा लगातार निगरानी रखी गई।

मेले के दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मंदिर परिसर के तालाब में मछलियों को दाना खिलाया तथा मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से भी संवाद करते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मेले में उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी लगातार भ्रमणशील रहे। जनप्रतिनिधियों एवं संभ्रांत नागरिकों ने भी मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के प्रति श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने संतोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का आभार जताया। चकवा महावीर मंदिर मेला समिति के प्रबंधक ने भी मेला शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न होने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को बधाई देते हुए उनके सहयोग एवं कुशल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लगातार जायजा लेने, संबंधित विभागों की सक्रिय सहभागिता तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सतत निगरानी के चलते प्रसिद्ध चकवा महावीर मेला श्रद्धा, आस्था, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के साथ शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### उचित दर विक्रेता के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उचित दर विक्रेता के खिलाफ डीएम के अनुमोदन के बाद आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के तहत केस दर्ज किया गया है। लालगंज के पूर्ति निरीक्षक अमित कुमार शुक्ल ने लीलापुर पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के डांड़ी गांव में उचित दर विक्रेता राजकुमार तिवारी की खाद्यान्न की दुकान का सत्यापन कराया गया। इसके तहत दुकान के संचालन व खाद्यान्न को लेकर अनियमितता पायी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उचित दर विक्रेता राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### मानदेय व भत्ते को लेकर हाईकोर्ट के फैसले पर तदर्थ शिक्षकों ने जताई खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तदर्थ शिक्षकों को मौजूदा समय में मिलने वाले मानदेय को लेकर हाईकोर्ट के हालिया निर्णय को लेकर शिक्षकों में मंगलवार को खुशी का माहौल देखा गया। सरकार द्वारा इन तदर्थ शिक्षकों को पचीस हजार से तीस हजार के मानदेय पर सेवारत किया गया है। इसे लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ ने सरकार के मौजूदा आदेश को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि सहायता प्राप्त विद्यालयों में स्वीकृत मूल पद रिक्त होने की दशा में इन शिक्षकों को सम्मान देना वेतन व मानदेय को लेकर प्रदेश सरकार नई नीति तैयार करे। शिक्षकों मे इस बात की खुशी है कि हाईकोर्ट ने सरकार से स्वीकृत मूल पद के न्यूनतम वेतनमान के साथ तदर्थ शिक्षकों को अनुमन्य भत्ते भी दिये जाने के निर्देश दिये। सरकार के मौजूदा मानदेय व्यवस्था को अत्यन्त कम धनराशि दिये जाने पर भी हाईकोर्ट ने उचित नही करार दिया है। हाईकोर्ट के फैसले की जानकारी मिलने पर तदर्थ शिक्षकों मे खुशी का माहौल देखा गया। डॉ0 आशीष सिंह, हृदय नारायण मिश्र, बृजेश द्विवेदी, संतोष तिवारी, कपिल द्विवेदी, श्रीधर तिवारी, सर्वजीत गुप्ता, मनीष सिंह आदि ने याचिका के पक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ता जीसी वर्मा व अभिषेक पाण्डेय की बहस को सराहते हुए फैसले पर खुशी जतायी है।

# डीएम ने जवाहर नवोदय, सर्वोदय विद्यालय और वृहद संरक्षण गौशाला का किया निरीक्षण

## डीएम ने विद्यालयों का निरीक्षण कर जाना छात्रों की पढ़ाई और सुविधाओं का हाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने नरायनपुर स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय और जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं और विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर पढ़ाई और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने नरायनपुर लक्ष्मणपुर स्थित बृहद संरक्षण गौशाला का भी जायजा लिया। गौशाला में भीव्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जवाहर नवोदय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से पठन-पाठन की स्थिति, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। छात्रों द्वारा बताई गई समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने विद्यालय के खेल मैदान और पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा, जिससे बच्चों को अध्ययन और खेलकूद के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इसके बाद जिलाधिकारी ने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय नरायनपुर, जिसे पूर्व में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के नाम से जाना जाता था, का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से बातचीत की और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही छात्रावास की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को विद्यालय की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विद्यालयों के निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने बृहद संरक्षण गौशाला नरायनपुर लक्ष्मणपुर का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाएं संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। डीएम ने गौशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने, पशुओं के समुचित रख-रखाव और जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

# सत्य तथा कर्म साधना के संदेश को मजबूती अजगरा महान का ध्येय

## नपं सभागार में प्रतिभागियों ने नैतिक जीवन के मूल्यों पर किया मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अजगरा महान संवाद 2026 को लेकर दूसरे दिन नगर पंचायत कार्यालय सभागार में हुई प्रतियोगिता में सत्य तथा साधना व धर्म पर प्रतिभागियों ने मंथन किया। डीएम अभिषेक पाण्डेय के निर्देशन में हुए मंथन में विचार रखते हुए प्रतिभागियो ने निश्चल सत्य तथा कर्म की साधना को जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय ने यक्ष प्रश्नों को आज के संदर्भ में नीति और नैतिकता के रूप में परिभाषित किया। प्रतिभागी प्रांजल शुक्ला, अनिल महेश, दीपू पासी, अनूप दुबे, संतोष पाण्डेय, सिद्धार्थ यादव, शुभांशु शुक्ला ने आपसी संवाद के जरिए नैतिक जीवन के बिंदुओं पर प्रकाश डाला। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। संयोजन अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप ने किया। निर्णायक मण्डल के राकेश त्रिपाठी, वंदना मिश्रा, शशिबाला, रोशन सिंह, कंचन सिंह, पूनम ने प्रतिभागियों के विचार पर आधारित प्रश्नों के साथ मंथन को आगे बढ़ाया। इस मौके पर अनिकेत दुबे, अरविंद मिश्र, चंदन पाण्डेय, विकास तिवारी, रोहित मिश्र, अरविंद तिवारी, कौशिल्या श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, रवि मिश्र, सागर पाण्डेय, विनीत मिश्र आदि रहे।

# झमाझम बारिश से किसान मगन, व्यवस्था बदहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार की आधी रात से शुरू हुई झमाझम बारिश के चलते मंगलवार को सार्वजनिक संस्थानों में कामकाज प्रभावित हुआ दिखाई पड़ा। तहसील में बारिश का पानी पूरा भर गया। मंगलवार को दिन में भी सुबह से शाम तक बारिश का सिलसिला रूक रूक कर जारी रहा। तहसील परिसर में जलभराव के कारण लोगों को अदालतों तक पहुंचने में मशक्कत उठाना पड़ा। समस्या को लेकर परेशान वकीलों ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव सौंपा। वहीं नगर पंचायत के नेताजीपुरम में भी कई स्थानों पर जलभराव से लोग परेशान दिखे। कोतवाली परिसर में भी जलजमाव की स्थिति फरियादियों के लिए तकलीफदेह देखी गयी। सीएचसी परिसर में भी बारिश का पानी मरीजों के साथ आये तीमारदारों के लिए भी परेशानी लिए हुए देखा गया। बारिश के बीच बाबा घुइसरनाथ धाम के दर्शनार्थियों व जल चढ़ाने निकले भक्तों को भी कई जगह रूकने की विवशता देखी गयी। हालांकि बारिश पर भगवान के भक्तों की आस्था भारी पड़ी दिखी। श्रावण मास के साथ मंगलवार के परम्परागत मेले को लेकर धाम में शिवभक्तों का जमावड़ा दिन भर बना रहा। वहीं सई नदी का जलस्तर भी अब और बढ़ने लगा है। सार्वजनिक संस्थानों में कई जगह सोख्ता टैंक का निर्माण भी जारी है। इसके बावजूद इन संस्थानों में जलभराव एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

### बिस्कोहर में त्योहारों को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च: अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**बिस्कोहर(सिद्धार्थनगर)।** बारावफात, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी के साथ फ्लैग मार्च करते हुए सुरक्षा का एहसास कराया। क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द , अमन - चैन बनाएं रखने के लिए मंगलवार शाम थाना त्रिलोकपुर प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बा बिस्कोहर में पैदल फ्लैग मार्च निकाला।यह मार्च बिस्कोहर चौकी से शुरू होकर पश्चिम मोहल्ला, कसेरा, शाह मोहल्ला, मुख्य मार्केट और पुराना डाकखाना होते हुए पुराना बैंक रोड से परशुराम तिराहा पर पहुंचा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को बनाने के लिए ड्रोन कैमरा भी उड़ाकर छतों और गलियों की सघन निगरानी की गई। प्रभारी निरीक्षक ने चेतावनी दी कि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने का कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# महिला आयोग की सदस्य ने पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं

## मेडिकल कालेज में प्रशिक्षु विद्यार्थियों से किया संवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने जनपद में विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर महिलाओं एवं बच्चों से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर भुलियापुर में पीड़ित महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान सांगीपुर निवासी पीड़िता काजल गौड़ ने अपने चाचा राकेश कुमार एवं प्रेमी पंकज से संबंधित मामले की जानकारी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सेंटर पर रह रही पीड़िता को पर्याप्त मात्रा में पोषाहार उपलब्ध न होने की बात सामने आई। इस पर महिला आयोग की सदस्य ने संबंधित अधिकारी को पोषाहार की मात्रा एवं गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रतिभा कुशवाहा ने प्राथमिक विद्यालय दहिलामऊ पहुंचकर दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई तथा तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

महिला आयोग की सदस्य ने डॉ. सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षु विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके प्रशिक्षण और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को चिकित्सा सेवा के दायित्वों का निर्वहन सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सोमनाथ, सहायक प्रोफेसर डॉ. मंजूषा नाथ, उप-प्राचार्य डॉ. रश्मि यादव, सीएमएस डॉ. शैलेंद्र कुमार एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ऋचा पांडेय सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद महिला आयोग की सदस्य ने क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सभागार में सदर तहसील क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, विधायक सदर प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचा था: नहाते समय कूड़ा नदी में डूबा अधेड़, दूसरे दिन शव बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना क्षेत्र के नगर पंचायत उसका बाजार के राजेंद्र नगर वार्ड से सटे कूड़ा नदी में सोमवार को डूबे 45 वर्षीय रामसेवक का शव 20 घंटे बाद मंगलवार को एसडीआरएफ के प्रयास से नदी में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक रामसेवक नगर पंचायत के उड़वलिया निवासी पूर्व दरोगा माधव शरण द्विवेदी के निधन के उपरांत उनके दाह संस्कार में शामिल होने के लिए कूड़ा नदी के स्थित श्मशान घाट पर गए थे। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रामसेवक नदी में नहाने लगे। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण वह अचानक डूब गए। मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए उन्हें बचाने का प्रयास किया। लेकिन असफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश शुरू कराई गई। हालांकि, काफी प्रयासों के बाद भी रात होने तक शव का पता नहीं चल सका था। अंधेरा अधिक होने के कारण खोज अभियान को रोक दिया था। मंगलवार को एसडीआरएफ की टीम ने अपना अभियान शुरू किया। कुछ समय बाद नदी में रामसेवक का शव उतराती मिली। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि नायब तहसीलदार अमित सिंह की मौजूदगी में शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैऔर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# चोरी के शक में पकड़े गए दो युवकों की ग्रामीणों ने की पिटाई, हालत बिगड़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के रिसाली का पुरवा मजरे उतरागौरी गांव में देर रात चोरी करने पहुंचे बदमाशों को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने दो युवकों की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से दोनों की हालत बिगड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव निवासी प्रेमावती पत्नी सियाराम ने बताया कि रात करीब तीन बजे चार अज्ञात चोर घर में घुस आए। खटपट की आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई। एक चोर बक्सा लेकर भागने लगा, जिसे प्रेमावती ने पीछे से पकड़ लिया। हाथापाई के दौरान चोर उनके चंगुल से निकलकर भाग गया। शोर सुनकर प्रेमावती के बेटे और परिवार के अन्य लोग जाग गए। ग्रामीणों ने चोरों की तलाश शुरू कर दी। घर से करीब 700 मीटर दूर ग्रामीणों ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में पुलिस को सूचना देकर दोनों को सौंप दिया गया। परिजनों का आरोप है कि चोर घर से करीब एक लाख रुपये नकद, एक किलोग्राम चांदी समेत सोने-चांदी के अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। परिवार ने पुलिस से चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

**सामान बरामदगी को लेकर अस्पताल में हंगामा**

दोनों घायल युवकों को सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाते समय प्रेमावती और उनके परिजनों की पुलिस से कहासुनी हो गई। परिजनों ने मांग की कि दोनों युवकों से पूछताछ कर चोरी का सामान बरामद किया जाए। महिलाएं काफी देर तक पुलिस वाहन के सामने खड़ी रहीं, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रेमावती के बेटे राहुल ने आरोप लगाया कि बिना नेम प्लेट लगाए पहुंचे दो दरोगाओं ने उसके साथ मारपीट की और रेफर पर्चे पर जबरन हस्ताक्षर कराए।

राहुल का आरोप है कि पुलिसकर्मी दोनों घायलों के इलाज की जिम्मेदारी परिजनों पर डाल रहे थे। वहीं महिलाओं ने आरोप लगाया कि चोरों से हुई हाथापाई में उन्हें भी चोटें आई हैं और वे इलाज कराने सीएचसी पहुंची थीं। इसी दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा उनके बेटे पर घायलों के इलाज की जिम्मेदारी लेने का दबाव बनाने को लेकर विवाद बढ़ गया। मामला बढ़ने पर महिला और महिला पुलिसकर्मियों के बीच भी हाथापाई हो गई। इस दौरान सियाराम की पुत्री ममता गिर गई और कुछ देर तक पुलिस वाहन के सामने पड़ी रही। बाद में परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया था। पीड़ित परिवार से तहरीर ली जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जिला मंत्री बनाए जाने पर सीपी पांडे का हुआ स्वागत

**लालगंज रायबरेली।** वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व शिक्षक चंद्र प्रकाश पांडे को भारतीय जनता पार्टी का जिला मंत्री बनाया गया। उनके जिला मंत्री बनाए जाने पर भाजपा नेताओं शुभचिंतकों और समर्थकों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। बराती लाल गंगाराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश पांडे ने पूर्व में सरेनी विधानसभा के संयोजक की भूमिका निभा चुके हैं। अब उन्हें जिला कार्य समिति में जिला मंत्री बनाया गया है। उनके जिला मंत्री बनने पर पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, कार्तिकेय शंकर बाजपेई, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, राजेश निर्मल सहित तमाम लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# मशरूम की खेती सीखेंगे प्रतापगढ़ के किसान, छः चरणों में होगा प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि किसानों को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक से रूबरू कराने और उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यालय संयुक्त निदेशक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का पहला चरण 7 से 9 सितंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर, जनवरी और फरवरी में भी तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित होंगे। दूर-दराज से आने वाले किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषक छात्रावास में एक साथ 25 प्रशिक्षणार्थियों के ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। हालांकि प्रशिक्षणार्थियों को भोजन, बोडिंग और जलपान की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र के लिए 50 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण पुस्तिका लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को इसके लिए 65 रुपये अतिरिक्त जमा करने होंगे। उन्होने बताया है कि मशरूम उत्पादन तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यालय संयुक्त निदेशक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती में 07 से 09 सितंबर, 05 से 07 अक्टूबर, 02 से 04 नवम्बर, 14 से 16 दिसम्बर 2026, 07 से 09 जनवरी 2027 तथा 01 से 03 फरवरी 2027 तक होगा। प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी मशरूम प्रभारी माधुरी सोनी के मोबाइल नंबर 9648312096 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### घर में सफाई कर रही महिला को सांप ने डसा, मौत

**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** जिले के खेसरहा क्षेत्र में एक महिला की सांप के डसने से मौत हो गई। यह घटना मंगलवार सुबह ग्राम पंचायत महुलानी में हुई। मृतका की पहचान महुलानी निवासी पुष्पावती (60)पत्नी रामाज्ञा पाण्डेय के रूप में हुई है। मंगलवार सुबह करीब सात बजे पुष्पावती घर में झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान घर की डेहरी के नीचे छिपा एक कोबरा सांप बाहर निकला और पैर में डस लिया। सांप के डसने के बाद पुष्पावती ने तत्काल परिजनों को जानकारी दी। परिवार के लोग घबरा गए और बिना देर किए उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाने के लिए रवाना हुए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में पुष्पावती की हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया।महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### मिशन शक्ति अभियान में बालिकाओं को किया जागरूक

**महराजगंज/रायबरेली।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के द्वितीय चरण के तहत मंगलवार को राजकीय विद्यालय हलोर में थाना महाराजगंज की मिशन शक्ति टीम ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। टीम ने बालिकाओं को 1090, 1076, 108, 102, 112, 1098, 181, 101 और 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। 1090 महिला हेल्पलाइन के बारे में बताया गया कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। इस दौरान साइबर अपराध से बचाव, नशे से दूर रहने, मोबाइल के सुरक्षित उपयोग तथा गुड टच-बैड टच के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह और नारी शक्ति वंदन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना सावन महोत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली।** गुरुबख्शगंज स्थित सीएससी बाल विद्यालय (जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल) में सावन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला, प्रबंधक मोहित शुक्ला, निदेशक रोहित शुक्ला तथा एसबीआई गुरुबख्शगंज के शाखा प्रबंधक सुरम्य चंद्रा समेत अतिथियों ने पूजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने फूलों से सजी आकर्षक कांवड़ तैयार कर भव्य कांवड़ यात्रा निकाली। अयांश शुक्ला, देव त्रिवेदी, शिवांश सिंह, अथर्व, ऋषभ, रेयांश, रुद्रांश, श्रुति, अनन्या, त्रिशया, पार्थ बाजपेई, आदित्य गुप्ता, युग तिवारी, संकल्प और निष्ठा समेत बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और नंदी के स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। सार्थक सिंह ने शिव, रूही मौर्या ने माता पार्वती, अद्वविक शर्मा ने गणेश, अनिकेत ने कार्तिकेय और रेयांश रॉय श्रीवास्तव ने नंदी का स्वरूप निभाया। विद्यालय परिसर को शिक्षिकाओं ने फूलों और रंगोली से आकर्षक ढंग से सजाया। निदेशक रोहित शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में उत्साह बढ़ाने के साथ उन्हें भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं की जानकारी देने में सहायक होते हैं। प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने कहा कि देश की परंपराएं हमें ईश्वर और संस्कारों से जोड़ती हैं तथा सभी पर्व मिल-जुलकर मनाने से आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ता है। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं अर्चना, आस्था, आकृति, हर्षिता, रेहा, सिमरन, दामिनी, पूजा शर्मा, भावना, किरण, पूजा दीक्षित, रंजना, नाजिया सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# बरसात में कच्चा मकान गिरा, आवास के लिए गरीब परिवार की गुहार

**महराजगंज, रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे मेहरबान सिंह मजरे ज्योना निवासी शिव मूरत पुत्र स्वर्गीय प्यारे लाल बाहर रहकर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनका कच्चा मकान लगातार हो रही बारिश के चलते गिर गया। मकान गिरने से परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। शिव मूरत की पत्नी शिल्पी ने बताया कि उनके पति मजदूरी के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं और वह अपने बच्चों के साथ इसी कच्चे मकान में रह रही थीं। बारिश के दौरान मकान गिर गया, जिससे परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि आवास के लिए उनके पति ने कई बार ग्राम प्रधान से भी गुहार लगाई, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

शिल्पी का कहना है कि सरकार की ओर से गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का दावा किया जाता है, लेकिन उनका परिवार आज भी पक्के आवास से वंचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील और ब्लॉक स्तर पर बैठकर कागजी खानापूर्ति कर दी जाती है, जबकि जमीनी स्तर पर गरीब परिवारों की स्थिति देखने कोई अधिकारी नहीं पहुंचता। मामले में उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम ने दूरभाष पर बताया कि लगातार रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते क्षेत्र के कई गांवों में कच्चे मकान और कोठरियां गिर रही हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित हल्का लेखपाल से तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि पीड़ित परिवार को शासन की ओर से अनुमन्य सहायता जल्द से जल्द दिलाई जा सके।

### पीएमश्री विद्यालय बढ़नी में बढ़ा नामांकन, छात्रों की संख्या 561 पहुंची

**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी विकास क्षेत्र के पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय बढ़नी ( नगर पंचायत) में पढ़ रहे बच्चों को विभागीय सहयोग व शिक्षकों के बेहतर शिक्षण व्यवस्था से लाभ मिल रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ विद्यालय के बच्चे उठा रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बच्चे राष्ट्रीय आविष्कार , खेलकूद, नवोदय विद्यालय आदि क्षेत्र में प्रतिभागिता कर आगे बढ़ने के लिये कदम बढ़ा रहे हैं। प्रधानाध्यापक जावेद आलम का कहना है कि विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं की मेहनत, लगनशीलता से वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 165 नये नामांकन हुये, जिससे कुल संख्या 561 पहुंच गयी। बच्चों के नामांकन व ठहराव से विद्यालय परिवार खुश है। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ स्वच्छता, अनुशासन, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अभिभावकों के बीच विश्वास बढ़ाने के साथ आत्मीय सम्बंध को बेहतर बनाने और सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये विद्यालय कटिबद्ध है।

# हंगामे के बीच सम्पन्न हुई बीस सूत्री की बैठक, अधिकारियों की कार्यशैली पर उठे सवाल

## खाद की कालाबाजारी, राशन कटौती और अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पर भी घेरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**त्रिवेणीगंज।** प्रखंड परिसर स्थित स्वच्छता कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हंगामेदार माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद कमाल खान ने की, जबकि संचालन बीडीओ परमानंद प्रसाद ने किया। जनकल्याणकारी योजनाओं में कथित अनियमितता और अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर सदस्यों ने जमकर सवाल उठाए। कई मुद्दों पर अधिकारियों को सफाई देनी पड़ी।

**जदिया स्वास्थ्य उपकेंद्र की जमीन पर सीओ से भिड़े सदस्य**

बैठक में उस समय माहौल गरमा गया, जब सदस्य संजय अग्रवाल ने जदिया स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए दान में दी जा रही जमीन की मापी नहीं कराने का आरोप सीओ प्रियंका सिंह पर लगाया। उन्होंने कहा कि जानबूझकर मामले को लंबित रखा जा रहा है। इस पर सीओ ने कहा कि प्रस्तावित जमीन विवादित है और वहां दलित भूमिहीन परिवारों के घर बने हुए हैं। इसलिए स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए अलग सरकारी जमीन उपलब्ध कराने की बात कही गई। इसी मुद्दे पर सीओ और सदस्य के बीच तीखी बहस और तू तू मेमे हो गई। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य अधिकारि अगर हस्तक्षेप नही करते तो अप्रिय घटना घट सकती थी। हस्तक्षेप कर किसी तरह मामला शांत कराया गया । कई सदस्यों ने सीओ के कथित तीखे तेवर और शब्दों पर आपत्ति जताते हुए उन्हें वापस लेने की मांग भी की। इसके अलावा मेला ग्राउंड और अनुमंडलीय अस्पताल की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग सदस्यों ने जोरदार तरीके से उठाई।

**छाया खाद की कालाबाजारी का मुद्दा कृषि विभाग से मांगा जवाब**

खाद की कालाबाजारी और दुकानदारों को कथित राहत दिए जाने का मुद्दा भी बैठक में गरमाया रहा। समिति सदस्य श्रवण कुमार ने यूरिया और डीएपी की ऊंचे दामों पर बिक्री का आरोप लगाते हुए कृषि विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाया। उन्होंने सवाल किया कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर जिस पूजा ट्रेडर्स का लाइसेंस निलंबित किया गया था, उसे अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने किस आधार पर क्लीनचिट दी। इस मुद्दे पर एसडीएओ कृषि मुकेश कुमार और बीएओ को सदस्यों के सवालों का जवाब देना पड़ा।

**राशन में एक किलो कटौती का मुद्दा भी गरमाया**

बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता शंभु कुमार सुमन ने जनवितरण प्रणाली में कथित गड़बड़ी का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि लाभुकों को प्रति यूनिट एक किलोग्राम राशन कम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे हर महीने बड़ी राशि के गबन की आशंका है। मामले में आपूर्ति विभाग के अधिकारी ने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पर चिंता**

स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी सदस्यों ने नाराजगी जताई। सदस्यों ने कहा कि प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल में स्वीकृत 32 पदों के मुकाबले महज आठ डॉक्टरों की तैनाती होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सदस्य संजय अग्रवाल ने जदिया पंचायत में नल-जल योजना के अधूरे स्ट्रक्चर का मामला उठाया। उन्होंने जदिया थाने में दमकल वाहन की प्रतिनियुक्ति की मांग भी रखी। एनएच-327ई पर बेतरतीब ई-रिक्शा परिचालन से लग रहे जाम का मुद्दा भी बैठक में उठा।

**'प्रस्तावों पर अमल नहीं तो बैठक का क्या औचित्य'**

सदस्य कुलदीप मेहता ने पूर्व की बैठकों में लिए गए प्रस्तावों पर कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि बैठक में उठाए गए जनहित के मुद्दों पर अमल ही नहीं होना है तो ऐसी बैठकों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। बैठक में सीओ प्रियंका सिंह, एसडीएओ मुकेश कुमार, बीपीआरओ मनीष कुमार, एमओ नेहा कुमारी, आरओ राकेश कुमार, बीईओ नीतीश कुमार, मनरेगा पीओ हिमेश कुमार सहित सदस्य बैजनाथ मेहता, संतोष मंडल, रेखा कुमारी और मनोज मंडल मौजूद रहे।

# श्याम रंग में रंगेगा हजारीबाग, 30 अगस्त को गूंजेगा बाबा श्याम का जयकारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** बाबा श्याम की भक्ति में हजारीबाग एक बार फिर श्याममय होने जा रहा है। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के तत्वावधान में 30 अगस्त, रविवार को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन में पंचम श्री श्याम मनुहार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पांचवें वर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव को भव्य और यादगार बनाने के लिए आयोजक मंडली तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। कार्यक्रम को लेकर श्याम भक्तों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। अग्रसेन भवन में दोपहर 2:15 बजे से बाबा श्याम का भव्य दरबार सजेगा। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से होगी, जिसे राणी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा संपन्न कराएंगे। इसके बाद बाबा श्याम की भव्य ज्योत के समक्ष भक्ति की ऐसी धारा बहेगी, जिसमें श्रद्धालु देर तक भजनों और संकीर्तन का आनंद लेंगे। महोत्सव में जयपुर के अभिषेक नामा, कटिहार के आदर्श दाधीच और जयपुर के दीपांशु अग्रवाल अपनी भजन प्रस्तुतियों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से आयोजन में भक्ति का रंग भरेंगे। कलाकारों के भजनों के साथ श्याम भक्तों के जयकारों से अग्रसेन भवन का माहौल पूरी तरह भक्तिमय होगा। आयोजन की तैयारियों के साथ सेवा कार्यों को भी विशेष महत्व दिया गया है। 27 अगस्त को सुबह 7 बजे गौशाला में गौ माता की सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आयोजक मंडली का कहना है कि बाबा श्याम के महोत्सव की शुरुआत सेवा भावना के साथ करना आयोजन की विशेष परंपरा का हिस्सा है। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में संभावित उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संबंधित थाना एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, आवागमन और कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर विभिन्न समाज, सामाजिक संगठनों और गणमान्य लोगों को आमंत्रण पत्र के माध्यम से आमंत्रित किया जा रहा है। महोत्सव में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार, रामगढ़ कैंट का विशेष सहयोग रहेगा, जबकि श्री श्याम परिवार तुलसीधाम, कोलकाता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 35 एमएम के माध्यम से भी किया जाएगा, ताकि शहर से बाहर रहने वाले श्याम भक्त भी बाबा के दरबार से जुड़ सकें। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार की नौ सदस्यीय टोली पिछले पांच वर्षों से बाबा श्याम की भक्ति और सेवा के लिए समर्पित होकर इस आयोजन को आगे बढ़ा रही है। इस बार पंचम वर्ष को विशेष और ऐतिहासिक बनाने के लिए परिवार के सदस्य लगातार तैयारियों में जुटे हैं। आयोजक मंडली ने हजारीबाग सहित आसपास के सभी श्याम भक्तों से 30 अगस्त को अग्रसेन भवन पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने और महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीरबल साहू ने किया सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण, गुणवत्ता पर जताई संतुष्टि

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** बेला पंचायत के ग्राम रूपीन से टांडीह होते हुए पपरों तक सड़क निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को वरिष्ठ समाजसेवी बीरबल साहू ने निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और कहा कि कैलाश महतो की देखरेख में सड़क का निर्माण कार्य बेहद योजनाबद्ध और अच्छी गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी सड़क बनने पर खुशी जाहिर की। मौके पर समाजसेवी साहू के साथ भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, तीन अवैध चुलाई शराब भट्ठियां ध्वस्त

**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विनिर्माण एवं कारोबार के विरुद्ध लगातार सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के नेतृत्व में आज 25 अगस्त 2026 को बरही अंचल अंतर्गत पदमा थाना क्षेत्र के दरजीचक जुहू, कुटीपिसी एवं पिंडारपुर में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कुल तीन अवैध चुलाई शराब की भट्ठियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। अभियान के क्रम में 40 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। साथ ही अवैध शराब निर्माण के लिए तैयार लगभग 3,400 किलोग्राम किण्वित जावा-महुआ को घटनास्थल पर ही विनष्ट किया गया। अवैध चुलाई शराब भट्ठी के संचालन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### श्रावण पूर्णिमा पर संकट मोचन धाम पाथरोल में सजेगी भजन-कीर्तन की महफिल, होगी महाआरती

**पथरोल, करों, देवघर, झारखंडः-** संकट मोचन धाम पाथरोल में श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर कल गुरुवार को विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन की ओर से प्रत्येक पूर्णिमा की तरह इस बार भी भजन संध्या, बाबा की महाआरती एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। मंदिर प्रबंधन के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत शाम 8 बजे से भजन-कीर्तन के साथ होगी। इसके बाद रात्रि 9:30 बजे बाबा की महाआरती संपन्न कराई जाएगी। महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए भक्तों से सहयोग की भी अपील की गई है। मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से प्रत्येक पूर्णिमा पर यह धार्मिक आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

# विद्यालय नारायणपुर में एसएमसी की बैठक हुई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** बीते मंगलवार को मध्य विद्यालय नारायणपुर में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में विद्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, निर्धारित मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन (एमडीएम) का संचालन सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए आवश्यक शिक्षकों की पोस्टिंग कराने के लिए विभाग को पत्राचार करने का भी निर्णय लिया गया। सदस्यों ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन का स्तर बेहतर बना रहे और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो, इसके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक एवं अभिभावक मिलकर प्रयास करेंगे। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी बल दिया गया। बैठक में प्रधानाध्यापिका संध्या कुमारी, सेख अखबार, मो. दानिश, एसएमसी अध्यक्ष रेशमा खातून, उपाध्यक्ष किरण कुमारी, मो. शब्बीर, प्रमोद रवानी, मो. इरफान, राजू दत्ता, मो. जमशेद सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बारिश से कड़ी धूप और उमस भरी गर्मी से मिली राहत, किसान भी हर्षित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** विगत दिनों की प्रचंड धूप और भीषण गर्मी के बीच 24 अगस्त को हुई रिमझिम बारिश से लोगों को फिलहाल काफी राहत मिली है। वहीं बारिश होने से किसान भी खुश हैं। अल-नीनो के व्यापक असर के कारण पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में मानसूनी बारिश देर से हुई। कृषि योग्य पर्याप्त वर्षा नहीं होने से प्रखंड के किसान काफी चिंतित नजर आए। हालांकि मई और जून में हल्की वर्षा होती रही, जिससे किसानों ने खेतों की जुताई कर ली थी। भूमि में नमी बनी रहने के कारण अधिकांश किसानों ने रोहिणी नक्षत्र के दौरान तथा इसके बाद भी खेतों में धान के बीज डाले। बीज तैयार हो गया, लेकिन धान के पौधे बढ़ने के बाद भी पर्याप्त मानसूनी वर्षा नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों ने बताया कि फिलहाल धान रोपनी का समय चल रहा है। इसी बीच 9 जुलाई को 32.2 मिलीमीटर वर्षा होने से प्रखंड के डोमनगड़िया, आलूदाहा, फुलझिंझरी, गनपुरा पंचायतों सहित अन्य गांवों की निचली भूमि में धान की रोपनी होती देखी गई। वहीं ऊपरी भूमि में जलजमाव नहीं होने के कारण बड़े पैमाने पर धान रोपनी नहीं हो सकी। इसके बाद मानसून सक्रिय होने पर पाकुड़िया प्रखंड में धान रोपनी के काम में तेजी आई। किसानों के अनुसार करीब 90 प्रतिशत धान रोपनी का काम पूरा हो चुका है और धान के पौधों की निराई-गुड़ाई भी की जा रही है। किसानों ने बताया कि फिलहाल धूप और खेतों में पर्याप्त पानी रहने से धान की निराई-गुड़ाई में सुविधा हो रही है। घास-फूस हटाने से धान के पौधों को बढ़ने में मदद मिलती है। हालांकि पाकुड़िया प्रखंड के धावाडंगाल गांव के उल बगान, तालाब सहित कई अन्य ग्रामीण इलाकों की ऊपरी भूमि में धान रोपनी नहीं होने की सूचना है। ग्रामीणों ने बताया कि ऊपरी जमीन में पानी का जमाव नहीं होने के कारण फिलहाल धान रोपनी बाधित है। किसानों का मानना है कि यदि ऊपरी भूमि में पानी जमा रहा और पौध तैयार रही तो धान की रोपनी की जा सकती है। बताया जाता है कि प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अगस्त महीने के अंत तक भी धान की रोपनी करते हैं। हालांकि देर से धान रोपनी होने पर उत्पादन प्रभावित होने की संभावना रहती है। किसानों के अनुसार इस वर्ष अब तक पिछले वर्ष की तुलना में मानसूनी वर्षा कम हुई है। 4 अगस्त को अब तक की सर्वाधिक 66 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। हालांकि अब तक कुल कितनी वर्षापात हुई है, इसकी आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। पाकुड़िया प्रखंड के किसान रैनी हांसदा, अगस्टीन मुर्मू, रामजीत रविदास, सनातन हेम्ब्रम, बाललू मरांडी, विमल हांसदा, नरेन मंडल, रफीक आलम, लक्ष्मण राय, रामराय, मोतीलाल हांसदा, छोटो मरांडी और कालेश्वर हेम्ब्रम सहित बड़ी संख्या में किसानों का मानना है कि अब तक धान की रोपनी संतोषजनक है। यदि समय-समय पर बारिश होती रही तो इस वर्ष धान की फसल अच्छी होने की संभावना है। किसानों ने बताया कि यदि बारिश अच्छी और समय पर होती रही तो प्रखंड में रबी फसलों के अलावा विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती भी की जा सकेगी। बारिश का पानी सिंचाई कूप, तालाब और चेक डैम में संग्रहित होगा, जिसका उपयोग कृषि क्षेत्रों में सिंचाई के लिए किया जा सकेगा।

**जलजमाव और गंदगी से लोगों में नाराजगी**

दूसरी ओर बारिश के बाद प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया में जगह-जगह जलजमाव और गंदगी के अंबार से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। विशेषकर तालाबों और सड़कों के आसपास गंदगी जमा है। सिदो-कान्हू मोड़ से पाकुड़िया हाट परिसर तक जाने वाली ग्रामीण बैंक के समीप की जर्जर सड़क पर बारिश का पानी जमा होने और कीचड़ फैलने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष देखा जा रहा है।

# बरसोत नेशनल हाईवे पर ट्रक-बुलेट की टक्कर में एक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के बरसोत स्थित नेशनल हाईवे पर सोमवार की देर शाम को ट्रक और बुलेट की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग ले जाने के दौरान एक घायल की मौत हो गई। मृतक सहदेव राणा 50 पिता रामसहाय राणा पड़रिया का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार, बुलेट पर सवार होकर तीन लोग पड़रिया जा रहे थे। इसी दौरान चलंगा मोड़ के समीप ट्रक और बुलेट के बीच टक्कर हो गई। टक्कर के बाद एक टोटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मलकोको निवासी किशोर दास 40 पिता कार्तिक रविदास मलकोको निवासी, याकूब अंसारी 50 पिता इब्राहिम मियां तथा पड़रिया निवासी सहदेव राणा 50 पिता रामसहाय राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने तीनों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। हजारीबाग ले जाने के दौरान सहदेव राणा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद बरही थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में राकेश रजक, रूपेश प्रसाद, नरेश कुशवाहा, पिंटू चंद्रवंशी और इमरान अली ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। पुलिस दुर्घटना के कारणों और वाहनों की स्थिति की जांच कर रही है। सहदेव राणा की मौत की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। सहदेव राणा बड़े ही शांत और सौम्य विचार वाले व्यक्ति थे। सहदेव राणा के मौत की सूचना मिलते ही विधायक मनोज यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, गुलाब दास, दिनेश यादव, शंकर दास समेत अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# ईद मिलादुन्नबी पर गरीबों की मदद का संदेश, जुलूस में डीजे पर रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार सुबह सात बजे 26 अगस्त को मोहल्ला करीमगंज से जुलुसे मोहम्मदी निकाला जाएगा। जुलूस को लेकर उलमाओं की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इस बार जुलूस में किसी भी अंजुमन को डीजे लाने की अनुमति नहीं होगी। उलमाओं ने डीजे पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। हाफिज नूर अहमद अजहरी, सदस्य मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड एवं चेयरमैन अजहरी एकेडमी ने लोगों से जुलूस को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में निकालने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ईद मिलादुन्नबी का संदेश केवल खुशी मनाना ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों और बेसहारा लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना भी है। उन्होंने कहा कि अंजुमनों द्वारा डीजे पर लाखों रुपये खर्च किए जाते थे। इस बार उस फिजूलखर्ची को रोककर गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद परिवारों की मदद करने पर धन खर्च किया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि जुलूस के दौरान आपसी सौहार्द, शांति और अनुशासन बनाए रखें तथा पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं के अनुरूप जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं और जुलुसे मोहम्मदी में प्रशासन का सहयोग करे।

### विधायक ने त्रेता नाथ मंदिर में किया जलाभिषेक

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** विधायक बाबूराम पासवान ने बाबा त्रेतानाथ मंदिर में जलाभिषेक कर अखंड रामायण भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। 129, विधानसभा पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने प्रसिद्ध बाबा त्रेतानाथ मंदिर पहुंचकर देवाधिदेव महादेव के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव का पूर्ण विधि-विधान से जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी के कल्याण व समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात, विधायक बाबूराम पासवान गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष नितिन दीक्षित द्वारा आयोजित अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर पहुंचे। वहां उन्होंने आयोजित भव्य भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के अन्य कई कार्यकर्ताओं की भी मौजूदगी रही।

# दो पक्षों में हुई मारपीट, पुलिस ने पांच पर की शांति भंग की कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कस्बे में रोडवेज बस स्टैंड के समीप सोमवार की रात करीब 11 बजे महज बारह सौ रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के कुछ नवयुवकों के बीच विवाद हो गया। पहले शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते भयंकर मारपीट में बदल गई और बीच सड़क पर गाली गलौच के साथ जमकर लात-घूंसे चले जिससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मारपीट के इस पूरे मामले का किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उक्त मामले में पुलिस ने पांच युवकों की पहचान कर उनको गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा सभी का शांति भंग में चालान कर दिया गया है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के नवयुवकों में रुपयों के लेनदेन को लेकर पहले कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते गाली-गलौच के साथ जमकर लात-घूंसे चले। मारपीट की घटना मेनरोड पर हुई इसलिए मौके पर राहगीरों में अफरा तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। वहीं, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई थी। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मारपीट में शामिल युवक आदर्श, गगन, आदिल, शाहरुख और पिल्लू को गिरफ्तार कर उनका शांति भंग में चालान कर दिया।

# उत्तर-पूर्व भारत की सीमा चुनौतियों पर असम विश्वविद्यालय में सम्मेलन, सुरक्षा पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** उत्तर-पूर्व भारत की सीमाओं एवं सीमा-रेखाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं, चुनौतियों और संभावनाओं पर व्यापक चर्चा के उद्देश्य से 'एनफोर्समेंट ऑफ बॉर्डर्स एंड बाउंड्रीज इन नॉर्थ ईस्ट इंडिया : चैलेंजेज एंड अपॉर्च्युनिटीज' विषय पर एक दिवसीय सम्मेलन 25 अगस्त मंगलवार को असम विश्वविद्यालय, सिलचर के बिपिन चंद्र पाल ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन असम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजदीप राय सहित विभिन्न क्षेत्रों के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। असम विश्वविद्यालय, सिलचर ने सुरमा फाउंडेशन के सहयोग से सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, विशेषज्ञों तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में उत्तर-पूर्व भारत की भौगोलिक सीमाओं, सीमा प्रबंधन, सुरक्षा, क्षेत्रीय पहचान तथा सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़े सामाजिक एवं सामरिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने प्रभावी सीमा प्रबंधन के साथ-साथ क्षेत्र की विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भविष्य की रणनीतियों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने सीमाओं से जुड़ी मौजूदा चुनौतियों, संभावित समाधान तथा क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर भी गंभीर मंथन किया। शोध, संवाद और क्षेत्रीय पहचान को केंद्र में रखते हुए सम्मेलन में उत्तर-पूर्व भारत की सीमाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर तथ्यपरक विमर्श हुआ। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के अकादमिक एवं संवादात्मक मंच उत्तर-पूर्व भारत की जटिल सीमा परिस्थितियों को समझने तथा नीति-निर्माण और शोध के लिए नए दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतिभागियों ने भी सीमा संबंधी मुद्दों पर निरंतर अकादमिक एवं विशेषज्ञ विमर्श की आवश्यकता पर जोर दिया तथा भविष्य में ऐसे आयोजनों को व्यापक स्तर पर आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

# सोनबील फिशरमैन सहकारी समिति के 700 मुस्लिम सदस्यों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** न्याय मिलने में भले ही समय लगे, लेकिन न्याय व्यवस्था पर भरोसा रखने वालों के लिए अंततः इंसाफ की उम्मीद कायम रहती है। वर्षों से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे श्रीभूमि जिले के सोनबील फिशरमैन कोऑपरेटिव सोसाइटी के करीब 700 मुस्लिम मछुआरा सदस्यों के मामले में भी आखिरकार यही उम्मीद हकीकत में बदलती दिखाई दी है। लंबे कानूनी संघर्ष के बाद गौहाटी हाईकोर्ट ने सोनबील फिशरमैन कोऑपरेटिव सोसाइटी से बाहर किए गए मुस्लिम माइ?मल मछुआरा समुदाय के सदस्यों के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने सदस्यों को बाहर किए जाने संबंधी सरकारी निर्णय को निरस्त करते हुए उनकी सदस्यता बहाल करने का निर्देश दिया है। संबंधित अधिकारियों को एक महीने के भीतर प्रभावित सभी सदस्यों के नाम समिति के रिकॉर्ड में दोबारा दर्ज करने को कहा गया है। 1975 में हुआ था समिति का गठन सोनबील को केंद्र में रखकर वर्ष 1975 में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के मछुआरों की पहल पर सोनबील फिशरमैन कोऑपरेटिव सोसाइटी का गठन किया गया था। समिति का उद्देश्य विशाल सोनबील क्षेत्र में मछली पकड़ने और मछली के कारोबार को व्यवस्थित करना था। समिति का कार्यालय स्थानीय कालीबाड़ी बाजार में स्थित है। आरोप है कि बाद के वर्षों में असम सरकार के सहकारिता विभाग की एक अधिसूचना के माध्यम से मुस्लिम माइ?मल समुदाय के सदस्यों को समिति से बाहर कर दिया गया। आरोप यह भी है कि समिति की सदस्यता और संचालन को केवल अनुसूचित हिंदू समुदाय के सदस्यों तक सीमित कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप करीब 700 मुस्लिम मछुआरा सदस्यों की सदस्यता समाप्त हो गई और उनके नाम समिति के रिकॉर्ड तथा मतदाता सूची से भी हटा दिए गए। वर्षों तक जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार प्रभावित सदस्यों में सोनबील के पूर्वी तट पर स्थित देवद्वार, तुलाकोना, छड़ारपार, रंगपुर, शिंगुआ और बालिरबंद सहित विभिन्न गांवों के मछुआरे शामिल हैं। सदस्यता वापस पाने के लिए इन लोगों ने वर्षों तक विधायक, सांसद और मंत्रियों से गुहार लगाई, लेकिन उन्हें कोई स्थायी समाधान नहीं मिल सका। इसके बाद प्रभावित मछुआरों ने न्यायालय की शरण ली। सदस्यता बहाली की मांग को लेकर गौहाटी हाईकोर्ट में डब्ल्यूपी(सी) 5562/2018 दायर की गई। इसी बीच मुस्लिम सदस्यों को शामिल किए बिना समिति के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुनाव की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर चुनाव रोकने की मांग को लेकर डब्ल्यूपी(सी) 545/2020 भी दायर की गई। हाईकोर्ट ने मुख्य मामले के निपटारे तक चुनाव पर रोक लगा दी। इसके बाद वर्ष 2020 से सोनबील फिशरमैन कोऑपरेटिव सोसाइटी का चुनाव नहीं हो सका। हाईकोर्ट ने सरकारी निर्णय किया निरस्त हाल में न्यायमूर्ति संजय कुमार मेधी की अदालत ने मुख्य रिट याचिका डब्ल्यूपी(सी) 5562/2018 पर फैसला सुनाया। फैसले में मुस्लिम मछुआरा सदस्यों को समिति से बाहर किए जाने संबंधी सरकारी निर्णय को निरस्त करते हुए उनकी सदस्यता बहाल करने का निर्देश दिया गया। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को एक महीने के भीतर सभी प्रभावित मुस्लिम सदस्यों को समिति में दोबारा शामिल करने तथा उनके नाम समिति के आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज करने का निर्देश दिया है। आदेश के अनुपालन के लिए संबंधित सरकारी विभाग की ओर से प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। फैसले के बाद गांवों में खुशी हाईकोर्ट के फैसले की जानकारी सामने आने के बाद सोनबील क्षेत्र के मुस्लिम मछुआरा बहुल गांवों में खुशी का माहौल है। समुदाय के लोगों ने इस फैसले को वर्षों से चले आ रहे अधिकारों के संघर्ष में महत्वपूर्ण जीत बताया है। मछुआरा समुदाय के लोगों का कहना है कि लंबे समय तक अपनी सदस्यता और अधिकारों की बहाली के लिए उन्हें प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर प्रयास करना पड़ा।

अंततः न्यायालय के हस्तक्षेप से उनके लिए न्याय का रास्ता खुला है। अधिवक्ता रहीम तालुकदार के प्रति जताया आभार इस लंबी कानूनी लड़ाई में मुस्लिम माइ?मल मछुआरा समुदाय की ओर से गौहाटी हाईकोर्ट में अधिवक्ता रहीम तालुकदार ने पैरवी की। फैसले के बाद समुदाय के प्रमुख लोगों ने अधिवक्ता तालुकदार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्षों से चली आ रही कानूनी लड़ाई में अधिवक्ता रहीम तालुकदार की पैरवी से उन्हें अपने अधिकारों की पुनर्बहाली की दिशा में निर्णायक सफलता मिली है। उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को न्याय और समान अधिकार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# गरीबों की रसोई में एक रुपये में भरपेट भोजन, 27 दिन से लगातार जारी सेवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर- शाहजहांपुर।** युवाओं द्वारा नगर में जरूरतमंद, असहाय और मजदूरों को महज एक रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रारंभ की गईअनूठी पहल को लोगों का लगातार समर्थन मिल रहा है। गरीबों की रसोई' के संचालक संजीव कुमार संघर्षी और प्रद्युम्न द्विवेदी के साथ सहयोगी टीम के सदस्य शोभित राठौर, सूर्यदेव, संजीव कुमार मास्टर साहब, डॉ. अर्पित राठौर, अमन द्विवेदी, शिवा, मोहित, उदय, अवनीश राठौर, मोहित राठौर, कुंवर पाल, आशाराम साहू और रामू ने संयुक्त रूप से गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 29 जुलाई को इसका संचालन प्रारंभ किया था। रसोई में प्रतिदिन बड़ी संख्या में शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले जरूरतमंद लोग भोजन ग्रहण कर रहे हैं। रसोई का संचालन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से करीब तीन बजे तक किया जाता है। यहां मजदूरों, मजबूरों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मात्र एक रुपये में भरपेट भोजन कराया जाता है। सेवा शुरू होने के बाद से लगातार जरूरतमंद लोगों की संख्या बढ़ रही है।

'गरीबों की रसोई' के संचालक संजीव कुमार संघर्षी ने कहना है कि जरूरतमंदों को सम्मान के साथ भोजन उपलब्ध कराना ही इस पहल का उद्देश्य है। उनका कहना है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसी भावना के साथ गरीबों की रसोई की सेवा निरंतर जारी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि तमाम लोग बच्चों के जन्मदिन अथवा अन्य उपलक्ष्य में गरीबों को भोजन कराने के लिए इस मुहिम में जुड़ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत तीन बसों को हरी झंडी

**जालंधर।** पंजाब के रक्षा सेवा कल्याण, स्वतंत्रता सेनानी एवं बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं को पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के लिए 120 फीट रोड से तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य के लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्राओं की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मंत्री ने बताया कि जालंधर से आज तीन बसों को हरिद्वार-ऋषिकेश, खाटू श्याम-सालासर बालाजी और वृंदावन के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था पंजाब सरकार की ओर से की गई है। मोहिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अब तक चार लाख से अधिक श्रद्धालु विभिन्न पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के अधिक से अधिक लोगों को धार्मिक यात्राओं की सुविधा उपलब्ध कराना है।

## एसआईसी हरप्रीत संधू ने पश्चिमी कमान के जीओसी से की शिष्टाचार भेंट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्य सूचना आयुक्त (एसआईसी) हरप्रीत संधू ने चंडीमंदिर स्थित पश्चिमी कमान मुख्यालय में जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह, एवीएसएम, एसएम से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान भारत की समृद्ध सैन्य विरासत, सांस्कृतिक धरोहर और उसके संरक्षण को लेकर सार्थक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान हरप्रीत संधू ने अपनी कलाकृति 'पीकॉक - द ग्लोरी ऑफ इंडिया' भेंट की, जो भारत की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने अपनी कॉफी टेबल पुस्तक 'सुखना लेक एट डॉन' भी जीओसी को भेंट की, जिसमें चंडीगढ़ की स्थापत्य, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत का सुंदर चित्रण किया गया है। इसके साथ ही संधू ने अपनी शोधपरक पुस्तक 'व्हीट फील्ड्स ऑफ पंजाब - द स्पिरिट ऑफ वैसाखी' भी भेंट की। पुस्तक में पंजाब की कृषि परंपरा और भारतीय सेना के भूमि तथा यहां के लोगों के साथ ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंधों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने हरप्रीत संधू को पश्चिमी कमान का प्रतीक चिह्न (इंसिग्निया) भेंट कर सम्मानित किया।

यह भारतीय सेना के साहस, सेवा, समर्पण और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक माना जाता है। दोनों के बीच हुई यह मुलाकात भारत की सैन्य विरासत के संरक्षण, सम्मान और पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक एवं कृषि परंपराओं को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक रही।

# एमआरएसपीटीयू में चार दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न, शोध में एआई के उपयोग पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बठिंडा-** महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एमआरएसपीटीयू), बठिंडा के ज्ञानि जैल सिंह स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग में रिसर्च मेथडोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित चार दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन हो गया। यह कार्यक्रम 21 से 24 अगस्त तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंजाब के विभिन्न सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों, विशेषकर बठिंडा, जालंधर और पटियाला से जुड़े शिक्षकों के शोध कौशल को मजबूत करना तथा अकादमिक एवं शोध कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता और प्रभावी भूमिका पर चर्चा करना था। एफडीपी के दौरान प्रतिभागियों को आर्किटेक्चरल रिसर्च से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें सिस्टमैटिक लिटरेचर रिव्यू, शहरी नियोजन एवं डिजाइन के लिए विश्लेषणात्मक पद्धतियां, केस-स्टडी रिसर्च और रीजेनेरेटिव आर्किटेक्चर जैसे विषय शामिल रहे। कार्यक्रम में एआई के माध्यम से रिपोर्ट और प्रस्तुतियां तैयार करने के तरीकों के साथ-साथ शोध कार्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नैतिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में डॉ. प्रभजोत कौर, डॉ. भूपिंदर पाल सिंह धोट, डॉ. रिपु दमन सिंह, आर्किटेक्ट मीनू चौधरी और आर्किटेक्ट कपिल अरोड़ा सहित विभिन्न विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों ने अपने विचार साझा किए। समापन अवसर पर एमआरएसपीटीयू के कुलपति प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने आर्किटेक्चर शिक्षा में मजबूत शोध संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शोध को केवल अकादमिक दायित्व के रूप में नहीं, बल्कि व्यवस्थित खोज और निर्मित पर्यावरण से जुड़े साक्ष्य-आधारित निष्कर्ष विकसित करने के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने शोध में एआई के जिम्मेदार उपयोग और अकादमिक ईमानदारी बनाए रखने पर भी बल दिया। वैलिडिक्टरी सत्र में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. परमजीत सिंह तथा डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. अमित भाटिया सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने फैकल्टी डेवलपमेंट और शोध उत्कृष्टता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। पॉलिटेक्निक शिक्षकों के लिए आयोजित एफडीपी के समग्र समन्वयक प्रो. अमित भाटिया रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. रिपु दमन सिंह ने किया। फैकल्टी को-कन्वीनर आर्किटेक्ट मिताक्षी शर्मा, आर्किटेक्ट प्रियंका मल्होत्रा, आर्किटेक्ट नियोम हेहर और आर्किटेक्ट करनवीर सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शब्दों की उड़ान, प्रतिभा की पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न साहित्यिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किय जाता है। इसी क्रम में विद्यालय मे एनयूपीपीएल के सतर्कता विभाग के तत्वधान मे कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेज़ी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'झूठ के बिना एक दिन' रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ स्वरचित एवं मौलिक कविताओं का प्रभावशाली पाठ किया। उनकी कविताओं में सत्य, ईमानदारी, पारदर्शिता एवं नैतिक मूल्यों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। स्पष्ट उच्चारण, स्वर के उतार-चढ़ाव, प्रवाहपूर्ण अभिव्यक्ति एवं मंचीय आत्मविश्वास ने प्रस्तुतियों को प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेल्ला कुमार सी, उप महाप्रबंधक (सतर्कता), एनयूपीपीएल; एवं संतोष यादव, प्रबंधक (मानव संसाधन), तथा सुयश श्रीवास्तव, उप कार्यकारी अभियंता (सतर्कता), गणमान्य अथिति के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की तथा निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में निष्पक्ष मूल्यांकन किया। चेल्ला कुमार सी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने विद्यार्थियों के प्रभावशाली काव्य-पाठ एवं रचनात्मक प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को अपनी काव्यात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ भाषाई दक्षता, रचनात्मक चिंतन, वक्तृत्व कौशल एवं मंचीय आत्मविश्वास विकसित करने का सार्थक अवसर प्रदान करने वाली रही।

# 5 करोड़ रुपये मांगने के आरोपों पर घमासान, डॉ. गुरप्रीत कौर ने भेजा कानूनी नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर पर दुष्कर्म के एक मामले को दबाने के लिए कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये मांगने के लगाए गए आरोपों ने विवाद खड़ा कर दिया है। मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पंजाब सरकार और पुलिस से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को आरोपों की जांच कर दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। एनएचआरसी के 21 अगस्त 2026 के आदेश के अनुसार, आयोग के समक्ष लीगल राइट्स ऑब्जर्वेटरी (एलआरओ) की ओर से शिकायत दाखिल की गई थी। शिकायत में दावा किया गया था कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की पत्नी से जुड़े बताए जा रहे दुष्कर्म मामले को प्रभावित करने के लिए पांच करोड़ रुपये की मांग की गई थी। आयोग ने प्रथम दृष्टया माना कि शिकायत में लगाए गए आरोप पीड़िता की गरिमा, सुरक्षा, निष्पक्ष जांच और न्याय पाने के अधिकार से जुड़े गंभीर सवाल उठाते हैं। आयोग ने आरोपों की स्वतंत्र जांच, साक्ष्यों के संरक्षण और जांच को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास को रोकते हुए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।

**एनएचआरसी ने दिए ये निर्देश**

पंजाब के मुख्य सचिव और डीजीपी को दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है।

आरोपों की स्वतंत्र जांच और साक्ष्यों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मामले की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय के महिला सुरक्षा प्रभाग को भेजी गई है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि पंजाब सरकार और पुलिस की रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा।

**डॉ. गुरप्रीत कौर ने आरोपों को बताया बेबुनियाद**

दूसरी ओर, डॉ. गुरप्रीत कौर ने पांच करोड़ रुपये मांगने के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने आरोप लगाने वाले से अपने दावे को साबित करने की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार, डॉ. गुरप्रीत कौर ने संबंधित सेवानिवृत्त न्यायाधीश को कानूनी नोटिस भी भेजा है और जवाब देने के लिए 24 घंटे का समय दिया है।

## पंजाब को एआई का हब बनाया जाएगा, युवाओं को एआई से जोड़ने का लक्ष्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमृतसर।** भारत सरकार के विकसित भारत परियोजना एआई के चेयरमैन गुरपाल सिंह ने अमृतसर जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डिप्टी कमिश्नर दलविंदरजीत सिंह, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) सुरिंदर सिंह तथा जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित कार्यक्रमों की प्रगति और कार्यान्वयन को लेकर चर्चा की। चेयरमैन गुरपाल सिंह ने कहा कि पंजाब को कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। अगले एक वर्ष में कम से कम एक करोड़ युवाओं को एआई से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि एआई बच्चों के भविष्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है और विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी जरूरतों के अनुरूप तैयार करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने 'स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस' कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि इसे जिले के सभी स्कूलों में सुचारु रूप से लागू करने के लिए शिक्षा विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों से कार्यक्रम के क्रियान्वयन की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। चेयरमैन ने बताया कि शिक्षा विभाग को कक्षा छह से 12 तक के सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की जानकारी संबंधित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रमुखों को विभिन्न एआई उपकरणों और उनके उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल एआई उपकरणों का उपयोग करना सिखाना नहीं, बल्कि उन्हें एआई डेवलपर के रूप में तैयार करना है।

# जीसी विश्वविद्यालय में 'नरेंद्र मोदी ए रेयर विजनरी' पुस्तक का भव्य विमोचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** जीसी विश्वविद्यालय, सिलचर के सभागार में आज 25 अगस्त मंगलवार को शिक्षाविद एवं चिंतक डॉ. लक्ष्मी निवास कलवार द्वारा लिखित पुस्तक 'नरेंद्र मोदी–ए रेयर विजनरी' का गरिमामय समारोह में विमोचन किया गया। पुस्तक का अनावरण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. निरंजन रॉय ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों, साहित्यप्रेमियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति रही। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर कुलपति प्रो. निरंजन रॉय ने कहा कि यह पुस्तक केवल जीवनी तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवर्तनकारी नेतृत्व के विभिन्न आयामों को समझने का प्रयास है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारतञ्च2047 के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार के साहित्यिक एवं वैचारिक प्रयास युवाओं को नई दिशा देने में सहायक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का उद्देश्य केवल रोजगार पाने वाले युवाओं को तैयार करना नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाली उद्यमशील मानसिकता विकसित करना भी होना चाहिए। उन्होंने पुस्तक के लिए डॉ. कलवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। लेखक डॉ. लक्ष्मी निवास कलवार ने पुस्तक की विषयवस्तु एवं लेखन-यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, कार्यशैली, निर्णय क्षमता और वैश्विक दृष्टिकोण के विभिन्न पहलुओं को समझने और उन्हें पुस्तक के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पुस्तक का उद्देश्य पाठकों को नेतृत्व एवं समकालीन भारत से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार करने का अवसर प्रदान करना है। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने पुस्तक के प्रकाशन पर लेखक को बधाई देते हुए इसे विचारोत्तेजक प्रयास बताया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. कलवार ने सभी अतिथियों, शुभचिंतकों एवं आयोजन में सहयोग देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। जातीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुति के साथ समारोह का समापन हुआ।

# कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में किया गया ऊर्जा का संचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कांग्रेस पार्टी की कोंच नगर और ब्लॉक इकाई द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम मंगलवार को नगर में पहाड़गांव रोड स्थित कलावती गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती पर चर्चा की और विधानसभा आम चुनाव सन्निकट देख बूथ स्तर पर संगठन खड़ा करने के लिए पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दौसा राजस्थान के सांसद मुरारी लाल मीणा रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी, पूर्व विधायक गरौठा बृजेन्द्र व्यास डमडम महाराज, ब्रजराज अहिरवार, सुनील जैन खजूरिया, महिला विंग की जिलाध्यक्ष शकुंतला तिवारी आदि विशिष्ट अतिथि मौजूद रही। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर ने की। कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस के नगर और ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ताओं के बीच सांसद मुरारी लाल मीणा ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आम जनता के बीच सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक संगठन की मजबूती उसके कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका से तय होती है। कार्यकर्ताओं को जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए संगठन की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करना चाहिए। अन्य नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जा रहा है। इससे पूर्व नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी और ब्लॉक अध्यक्ष,,,, की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने अतिथि नेताओं का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया, उत्साहित कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के खूब नारे लगाए। कार्यक्रम में जिला महासचिव अनिल पटैरया, आजादउद्दीन, जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित, प्रमोद शुक्ला, श्रीनारायण दीक्षित, मो.जाहिद, रामरूप, हाजी नासिर खान, लकी दुबे, कासिम मंसूरी, अखिल वैद, अरुण उपाध्याय, शकील मकरानी, सुल्तान राईन, नृपेंद्र बबेले, चंद्रशेखर कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन रामकिशोर पुरोहित ने किया जबकि आभार राघवेंद्र तिवारी ने व्यक्त किया।

# सिग्नल लाइट पर पॉलीथीन डालकर मोबाइल लूट की साजिश का पर्दाफाश, आरपीएफ ने तीन आरोपित दबोचे

## ट्रेन की गति धीमी कर यात्रियों से मोबाइल लूटने की थी साजिश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जसरा-मदराहा रेलखंड के बीच सिग्नल लाइट को काली पॉलीथीन से ढककर ट्रेनों की गति धीमी कराने और यात्रियों से मोबाइल लूटने की साजिश का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने पर्दाफाश किया है। आरपीएफ नैनी और शंकरगढ़ की संयुक्त टीम ने घटना के 24 घंटे के भीतर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों की पूर्व में केबल काटने की घटनाओं में भी संलिप्तता सामने आई है। जानकारी के अनुसार, 24 अगस्त की रात करीब 12:55 बजे गाड़ी संख्या 17324 के लोको पायलट ने जसरा-मदराहा के बीच सिग्नल संख्या 504-ए के ठीक से दिखाई नहीं देने की सूचना दी। सूचना मिलते ही रेलखंड में तैनात आरपीएफ जवानों के साथ नैनी और शंकरगढ़ से अतिरिक्त अधिकारी व जवान मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि रेलखंड पर दो अप और दो डाउन सिग्नलों की हरी बत्तियों को काली पॉलीथीन से ढक दिया गया था। आरपीएफ के अनुसार, आरोपितों ने सिग्नल की सीढ़ी पर चढ़कर हरी बत्तियों को ढका था। उनकी कथित योजना सिग्नल में बाधा डालकर ट्रेन की गति कम कराने और इसके बाद डंडे या चप्पल से यात्रियों पर हमला कर उनके मोबाइल छीनने की थी।

**24 घंटे में तीन आरोपित गिरफ्तार**

आरपीएफ टीम ने सुरागरसी-पतारसी और मुखबिर की सूचना के आधार पर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान संगीत नाथ (19), पुत्र दीपनाथ, निवासी बारा, प्रयागराज; राजन (21), पुत्र बालक नाथ, निवासी रायबरेली; और माहिल (18), पुत्र महेंद्र नाथ, निवासी बारा, प्रयागराज के रूप में हुई है।

**केबल काटने की घटनाओं में भी संलिप्तता**

पूछताछ के दौरान आरोपितों की पूर्व में केबल काटने की घटनाओं में संलिप्तता भी सामने आई। उनकी स्वीकारोक्ति के आधार पर उन्हें मुकदमा अपराध संख्या 07/2026 और 09/2026 में भी संबद्ध किया गया है। इन मामलों में रेलवे संपत्ति अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में आरपीएफ पोस्ट नैनी पर मुकदमा अपराध संख्या 451/2026 के तहत रेलवे अधिनियम की धारा 153, 174(सी) और 147 में अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरपीएफ की तत्परता से सिग्नल से छेड़छाड़ की घटना का समय रहते पता चल गया, जिससे संभावित रेल हादसे और यात्रियों के साथ लूट की वारदात को टाला जा सका। आरपीएफ प्रयागराज मंडल ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए बल लगातार सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है।

## खेत में तेंदुए का शावक घूमने का वीडियो वायरल होने से ग्रामीणों में दहशत

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** खेत में तेंदुए का शावक घूमने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिससे आस-पास के ग्रामों में रहने वाले ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीण वन विभाग से तेंदुए की निगरानी कर उसे पड़कर जंगल में छुड़वाने की मांग कर रहे हैं। तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई स्थित श्मशानघाट के पास दो दिन पूर्व तेंदुआ दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में पहले से ही दहशत का माहौल है। बताया गया कि तेंदुआ गोवंश पशु का शिकार करने की फिराक में था, लेकिन ग्रामीणों की चहलकदमी के चलते गोवंश पशु बाल-बाल बच गया था। इसी बीच मंगलवार सुबह करीब सात बजे रात के समय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वीडियो में खेत में कुछ जानवर दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि खेत में तेंदुए के शावक घूम रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। ग्रामीण खेतों की ओर जाने से बच रहे हैं और बच्चों को भी अकेले बाहर भेजने में डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और तेंदुए को पड़कर जंगल में छुड़वाने की मांग की है।

# ग्रामीण राइसमिल व फ्लोर मिल की राख और कीड़ों से परेशान

## हाईवे पर जाम लगाकर ग्रामीणों ने जताई नाराज़गी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** राइस मिल व फ्लोर मिल से निकल कर सड़कों व आस-पास के गांव में उड़ने वाली राख तथा कीट पतंगों से ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीणों के सब्र का पैमाना जब छलक गया तो उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया। काफी देर तक हाइवे पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को समझा बूझाकर जाम खुलवा दिया। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर तालुके महाराजपुर स्थित गर्ग रोलर फ्लोर और राइसमिल से उड़ने वाली राख और कीड़ों से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा मंगलवार सुबह 9:40 को फूट पड़ा। रामपुर तालुके महाराजपुर समेत सुआवोझ, कपूर, रानीखेड़ा सहित करीब आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण इस से परेशान हैं। इसी को लेकर ग्रामीणों ने मैगलगंज हाईवे पर जाम लगा दिया। हाईवे पर अचानक जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। ग्रामीणों का आरोप है कि मिल से उड़ने वाली राख और कीड़ों के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर पहले भी संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज ग्रामीण सड़क पर उतर आए। करीब 30 मिनट तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा।जाम की सूचना पर डायल 112 पुलिस के साथ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद किसी तरह जाम खुलवाया जा सका और यातायात सुचारु हुआ। प्रदर्शन में दाताराम वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, रंगीले खान, दीपक वर्मा, शिव कुमार, रविंद्र कुमार, कृष्णपाल, विक्रांत शर्मा प्रधान पति और राकेश शर्मा समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### बूंदीभूड़ गांव में शुरू हुई काली माता की पूजा का 27 अगस्त को होगा समापन

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** बूंदीभूड़ गांव में काली माता की पूजा प्रारंभ हो गई है। आयोजकों द्वारा बताया गया कि पूजा का समापन 27 अगस्त को किया जाएगा। तहसील कलीनगर क्षेत्र के गांव बूंदीभूड़ में काली माता की पूजा-अर्चना का आयोजन मंगलवार सुबह से शुरू हो गया। पूजा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर काली माता की पूजा-अर्चना कर रहे हैं और सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। पूजा के दौरान विधि-विधान से माता का पूजन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि काली माता की पूजा कई वर्षों से आस्था और श्रद्धा के साथ की जाती रही है। आयोजन को लेकर गांव में विशेष तैयारियां की गई हैं। बताया जाता है कि दुर्गा पूजा 27 अगस्त तक चलेगी और इसी दिन धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ग्रामीणों द्वारा व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामलें में एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी किया गिरफ्तार

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को थाना सेहरामऊ पुलिस ने मंगलवार को कुरैया हाल्ट से गिरफ्तार कर लिया। थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान गुरपेज सिंह उर्फ गुरमेज सिंह निवासी ग्राम पिपरा मुजप्ता थाना सेहरामऊ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 22 अगस्त को पीड़िता के परिजन ने थाने में तहरीर देकर आरोपी पर नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट,एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।पुलिस ने साक्ष्य संकलन के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूरनपुर थाने में वर्ष 2025 में तथा न्यूरिया थाने में वर्ष 2026 में भी मुकदमे दर्ज हैं।

### धर्म रक्षा सूत्र बंधन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** धर्म रक्षा सूत्र बंधन कार्यक्रम में भाई ने भाई को और बहनों ने बहनों को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान तमाम जनप्रतिनिधियों सहित भाजपा कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। बुधवार को विकास खंड पूरनपुर के ग्राम खमरिया पट्टी में धर्म रक्षा सूत्र बंधन कार्यक्रम समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा, भारत माता की आरती के उपरांत जिला संयोजक सर्वेश कुमार स्वर्णकार ने धर्म रक्षा सूत्र बंधन के बारे में बताया गया। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर भाई ने भाई को और बहनों ने बहनों को रक्षा सूत्र बांधे। कार्यक्रम में विधायक बाबूराम पासवान, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष गुरभाग सिंह, जिला संयोजक सर्वेश कुमार स्वर्णकार, जिला सह संयोजक सतीश कुमार, खंड माधोटांडा सह संयोजक गंगाराम, पूर्व प्रधान रामनिवास वर्मा के साथ कई सनातनी भाई व बहने उपस्थित थी।

# वृक्षारोपण की शत प्रतिशत जियो टैगिंग पूर्ण करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एवं प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार यादव और मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह के तत्वावधान में मंगलवार को संगम सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा सुरक्षा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने गंगा एवं सहायक नदियों को प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से सभी संबंधित विभागों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक मे कहा कि किसी भी स्थिति में प्रदूषित पानी गंगा तथा उसकी सहायक नदियों में नहीं जाना चाहिए। इसके लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नदी में गिरने वाले सभी नालों की शीघ्र पहचान कर उनकी टैपिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के आदेशों के अनुपालन में जनपद प्रयागराज हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस अवसर पर वायु गुणवत्ता सुधार हेतु संचालित विभिन्न कार्य योजनाओं, वायु गुणवत्ता निगरानी, जन-जागरूकता कार्यक्रमों, हरित क्षेत्र विस्तार एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## श्रावण के चौथे सोमवार को सोमेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नैनी, प्रयागराज।** श्रावण मास के चौथे सोमवार को अरैल, नैनी स्थित प्राचीन एवं पौराणिक सोमेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भोर से ही भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान सोमेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। श्रावण के चौथे सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। सुबह से ही भक्त भगवान शिव के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

# श्री चैतन्य स्कूल के छात्रों अभिज्ञान चौहान एवं अनव सक्सेना ने राज्य स्तरीय शूटिंग में बनाई पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** श्री चैतन्य स्कूल के छात्रों अभिज्ञान चौहान एवं अनव सक्सेना ने खेल के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। दोनों छात्रों ने हाल ही में आयोजित 26वीं यूपी स्कूल स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में प्रतिभाग कर राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा और अर्जित अंकों के आधार पर अभिज्ञान चौहान ने अपनी श्रेणी के राज्य स्तरीय खिलाड़ी के रूप में भी सफ़लता पूर्वक जगह बना ली है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 20 से 23 अगस्त 2026 तक रामाग्या एकेडमी, सेक्टर-51, नोएडा में आयोजित हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से प्रतिभाशाली निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। अभिज्ञान चौहान एवं अनव सक्सेना ने ऐस्ट्रविड शूटिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए नियमित अभ्यास, अनुशासन, एकाग्रता और मेहनत के दम पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी पहचान बनाई। उनकी इस उपलब्धि से श्री चैतन्य स्कूल परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने दोनों छात्रों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता अन्य छात्रों को भी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देती है। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि दोनों छात्र आने वाले समय में भी अपनी मेहनत और लगन से नई ऊँचाइयाँ हासिल करेंगे तथा श्री चैतन्य स्कूल का नाम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। श्री चैतन्य स्कूल परिवार की ओर से अभिज्ञान चौहान एवं अनव सक्सेना को उज्ज्वल भविष्य और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दी गई हैं।

# महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट एवं अन्य गंभीर मामलों में त्वरित निस्तारण करने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनपद में लंबित अभियोजन प्रकरणों, गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों तथा न्यायालयों में लम्बित वादों के सम्बंध में विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में पिछले माह गंभीर अपराधों में कितने बरी हुए तथा कितने में अपील हुई, के संबध में विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त शासकीय अधिवक्ताओं व अभियोजन संवर्ग के अधिकारियों को जघन्य अपराधों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी प्रकरणों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट, मादक पदार्थों से संबंधित प्रकरणों एवं अन्य गंभीर मामलों में त्वरित निस्तारण हेतु प्रभावी पैरवी करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में सम्मन/तामीला नहीं हो रहा है, उन प्रकरणों में अधिक से अधिक सम्मन तामीला कराकर प्रकरण का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये। जिलाधिकारी ने लंबित मामलों के कारणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अभिलेख समय से न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला शासकीय अधिवक्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# थरवई पुलिस ने 981 लीटर अवैध शराब पकड़ी, शराब लदी पिकअप बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थरवई थाना पुलिस ने आबकारी विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए कानपुर-वाराणसी हाईवे पर 981 लीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन को भी कब्जे में लिया है। बरामद शराब कुल 109 पेटियों में रखी हुई थी। पुलिस के अनुसार, 24 अगस्त की रात चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि एक सफेद रंग की पिकअप में अवैध शराब लादकर कानपुर-वाराणसी हाईवे से ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही थरवई पुलिस टीम ने आबकारी विभाग को जानकारी दी और संयुक्त टीम के साथ कटियाही स्थित हाईवे पर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने वाहन को रुकने का संकेत दिया तो चालक पिकअप को चालू हालत में छोड़कर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए हाईवे के नीचे की ओर भाग निकला। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें 109 पेटियों में कुल 981 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से पिकअप वाहन संख्या यूपी 32 केएन 2432 को भी बरामद कर लिया। मामले में थाना थरवई में मुकदमा अपराध संख्या 215/2026 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 60, 63, 72 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

## वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन ने भटकी हुई 8 वर्षीय बालिका को 24 घंटे में पिता से मिलाया

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन ने भटकी हुई बालिका को 24 घंटे के अंदर उसके पिता से मिलवा दिया। थाना जीआरपी द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दी गयी कि एक 8 वर्ष की बालिका स्टेशन पर भटकटी हुई प्राप्त हुई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी एवं जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन निर्वान सिंह के निर्देशन में टीम शिवम शर्मा केस वर्कर व नीतू चौहान सुपरवाइजर चाइल्ड हेल्पलाइन ने तत्काल बालिका को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के आदेश से वन स्टॉप सेंटर पीलीभीत में प्रवेशित कराया गया। तत्पश्चात तृप्ति मिश्रा केंद्र प्रसाशिका द्वारा बच्ची की प्रेमपूर्वक कॉउंसलिंग की गयी। बच्ची द्वारा जो पता बताया गया तो उसके लिए नबाबगंज थाने से समन्वय स्थापित कर बच्ची के पिता को बुलाया एवं बाल कल्याण समिति न्यायपीठ द्वारा बच्ची के पिता को सुपुर्द किया गया। जिस पर बच्ची की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बताया गया कि अब बालिका को जिला बरेली से समन्वय स्थापित करके बाल सेवा योजना से जोड़ा जायेगा।

# मंडलायुक्त ने नालों की सफाई व जल निकासी व्यवस्था का किया निरीक्षण, लापरवाही पर मुख्य अभियंता का वेतन रोकने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, नगर आयुक्त सीलम साई तेजा एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ शहर में जलभराव की स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर नगर निगम एवं संबंधित विभागों द्वारा कराए जा रहे नालों की सिल्ट सफाई, चौड़ीकरण एवं चोक पॉइंट्स को दुरुस्त करने के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति एवं जल निकासी व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य तात्कालिक समाधान तक सीमित न रहें, बल्कि स्थायी एवं प्रभावी जल निकासी व्यवस्था विकसित करने की दिशा में किए जाएं। बालसन चौराहे के दोनों ओर स्थित नालों की सफाई व्यवस्था । पूर्व सांसद श्यामाचरण गुप्ता के आवास के नीचे से गुजर रहे नाले में तत्काल सिल्ट सफाई कराने तथा ड्रेनेज सिस्टम में किसी भी स्थिति में सीवर का पानी न मिलने देने के निर्देश दिए। खुले नालों एवं ऐसे स्थानों, जहां लोगों के गिरने की आशंका हो, वहां जाल लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जवाहर लाल नेहरू रोड पर पार्वती हॉस्पिटल की ओर बने ड्रेन, जो संगम पेट्रोल पंप के सामने तक जाता है, की सफाई कार्यों का निरीक्षण किया कई स्थानों पर सफाई संतोषजनक न मिलने तथा सिल्ट सफाई की गति धीमी पाए जाने पर बकेट मशीन के माध्यम से सफाई कराने और कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए अपेक्षित प्रगति न मिलने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य अभियंता, नगर निगम का वेतन रोकने का निर्देश दिए। कई स्थानों पर कवरिंग खोलकर सिल्ट की सफाई कराने तथा जहां आवश्यक हो, वहां कंक्रीट कवरिंग के स्थान पर जाल लगाने को कहा गया, ताकि भविष्य में मशीनों से ड्रेन की सफाई सुगमता से हो सके। साथ ही, ड्रेन के ऊपर उगे पेड़-पौधों की छंटाई कराने तथा संगम पेट्रोल पंप के सामने आवश्यक स्थानों पर रोड कटिंग कर ड्रेन को नीचे स्थित नाले से जोड़ने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, जिससे जल निकासी निर्बाध बनी रहे भूमिगत ड्रेन के कई स्थानों पर चोक पॉइंट पाए गए। कुछ स्थानों पर जमीन की खुदाई के बावजूद सेक्शन मशीन से सफाई संभव नहीं हो पा रही थी। इस पर पूरे ड्रेन का मैप तैयार कर चोक पॉइंट्स की पहचान करने तथा आवश्यक स्थानों पर सड़क की खुदाई के माध्यम से सफाई के लिए स्थायी पहुंच विकसित करने की व्यवस्था करने को कहा गया। जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त के साथ सिविल लाइंस स्थित एमजी रोड । सुभाष चौराहे से कॉफी हाउस तक दोनों ओर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा सड़क के दोनों ओर बने ड्रेनेज सिस्टम की आवश्यक स्थानों पर कवरिंग खोलकर चोक पॉइंट्स एवं सिल्ट की सफाई कराने को कहा गया। मुख्य मार्ग के कैरिजवे पर वाहनों की पार्किंग से उत्पन्न यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए ट्रैफिक पुलिस को सड़क पर पार्किंग रोकने के निर्देश दिए गए। एमजी रोड को जीरो टॉलरेंस रोड के रूप में विकसित करते हुए मॉडल रोड बनाने पर भी चर्चा की गई। इसके तहत अवैध पार्किंग एवं अनधिकृत वेंडिंग जोन को हटाकर सड़क को व्यवस्थित एवं अतिक्रमणमुक्त करने, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने तथा सड़क एवं आसपास के क्षेत्र का व्यापक सौंदर्यीकरण कराने की कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। इसका उद्देश्य एमजी रोड को शहर की एक व्यवस्थित एवं आदर्श मॉडल रोड के रूप में विकसित करना है।

# इस बार 1501 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाया जायेगा- नाज़िम खान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी ,प्रयागराज।** नैनी मेवा लाल बगिया स्थित समाजसेवी व व्यापारी नेता नाज़िम खान ने बताया कि रबी उल अव्वल शरीफ हमारे पैगम्बर मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे विलादत के मौके पर मनाया जाता है उस दिन आलमे इस्लाम के सभी लोग इस्लामिक तौर तरीके से जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जलसा, नात ख्वानी, मिलाद एवं लंगर करके जश्ने मिलादुन्नबी मनाकर अपनी खुशी व नबी से मोहब्बत का अकीदा पेश करते है।नैनी में सभी आप पास के गाँव के लगभग 1 दर्जन मोहल्लो से जुलुसे मुहम्मदी निकलती है सभी गाँव के जुलूस अरैल मोड़ आकर एकट्ठा होते हैं फिर वहीं से आपने कदिमी रास्ते चकदोंदी से होते हुए मल्हरा फाटक होते हुए स्टेशन रोड होते हुए नैनी बाजार से शंकरढाल होते हुए पुनाः अरैल मोड़ आकर समाप्त हो जाता है। इस दिन का इस्लाम में बहुत महत्व रहता है।इस दिन लोग अपने घरों, मोहल्लो, इलाकों को सजाकर नबी कि नात पढ़ते हुए जुलूसे मोहम्मदी निकालकर अपने रब कि हमदो सना करते हैं भूखों को खाना खिलाते हैं यतीमों कि मदद करते हैं अपने आका कि बताई हुई हर बात पर अमल करते हैं। नाज़िम खान का कहना कि रबी उल अव्वल शरीफ पूरी दुनिया में मनाई जाती है एवं उनका मानना है कि नबी के सदके में उनके टुकड़ो में हम पल रहे हैं।इस मौके पर खान साहब ने कहा कि हमारी हिंदुस्तान कि सरजमीं पर आपसी मोहब्बत व भाई चारा हमेशा कायम रहे व लोगों के दिलों में एक दूसरे के प्रति मोहब्बत व आपसी भाई चारा बना रहे।

# सपा जिला कार्यालय पर मनी सामाजिक न्याय के पुरोधा बी.पी. मण्डल की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सामाजिक न्याय के पुरोधा बी.पी. मण्डल की जयंती पार्टी के जिला कार्यालय कैसरबाग, लखनऊ पर मनाई गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा बी.पी. मण्डल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि समाज के पिछड़े, शोषित, कमजोर, निर्बल वर्ग के हितों के संरक्षण हेतु बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तत्कालीन सांसद श्रद्धेय बी.पी. मण्डल की अध्यक्षता में मण्डल कमीशन का गठन किया गया था। तत्कालीन परिस्थितियों में दबे-कुचले, पिछड़े समाज के उत्थान के लिए मण्डल कमीशन की रिपोर्ट लागू करना आसान नहीं था, ऐसे समय में तत्कालीन प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की सरकार में मुलायम सिंह यादव के अथक प्रयासों से कमीशन की सिफारिशें लागू हो सकी थीं। इस जनहितकारी कदम की कीमत बी0पी0 सिंह को अपनी सरकार गंवा कर चुकानी पड़ी।

इस मौके पर प्रदेश सचिव दिनेश सिंह, विजय सिंह यादव, त्रिवेणी प्रसाद पाल, रंजीत यादव, प्रीती तिवारी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, वरिष्ठ नेता हरिशंकर यादव, भरत यादव, जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, बचान सिंह यादव, अनिल पासी, इब्राहीम मंसूरी, रामप्रकाश यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, चन्द्रशेखर यादव, अजय रावत, दुर्गेश यादव 'सोनू', यशवीर लोधी, डॉ0 सतीश चन्द्र, मयाराम वर्मा, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवकुमार टाइगर, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष संजय यादव, महासचिव रवि वर्मा, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू', अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष हारून अजीज, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेन्द्र थारू, शिक्षक, सभा जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, ममता यादव, जिला सचिव मनोज कुमार यादव, विजय यादव, सत्येन्द्र रावत, अमर सिंह लोधी, फिरोज खान, फारूख प्रधान, ज्ञान प्रकाश लोधी, यादवेन्द्र यादव 'गब्बर', अरूण वाल्मिकी, अनिल वाल्मीकि, राघवेन्द्र यादव, शुभम यादव, दीपक महाकाल, पारस वाल्मीकि, रितेश यादव, सुनील वाल्मीकि एवं लल्लन भाई के साथ दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि समाज के पिछड़े, शोषित, कमजोर, निर्बल वर्ग के हितों के संरक्षण हेतु बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तत्कालीन सांसद श्रद्धेय बी.पी. मण्डल की अध्यक्षता में मण्डल कमीशन का गठन किया गया था। तत्कालीन परिस्थितियों में दबे-कुचले, पिछड़े समाज के उत्थान के लिए मण्डल कमीशन की रिपोर्ट लागू करना आसान नहीं था, ऐसे समय में तत्कालीन प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की सरकार में मुलायम सिंह यादव के अथक प्रयासों से कमीशन की सिफारिशें लागू हो सकी थीं। इस जनहितकारी कदम की कीमत बी0पी0 सिंह को अपनी सरकार गंवा कर चुकानी पड़ी।**

# ऋषि का सद्साहित्य व्यक्ति को स्वस्थ, सुखी जीवन जीने की मार्ग प्रदान करता है:उमानन्द शर्मा

## .....गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान, महात्मा गाँधी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में हुई 470वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत महात्मा गाँधी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, जुनाबगंज, के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 470वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सावित्री शर्मा ने अपनी पुत्री पार्वती शर्मा के स्वस्थ्य जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु ज्ञानदान के रुप में उपरोक्त संस्थान के पुस्तकालय में यह सम्पूर्ण युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भी भेंट की गई। संस्थान के चेयरमैन एवं प्रधानाचार्य को अमृतवाणी कैलेण्डर भेंट किया गया। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य व्यक्ति को स्वस्थ, सुखी जीवन जीने की मार्ग प्रदान करता है। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ0 राजीव पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, सावित्री शर्मा, शशि गंगवार एवं संस्थान के चेयरमैन, प्रधानाचार्य डॉ0 राजीव कुमार पाण्डेय, एनाटॉमी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ0 रमेश कुमार कुमार सिंह, फीजियोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 आशीष जायसवाल, एसोसिएट प्रोफेसर एवं बेसिक प्रिंसिपल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 मन्दाकिनी पी. सिंह सहित संस्थान की शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं इत्यादि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व की रंजिश के चलते नशे में धुत्त महिलाओं ने घर में घुस कर पीटा

**पीजीआई।** राजधानी के पीजीआई थाना क्षेत्र की वृन्दावन योजना में नशे में धुत्त महिलाओं ने पूर्व की परिचित महिला के घर में घुस कर जम कर आतंक फैलाया और मारपीट की।पीड़िता की तहरीर पर पीजीआई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वृन्दावन योजना सेक्टर बारह के ग्रीनवेरी अपार्टमेंट में रहने वाली निशा देवी ने मुकदमा दर्ज कराया है।उनके मुताबिक सोमवार की रात लगभग दस बजे उनकी पूर्व की परिचित छाया अवस्थी अपनी सहयोगी सिंधू,सुधा और रेनू यादव के साथ उनके घर आ धमकी।सभी महिलाएं नशे में धुत थीं और पुरानी किसी बात को लेकर उनसे विवाद करने लगी।देखते ही देखते बात मारपीट तक जा पहुंची।नशे में मदहोश महिलाओं ने उन्हें मारना पीटना शुरू कर दिया।मां को पिटता देख घर में मौजूद बेटा आयुष बचाने आया लेकिन महिलाएं आपे से बाहर थीं।लाख कोशिशों के बाद भी उन्होंने निशा को पीटना बंद नहीं किया।हंगामा होता देख अपार्टमेंट के गार्ड ने पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया।दबंग महिलाएं निशा को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गयीं।पीड़िता के मुताबिक सारी महिलाएं कार से एक साथ आईं थी और सारी वारदात अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयीं है।पीजीआई पुलिस अपार्टमेंट और आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और विवाद की असली वजह तलाशने में जुट गयी है।

### सिविल न्यायालय की निषेधाज्ञा को दरकिनार कर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास व लाखों रुपये की माँग

**लखनऊ।** तहसील सरोजनीनगर के अर्न्तगत चन्द्रावल निवासी इजहार अली पुत्र स्व0 शमशाद अली का गाँव में गाटा सं0-990 रकबा 0.3260 हे0 भूमि जो पैतृक एवं पुश्तैनी है,जिसपर विधिवत काबिज एवं आध्यासित है। उक्त भूमि पर ग्राम के ही मो0अशरफ व अन्य द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जे में मा0 सिविल जज मलिहाबाद के समक्ष पीड़ित द्वारा दायर वाद में अंतरिम निषेधाज्ञा पारित कर थानाध्यक्ष बिजनौर को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था। न्यायालीय संरक्षण को दर किनार कर 05 जुलाई 26 की अर्द्धरात्रि में विपक्षी द्वारा जेसीबी से 20-30 फुट लम्बी दीवार तोड़ दिया, जिसे सीसीटीवी कैमरों ने घटना को कैद किया। जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा घटना का संज्ञान नहीं लिया गया, निडरता से की गयी घटना से बढ़े मनोबल से शनिवार को पुन: गाँव के ही अली अहमद व अरुण रावत तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों का लाव-लश्कर अपने साथ लाकर,पीड़ित पर मा0 न्यायालय के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाते हुए दबाव बनाया कि भूमि पर बनी दीवार हटा दें,पीड़ित ने न्यायालय का आदेश दिखाया, जिसपर अली अहमद व अरुण रावत ने धमकाते हुए कहा कि दीवार आज ही हटेगी,रोक पाओ तो रोक लो, तहसील प्रशासन हमारे साथ है,यदि दीवार बचाना चाहते हो तो 20 लाख रुपये दो,नहीं तो मै रावत (पासी) जाति का हूँ मुझे अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है,एसटीएससी का मुकदमा दर्ज करवाकर जेल भिजवा दूँगा।

# मलिहाबाद में 50 दिन से कीचड़ में नबीनगर, बीडीओ -सचिव गायब!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** मलिहाबाद विकासखंड की ग्राम पंचायत नबीनगर में इन दिनों ग्रामीण नारकीय हालात में जीवन जीने को मजबूर हैं। गांव की अधिकतर गलियां कीचड़ और गंदे पानी से लबालब हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब 50 दिनों से गांव की स्थिति जस की तस बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जलभराव और कीचड़ के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हो रही है। बच्चे इसी कीचड़ और गंदे पानी के बीच से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार गंदगी और जलभराव के चलते गांव में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है और कई लोग स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं। नबीनगर की बदहाल स्थिति से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें गांव की गलियों में भरा गंदा पानी और कीचड़ साफ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वीडियो वायरल होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। स्वतंत्र प्रभात मीडिया के संवाददाता और ग्रामीणों ने मलिहाबाद ब्लॉक परिसर में प्रदर्शन किया और गांव की बदहाल सड़कों तथा जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की। वहीं नबीनगर के भाजपा बूथ अध्यक्ष राकेश मौर्य ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही गांव की समस्या का समाधान नहीं हुआ और सड़कों का निर्माण नहीं कराया गया तो वह ब्लॉक परिसर में आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। उनके इस बयान के बाद प्रशासन के सामने ग्रामीणों की नाराजगी की गंभीरता भी सामने आई है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने ब्लॉक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। ग्रामीणों के मुताबिक बीडीओ कार्यालय के बाहर नोटिस लगा है, जिसमें जनता से मिलने का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत लेकर पहुंचे लोगों को इस दौरान बीडीओ सर्जना शुक्ला कार्यालय में मौजूद नहीं मिलीं। ग्रामीणों के अनुसार उन्हें फोन मिलाने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन भी नहीं उठा। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने एडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन भी नहीं उठा। इसके अलावा ग्राम सचिव जितेंद्र कुमार को लेकर भी ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सचिव अक्सर फोन नहीं उठाते और फोन उठाने पर भी कई बार कथित तौर पर नशे की हालत में बात करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार गांवों में विकास और बेहतर सुविधाओं के दावे करती है, लेकिन नबीनगर की जमीनी तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। उनका आरोप है कि मलिहाबाद ब्लॉक में बैठे कुछ अधिकारी और कर्मचारी कथित रूप से भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं और इसी वजह से ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों और शासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेने, नबीनगर की गलियों से जलभराव और कीचड़ हटाने, क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण कराने तथा गांव की स्थिति की जांच कराकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि करीब 50 दिनों से बदहाल नबीनगर की तस्वीर कब बदलेगी और ग्रामीणों को कीचड़ व गंदे पानी से कब राहत मिलेगी।

# राजधानी में चोरों से अब जानवर भी असुरक्षित,खच्चरों की चोरी ने फैलाई सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीजीआई।** राजधानी के पीजीआई थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है।अभी तक चोर बंद घरों और दो पहिया वाहनों को अपना निशाना बना रहे थे लेकिन थाना क्षेत्र के देव सिंह खेड़ा इलाके से आठ खच्चर चोरी होने की घटना ने पुलिस को हैरत में डाल दिया है। पीड़ित एकनाथ,बबीता और रविनाथ ने पीजीआई पुलिस से शिकायत कर अपने अपने खच्चरों को खोजने की गुहार लगाई है। पीड़ितों के अनुसार बीते रविवार की रात अज्ञात चोरों ने उनके आठ खच्चरों को गायब कर लिया है।चोर खच्चरों को किसी वाहन में भर कर फरार हो गये।पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि पुलिस सोमवार को की गयी शिकायत पर खामोश बैठी है और कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।पीड़ितों के मुताबिक चोरी गये खच्चरों की बाजारू कीमत लगभग आठ लाख रुपये हैं।पुलिस के सुस्त रवैये के चलते पीड़ितों ने स्वयं अपने स्तर पर आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जिसमें कुछ लोग खच्चरों को ले जाते दिखाई दे रहे हैं।

# कूटरचित पासबुक और चेक बुक तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

## .....जावित्री इंस्टीट्यूट के बैंक खाते से पार की थी पचास लाख की रकम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीजीआई।** पीजीआई पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बैंक खाताधारकों के साथ फर्जी पासबुक और चेक बुक तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी के गिरोह का पर्दाफाश किया है। बीती चार जून को जावित्री इंस्टीट्यूट की चेयरमैन ईश त्यागी ने पीजीआई पुलिस से शिकायत की के उनका बैंक अकाउंट एक्सिस बैंक तेलीबाग मे है।उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा जो चेक बुक उन्हें दी गयी थी उन्हें उनके द्वारा स्तेमाल तक नहीं किया गया बावजूद इसके अज्ञात व्यक्ति द्वारा कूटरचित दस्तावेज बना कर उनके अकाउंट से लगभग पचास लाख रूपये निकाल लिये गये हैं।पीजीआई पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए दो टीमों का गठन कर साइबर टीम के साथ मामले की छानबीन पर लगाया। पुलिस टीमों द्वारा टैक्निकल एवं मैनुअल साक्ष्यों व स्थानीय सूचना तंत्र के माध्यम से मंगलवार को अभियुक्त विजय सिंह व उसकी पत्नी अभियुक्ता नेहा सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस की पूछताछ में पति पत्नी ने कबूला अपना जुर्म

पुलिस की सख्ती से की गयी पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि पति पत्नी और उनका सहयोगी आलोक मिश्रा मिलकर धोखाधड़ी एवं कूटरचित काम करते हैं। फर्जी चेक तैयार कर उनमें खाताधारक का खाता संख्या एवं अन्य विवरण कूटरचित तरीके से लिखते है और खाताधारक के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर चैक को बैंक में लगाकर उसके खाते से पैसे निकालते हैं। अलग-अलग खातों से सम्बन्धित एटीएम कार्ड,पासबुक एवं चैकबुक भी पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद की है जिनका इस्तेमाल खातों से पैसे निकालने में किया जाता था।आरोपियों ने खातों से धोखाधड़ी कर धनराशि निकालने के लिए फर्जी कम्पनी भी रजिस्टर्ड करा रखी थी।भोले-भाले एवं आम लोगों को अपना निशाना बना कर उनके कूटरचित हस्ताक्षर एवं फर्जी चेक तैयार कर के बैंक में लगाते थे। इसके बाद उनके बैंक खातों से धनराशि फर्जी कम्पनी के बैंक खातों में भिजवा दिया करते थे और प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते थे।गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में नेहा सिंह और उसका पति विजय सिंह थाना ऊँचाहार जनपद रायबरेली के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10पास बुक,7चेक बुक,6 एटीएम कार्ड,6पेन कार्ड,8 आधार कार्ड,7 कीपैड फोन,दो फर्जी कम्पनी के दस्तावेज और दो जीएसटी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट बरामद किये हैं।

# यूपी के 2021 किरायेदारी कानून के प्रमुख प्रावधान रद्द

## 1972 का कानून जरूरत के अनुसार फिर होगा लागू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के किरायेदारी कानून को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम, 2021 के कई प्रमुख प्रावधानों को रद्द किया। कोर्ट ने किराए में संशोधन, किराया निर्धारण और मकान खाली कराने से जुड़े प्रावधानों को संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से असंगत पाया। जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने 16 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 2021 के कानून की धारा 8, 9 और 10 तथा किराया प्राधिकारी के आदेश से बेदखली से संबंधित प्रावधानों को संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 के विपरीत माना। कोर्ट ने धारा 38 और 42 को भी उस सीमा तक अधिकार से बाहर घोषित किया, जहां वे राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति के बिना प्रांतीय लघु वाद न्यायालय अधिनियम, 1887 और उत्तर प्रदेश सिविल विधि संशोधन अधिनियम, 1972 में निर्धारित प्रक्रिया को बदलने या उस पर प्रभाव डालने का प्रयास करती हैं। हालांकि हाईकोर्ट ने पूरे 2021 के कानून को रद्द नहीं किया। कोर्ट ने अलग किए जा सकने वाले प्रावधानों के सिद्धांत को लागू करते हुए केवल उन्हीं प्रावधानों को हटाया, जो संविधान की व्यवस्था और संसद के मौजूदा कानूनों से सीधे टकराते पाए गए। याचिकाओं में 2021 के कानून की वैधता के साथ-साथ किराया प्राधिकारियों द्वारा किराया तय करने, वसूली और मकान खाली कराने की कार्यवाही को भी चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं की मुख्य दलील थी कि राष्ट्रपति की स्वीकृति के बिना राज्य विधानसभा इस तरह का कानून नहीं बना सकती। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि मकान और भवनों से जुड़े मकान मालिक-किरायेदार संबंध समवर्ती सूची की प्रविष्टि 6 के अंतर्गत आते हैं। पीठ ने कहा कि जब पट्टे की समाप्ति के तरीके संपत्ति अंतरण अधिनियम में निर्धारित हैं, तब 2021 के कानून में उसके अतिरिक्त अलग-अलग तरीके से पट्टा समाप्त करने और बेदखली की व्यवस्था करना दोनों कानूनों के बीच असंगति पैदा करता है। हाईकोर्ट ने मकान मालिक-किरायेदार विवादों के निपटारे के लिए 2021 के कानून में बनाए गए अलग तंत्र पर भी विचार किया। कोर्ट ने कहा कि कानून ने किराया प्राधिकारी और किराया न्यायाधिकरण के रूप में एक विशेष व्यवस्था बनाई, जबकि प्रांतीय लघु वाद न्यायालय अधिनियम और 1972 के सिविल विधि संशोधन अधिनियम के तहत अलग प्रक्रिया निर्धारित है। कोर्ट ने माना कि 2021 का कानून संसद के कानूनों पर प्रभाव डालने की कोशिश करता है। चूंकि संबंधित कानून समवर्ती सूची के विषयों से जुड़े हैं और संसद द्वारा बनाए गए कानूनों को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त है, इसलिए राज्य कानून को उनसे टकराव की स्थिति में लागू रखने के लिए संविधान के अनुच्छेद 254(2) के तहत राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक थी।

**जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने 16 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 2021 के कानून की धारा 8, 9 और 10 तथा किराया प्राधिकारी के आदेश से बेदखली से संबंधित प्रावधानों को संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 के विपरीत माना।**

# विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां, सीतापुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) सकरन परिसर में स्थित शिव मंदिर में सावन माह के पावन अवसर पर विधिवत पूजन-अर्चन एवं दर्शन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से बीएसए गोरखनाथ पटेल, तहसीलदार ए.के. राम, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र पटेल, रविंद्र मिश्रा, विनोद कुमार, राजेश कुमार, गिरीश विश्वकर्मा, मोहम्मद आरिफ एवं मधुकर वर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में प्रसाद वितरण देर तक चलता रहा और उपस्थित लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

# डिप्टी सीएमओ का ताबड़तोड़ छापा, बिना डॉक्टर चल रहा 'एवन डायग्नोस्टिक सेंटर' सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद-सीतापुर।** नगर के बिसवां रोड स्थित 'एवन डायग्नोस्टिक सेंटर' पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में पहुंची टीम को जांच के दौरान केंद्र पर कोई अधिकृत चिकित्सक अथवा पैथोलॉजिस्ट मौजूद नहीं मिला। स्वास्थ्य मानकों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने सेंटर का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। कार्रवाई की खबर फैलते ही आसपास संचालित निजी जांच केंद्रों के संचालकों में भी हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, एवन डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक की ओर से डॉक्टर की तैनाती को लेकर 21 अगस्त को स्वास्थ्य विभाग में प्रार्थना पत्र दिया गया था। इसके बावजूद केंद्र पर योग्य चिकित्सक की नियमित मौजूदगी और आवश्यक मानकों की पूर्ति के बिना जांच कार्य संचालित किए जाने की बात सामने आई। मंगलवार दोपहर डिप्टी सीएमओ टीम के साथ अचानक सेंटर पहुंचे तो वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। टीम ने मौके पर केंद्र की व्यवस्थाओं, चिकित्सकीय स्टाफ तथा आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। निरीक्षण के दौरान न तो अधिकृत डॉक्टर मौजूद मिला और न ही आवश्यक चिकित्सकीय मानकों से संबंधित व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अधिकारियों ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए केंद्र का संचालन तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएमओ ने स्पष्ट किया कि किसी भी निजी जांच केंद्र को योग्य डॉक्टर अथवा अधिकृत पैथोलॉजिस्ट की निगरानी, आवश्यक दस्तावेजों और निर्धारित मानकों के बिना मरीजों की जांच करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने केंद्र संचालक को निर्देश दिया कि विभागीय नियमों की पूरी तरह से पूर्ति और विधिवत अनुमति मिलने के बाद ही सेंटर का संचालन शुरू किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से महमूदाबाद क्षेत्र में बिना पर्याप्त मानकों के संचालित हो रहे निजी स्वास्थ्य एवं जांच केंद्रों के संचालकों में खलबली मच गई है। विभाग ने संकेत दिया है कि क्षेत्र में संचालित अन्य निजी स्वास्थ्य केंद्रों की भी जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित केंद्रों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।